संस्थापक : श्रद्धेय राकेश भारद्वाज | समूह संपादक : रवि भारद्वाज | नई दिल्ली, गुरूवार, 05 सितंबर 2024 ₹ 2 | www.actionindialive.com | facebook.com/actionindialive

राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक
# एक्शन इंडिया

DL(N) /145/2021-23 | वर्ष: 18 अंक: 246 पृष्ठ: 12 | RNI : DELHIN/2006/19302

actionindianews@gmail.com | राष्ट्रीय संस्करण | दिल्ली - हरियाणा - हिमाचल प्रदेश - उत्तराखण्ड

RKB GROUP Rakesh Bhardwaj Group



69000 शिक्षक भर्ती के अभ्यर्थियों का अपनी मांगों को लेकर धरना प्रदर्शन जारी है। अभ्यर्थियों ने भाजपा प्रदेश अध्यक्ष भूपेंद्र चौधरी के आवास के बाहर प्रदर्शन किया।

### आदर्श विचार



"कोई भी अपने कर्म से भाग नहीं सकता, कर्म का फल तो भुगतना ही पड़ता हैं। - भगवत गीता"

### मन की बात



"सब कुछ खोने से ज्यादा बुरा उस उम्मीद को खो देना जिसके भरोसे हम सब कुछ वापस पा सकते हैं।
-स्वामी विवेकानंद"

## राहुल गांधी का रामबन की रैली में बड़ा वादा, कहा
# जे&के को राज्य का दर्जा देंगे

● देश में दो विचारधाराओं के बीच चल रही लड़ाई, जम्मू-कश्मीर के लोगों का हक छीना जा रहा: कांग्रेस नेता राहुल

**चुनावी शंखनाद**

▶▶ म इस जम्मू-कश्मीर को राज्य का दर्जा वापस दिलाना सुनिश्चित करेंगे, भले ही भाजपा चाहे या नहीं




**टीम एक्शन इंडिया**
**जम्मू:** नेता प्रतिपक्ष और कांग्रेस के पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष राहुल गांधी ने बुधवार को जम्मू-कश्मीर में अपनी पार्टी के चुनाव अभियान की शुरूआत कर दी। इस दौरान उन्होंने रामबान जिले के गुल सिंगल दान में चुनावी रैली को संबोधित करते हुए लोगों को आश्वासन दिया कि उनकी पार्टी इंडिया ब्लॉक सहयोगियों की मदद से केंद्र शासित प्रदेश जम्मू-कश्मीर को फिर राज्य का दर्जा दिलाएंगे।

**'दो विचारधाराओं के बीच है लड़ाई'**

राहुल गांधी ने कहा कि हम इस जम्मू-कश्मीर को राज्य का दर्जा वापस दिलाना सुनिश्चित करेंगे, भले ही भाजपा चाहे या नहीं। हम इंडिया गठबंधन के बैनर तले सरकार पर राज्य का दर्जा बहाल करने के लिए दबाव डालेंगे। नेता प्रतिपक्ष ने कहा कि भाजपा और आरएसएस के लोग पूरे देश में नफरत और हिंसा फैला रहे हैं। देश में दो विचारधाराओं के बीच लड़ाई है एक तरफ भाजपा और आरएसएस के लोग नफरत फैला रहे हैं तो दूसरी तरफ हम मोहब्बत सम्मान और इज्जत की बात करते हैं।

**'नफरत का जवाब मोहब्बत से दिया जाता है'**

राहुल गांधी ने कहा कि हमने नारा दिया है कि नफरत की बाजार में मोहब्बत की दुकान खोलनी है। हम लोगों को जोड़ते हैं और वह लोगों को तोड़ते हैं। नफरत का जवाब नफरत से नहीं दिया जा सकता, नफरत का जवाब मोहब्बत से ही दिया जा सकता है। उन्होंने कहा कि देश में पहली बार जम्मू कश्मीर राज्य का दर्जा छीनकर केंद्र शासित प्रदेश बनाया गया। देश में तेलंगाना, छत्तीसगढ़ सहित कई प्रदेश बने हैं लेकिन इतिहास में यह पहली बार हुआ है कि जम्मू कश्मीर से राज्य का दर्जा छीनकर उसे केंद्र शासित प्रदेश बना दिया गया हो।

### 'चुनाव से पहले राज्य का दर्जा देना चाहते थे'

राहुल गांधी ने कहा कि जम्मू-कश्मीर के लोगों का हक छीना गया है। हमें सबसे पहले जम्मू कश्मीर का राज्य का दर्जा वापस देना है। उन्होंने कहा कि सिर्फ आपका अधिकार ही नहीं धन भी छीना गया है। जम्मू कश्मीर के लोगों का धन बाहरी प्रदेशों के लोगों को दिया जा रहा है। बाहरी प्रदेश के लोगों को ठेके दिए जा रहे हैं, कॉन्ट्रैक्ट दिया जा रहा है।

हमारा पहला कदम जम्मू कश्मीर का राज्य का दर्जा बहाल करना होगा। हमने मांग की थी कि चुनाव से पहले राज्य का दर्जा बहाल किया जाए लेकिन भाजपा नहीं मानी भाजपा पहले चुनाव करवा रही है लेकिन हम आश्वासन देते हैं कि जम्मू कश्मीर का राज्य का दर्जा बहाल करवा कर रहेंगे।

### अंबानी-अडानी चला रहे सरकार: राहुल

राहुल गांधी ने कहा कि जम्मू कश्मीर में बिजली के प्रोजेक्ट चल रहे हैं लेकिन इसका फायदा यहां के लोगों को नहीं मिल रहा है। उन्होंने यह भी आरोप लगाया कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी देश में बेरोजगारी फैला रहे हैं। उन्होंने कहा कि मुझे कहा गया कि संसद में अडानी-अंबानी का नाम नहीं लेना है तो मैंने अ1 और अ2 लिख दिया। 'हम दो और हमारे दो' के फार्मूले के तहत मोदी-अमित शाह और अंबानी-अडानी सरकार चला रहे हैं।

## भारत विस्तारवाद की नीति का समर्थन नहीं करता: मोदी



**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली:** ब्रुनेई के दौरे पर गए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने बुधवार को सुल्तान हाजी हसनल बोल्किया से द्विपक्षीय मुलाकात की। पीएम ने कहा कि राजनयिक संबंधों के 40 साल पूरे होने का जश्न मना रहे दोनों देशों के बीच दोस्ती का आधार महान सांस्कृतिक परंपरा है। इसी बीच पीएम ने इशारों-इशारों में चीन को भी खरी-खरी सुनाई।

**एक्ट ईस्ट नीति में ब्रुनेई महत्वपूर्ण भागीदार:** पीएम मोदी ने आगे कहा कि भारत की एक्ट ईस्ट नीति और इंडो-पैसिफिक विजन में ब्रुनेई एक महत्वपूर्ण भागीदार है, जो हमारे लिए उज्ज्वल भविष्य की गारंटी है। हम एक-दूसरे की भावनाओं का सम्मान करते हैं। मेरा दृढ़ विश्वास है कि मेरी यात्रा और हमारी चर्चाएं आने वाले समय के लिए हमारे संबंधों को एक रणनीतिक दिशा प्रदान करेंगी।

**चीन को कड़ा संदेश:** पीएम ने चीन को इशारों-इशारों में कड़ा संदेश दिया। मोदी ने कहा कि भारत विस्तारवाद की नहीं, विकास की नीति का समर्थन करता है, हालांकि उन्होंने किसी देश का नाम नहीं लिया। बता दें कि ब्रुनेई दक्षिण चीन सागर के दक्षिण में स्थित है, जिस पर लगभग पूरी तरह से बीजिंग का दावा है। मोदी ने यह भी कहा कि भारत संयुक्त राष्ट्र समुद्री कानून सम्मेलन के समान अंतरराष्ट्रीय कानूनों के तहत नेविगेशन और ओवरफ्लाइट की स्वतंत्रता का समर्थन करता है।

### पीएम ने स्वागत के लिए जताया आभार

**पीएम** मोदी ने अपने संबोधन में कहा, मैं आपके और पूरे शाही परिवार के प्रति आपके गर्मजोशी भरे स्वागत और आतिथ्य के लिए हार्दिक आभार व्यक्त करता हूं। मैं 140 करोड़ भारतीयों की ओर से स्वतंत्रता की 40वीं वर्षगांठ पर आपको और ब्रुनेई के लोगों को शुभकामनाएं देता हूं।

**रक्षा, व्यापार और निवेश पर चर्चा:** विदेश मंत्रालय ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी और ब्रुनेई के सुल्तान हाजी हसनल बोल्किया ने सार्थक चर्चा की।

## 'इस्राइल को हथियारों और अन्य सैन्य उपकरणों की आपूर्ति रोके केंद्र', याचिका दायर

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली:** सुप्रीम कोर्ट में एक जनहित याचिका दायर की गई है। इसमें केंद्र सरकार को यह निर्देश देने की मांग की गई है कि वह गाजा में संघर्ष में शामिल इस्राइल को हथियारों और अन्य सैन्य उपकरणों की आपूर्ति रोक दे। दरअसल, सुप्रीम कोर्ट में एक जनहित याचिका दाखिल कर केंद्र को यह निर्देश देने का अनुरोध किया गया है कि वह इस्राइल को हथियार और अन्य सैन्य उपकरण निर्यात करने वाली भारतीय कंपनियों के लाइसेंस रद्द करे और नए लाइसेंस नहीं दे। वकील प्रशांत भूषण के माध्यम से जनहित याचिका दायर की गई है। इसमें रक्षा मंत्रालय को पक्षकार बनाया गया है। याचिका मे कहा गया है कि भारत विभिन्न अंतरराष्ट्रीय कानूनों और संधियों से बंधा हुआ है, जो भारत को युद्ध अपराधों के दोषी देशों को सैन्य हथियार नहीं देने के लिए बाध्य करते हैं, क्योंकि किसी भी निर्यात का उपयोग अंतरराष्ट्रीय मानवाधिकार कानून के गंभीर उल्लंघन के लिए किया जा सकता हैं।

## क्या राजनीति में होगी बजरंग-विनेश की एंट्री?

**सस्पेंस बरकरार**

▶▶ चुनाव लड़ने की अटकलों के बीच राहुल से मिले, रेसलर विनेश-बजरंग कांग्रेस में शामिल हो रहे, कांग्रेस ने इस बात पर चुप्पी साध रखी है




**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली:** पहलवान बजरंग पुनिया और विनेश फोगाट ने बुधवार को पूर्व कांग्रेस अध्यक्ष राहुल गांधी से मुलाकात की। मुलाकात ऐसे वक्त हुई, जब अटकलें लगाई जा रही हैं कि दोनों स्टार पहलवान राजनीति में उतर सकते हैं। दोनों को कांग्रेस हरियाणा विधानसभा चुनाव में टिकट दे सकती है। हालांकि, कांग्रेस ने इस बात पर चुप्पी साध रखी है कि पुनिया और फोगाट को चुनावी दंगल में उतारा जा सकता है या नहीं? एआईसीसी महासचिव और हरियाणा प्रभारी दीपक बाबरिया ने मंगलवार को कहा कि गुरुवार तक स्थिति साफ हो सकती है। सूत्रों के मुताबिक, विनेश और बजरंग पुनिया कांग्रेस के टिकट पर हरियाणा विधानसभा चुनाव लड़ सकते हैं।

राहुल से मिलने के बाद वे दिल्ली में कांग्रेस महासचिव संगठन केसी वेणुगोपाल से मुलाकात कर रहे हैं। कांग्रेस ने अपने आधिकारिक एक्स हैंडल पर विनेश फोगट और बजरंग पुनिया के साथ राहुल गांधी की एक तस्वीर पोस्ट की। पुनिया और फोगट पूर्व भाजपा सांसद और तत्कालीन भारतीय कुश्ती महासंघ के प्रमुख बृज भूषण शरण सिंह के खिलाफ 2023 में यौन उत्पीड़न के आरोपों के विरोध में प्रदर्शन का हिस्सा थे। कांग्रेस की केंद्रीय चुनाव समिति ने मंगलवार तक 90 में से 66 सीटों के लिए उम्मीदवारों के नामों को मंजूरी दे दी है। हालांकि, नामों का एलान अब तक नहीं किया गया है।

उम्मीद है कि कांग्रेस के उम्मीदवारों की सूची एक-दो दिन में जारी हो सकती है। हरियाणा की 90 विधानसभा सीटों पर 5 अक्तूबर को मतदान होगा और मतों की गिनती 8 अक्तूबर को होगी।

## नगालैंड में भारी बारिश और भूस्खलन से तबाही

**कोहिमा:** नगालैंड के चुमौकेदिमा जिले में भारी बारिश के कारण कई मकान और राष्ट्रीय राजमार्ग-29 का बड़ा हिस्सा क्षतिग्रस्त हो गया। हादसे में एक व्यक्ति की मौत हो गई और कई अन्य लापता बताए जा रहे हैं। मूसलाधार बारिश के कारण अचानक आई बाढ़ में सड़क के किनारे स्थित मकान क्षतिग्रस्त हो गए।

## राष्ट्रपति ने दिल्ली के एलजी की शक्तियां बढ़ाई



**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली:** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने दिल्ली के उपराज्यपाल (एलजी) की शक्तियां बढ़ा दी हैं। अब एलजी राजधानी में अथॉरिटी, बोर्ड, कमीशन या वैधानिक निकाय का गठन कर सकेंगे। इसके अलावा वे इन सभी बॉडीज में मेंबर्स की नियुक्ति भी कर सकेंगे। इससे पहले यह अधिकार दिल्ली सरकार के पास थे। गृह मंत्रालय ने मंगलवार (3 सितंबर) देर रात एलजी की शक्तियां बढ़ाने से जुड़ा नोटिफिकेशन जारी किया। मंत्रालय ने बताया कि यह फैसला राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र दिल्ली सरकार अधिनियम, 1991 के तहत लिया गया है। एलजी की पावर बढ़ते ही पीठासीन अधिकारी नियुक्त किए गए केंद्र सरकार के हस्तक्षेप के बाद दिल्ली नगर निगम (एमसीडी) की 12 वार्ड समितियों के चुनाव आज ही होंगे। उपराज्यपाल वीके सक्सेना के निर्देश पर एमसीडी के आयुक्त अश्वनी कुमार ने सभी वार्ड समितियों के चुनाव कराने के लिए पीठासीन अधिकारी नियुक्त कर दिए। उन्होंने एमसीडी के सभी जोन के उपायुक्तों को पीठासीन अधिकारी बनाया है। इससे पहले मेयर शैली ओबेरॉय ने वार्ड समितियों की चुनाव प्रक्रिया पर सवाल उठाते हुए पीठासीन अधिकारी नियुक्त करने से इनकार कर दिया था। इस बीच केंद्र सरकार ने उपराज्यपाल को पीठासीन अधिकारी नियुक्त करने का अधिकार दे दिया।

## वायनाड भूस्खलन: पीड़ितों के लिए राहुल ने एक महीने का वेतन दान में दिया

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली:** लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने वायनाड भूस्खलन पीड़ितों के लिए अपने एक महीने का वेतन (2.3 लाख रुपये) केरल प्रदेश कांग्रेस कमेटी (केपीसीसी) को दान कर दिया। केपीसीसी के महासचिव एम. लिजू ने बताया कि राहुल गांधी ने कहा था कि पार्टी 30 जुलाई को वायनाड भूस्खलन में बेघर हुए लोगों के लिए 100 घर बनाएगी। इसके लिए कांग्रेस की राज्य इकाई धनराशि जमा कर रहे हैं।

**वित्तीय अनुशासन** राजनीतिक लाभ के लिए की जाने वाली घोषणाओं का चुनाव में नहीं होता फायदा

## हिमाचल में अब कर्मचारियों को वेतन 5 को और पेंशन 10 को मिलेगी




**टीम एक्शन इंडिया**
**चमन शर्मा**
**शिमला:** हिमाचल प्रदेश में कर्मचारियों को इस माह वेतन 5 सितंबर को, जबकि पेंशनरों को पेंशन 10 सितंबर को मिलेगी। मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू ने गत दिवस को विधानसभा में एक विशेष वक्तव्य के माध्यम से यह घोषणा की। उन्होंने कहा कि प्रदेश में यह व्यवस्था परिवर्तन वित्तीय अनुशासन लाने के लिए किया गया है और इससे सरकार को हर माह तीन करोड़ रुपए तथा साल में 36 करोड़ रुपए की बचत होगी। उन्होंने यह भी कहा कि प्रदेश में वित्तीय अनुशासन लाने और वित्तीय स्थिति में सुधार तथा राज्य को 2027 तक आत्मनिर्भर बनाने और 2032 तक समृद्ध राज्य बनाने के लिए भविष्य में भी कड़े कदम उठाए जाएंगे। मुख्यमंत्री ने कहा कि वेतन का यह भुगतान बोर्डों और निगमों के कर्मचारियों और पेंशनरों पर लागू नहीं होगा क्योंकि वे अपने संसाधनों से इस खर्च को पूरा करते हैं। हालांकि, सरकार कर्मचारियों द्वारा लिए गए ऋ णों की ईएमआई का समय पर भुगतान करने की दलीलों पर विचार करेंगे। उन्होंने कहा कि वेतन व पेंशन के भुगतान को स्थगित करने से सरकार को मासिक 3 करोड़ रुपये तथा ऋ ण पर ब्याज के रूप में चुकाए जा रहे 36 करोड़ रुपये की बचत होगी। उन्होंने कहा कि राजकोषीय अनुशासन के तहत व्यय को राजस्व के साथ जोडने का प्रयास किया जा रहा है, ताकि ऋण पर ब्याज के रूप में चुकाए जा रहे धन को बचाया जा सके। मुख्यमंत्री ने कहा कि सरकार वेतन पर मासिक 1200 करोड़ रुपये तथा पेंशन पर 800 करोड़ रुपये खर्च करती है। इसलिए हमें इसके लिए हर माह 2000 करोड़ रुपये की जरूरत है। सुक्खू ने कहा कि वेतन व पेंशन के भुगतान में देरी का कारण यह है कि सरकार वेतन व पेंशन के भुगतान के लिए हर माह लिए जाने वाले ऋण पर ब्याज की राशि बचाना चाहती है।

**ऐलान**

▶▶ प्रदेश में यह व्यवस्था परिवर्तन वित्तीय अनुशासन लाने के लिए किया गया है : सीएम


समाज कल्याण विभाग
राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र, दिल्ली सरकार
एम. एस. ओ. बिल्डिंग, सातवां तल, आई पी एस्टेट, आई. टी. ओ., दिल्ली-110002

सार्वजनिक सूचना

समाज कल्याण विभाग द्वारा चलाई जा रही वृद्धावस्था आर्थिक सहायता (पेंशन) योजना के 60-69 आयु वर्ग के अनुसूचित जाति/जनजाति/ अल्पसंख्यक वर्ग के लाभार्थी कृपया ध्यान दें ।



- क्या आप दिल्ली सरकार द्वारा चलाई जा रही वृद्धावस्था आर्थिक सहायता (पेंशन) योजना के 60-69 आयु वर्ग के लाभार्थियों में से एक हैं ?
- और, क्या आप अनुसूचित जाति /जनजाति या अल्पसंख्यक वर्ग से हैं ?
- और, क्या आप को केवल 2000/-रुपए प्रतिमाह की सहायता राशि ही प्राप्त हो रही है ? यदि हाँ, तो आपको सूचित किया जाता है कि आप जल्द से जल्द किसी भी कार्य-दिवस (सोमवार से शनिवार प्रातः 10:00 बजे से दोपहर 2:00 बजे के बीच) में अपने संबंधित जिला समाज कल्याण कार्यालय में व्यक्तिगत रूप से उपस्थित हों व अपने जाति/वर्ग संबंधी प्रमाण पत्र का मूल दिखायें और साथ ही उनकी प्रतिलिपि जमा करायें, ताकि आप 500/-रुपए प्रतिमाह की अतिरिक्त सहायता राशि प्राप्त कर सकें ।
- लाभार्थी किसी भी प्रकार की शिकायत या पत्राचार ईमेल scstdsw@gmail.com के माध्यम से कर सकते है ।

संपर्क करें: जिला समाज कल्याण कार्यालय
(किसी भी कार्य दिवस पर प्रातः 10.00 बजे से दोपहर 02.00 बजे तक)

| जिले का नाम | जिला कार्यालय का पता | मोबाइल नंबर |
|---|---|---|
| नई दिल्ली | टाईप-IV स्टाफ क्वार्टर, मूक एवं बधिर विद्यालय परिसर, फिरोजशाह कोटला स्टेडियम के पीछे, दिल्ली गेट, नई दिल्ली-110002 | 9289550126 |
| मध्य | टाईप-IV स्टाफ क्वार्टर, मूक एवं बधिर विद्यालय परिसर, फिरोजशाह कोटला स्टेडियम के पीछे, दिल्ली गेट, नई दिल्ली-110002 | 9289550125 |
| उत्तर | 20-21, गुलाबी बाग, शॅपिंग कॉम्प्लेक्स निकट सुपर बाजार, गुलाबी बाग, दिल्ली-110007 | 9289550131 |
| उत्तर-पश्चिम-1 | एन0पी0एस0 परिसर (विश्राम चौक,पेट्रोल पम्प के नजदीक, सैक्टर-4, रोहिणी, दिल्ली- 110085 | 9289550132 |
| उत्तर-पश्चिम-2 | एन0पी0एस0 परिसर (विश्राम चौक,पेट्रोल पम्प के नजदीक, सैक्टर-4, रोहिणी, दिल्ली- 110085 | 9289550133 |
| उत्तर-पूर्व | संस्कार आश्रम निकट जीटीबी अस्पताल, दिलशाद गार्डन, नई दिल्ली-110093 | 9289550130 |
| पूर्व | सिलाई-कढाई केन्द्र, 10 ब्लॉक (शमशान घाट पुस्ता के नजदीक), गीता कॉलोनी , नई दिल्ली-110031 | 9289550129 |
| दक्षिण | कस्तूरबा निकेतन परिसर (निकट जल विहार टर्मिनल), लाजपत नगर-2, नई दिल्ली-110024 | 9289550127 |
| पश्चिम | टीसीपीसी, सन्तपुरा गुरूद्वारा के पीछे (निकट पंजाब एण्ड सिन्ध बैंक), तिलक नगर, नई दिल्ली- 110018 | 9289550134 |
| दक्षिण-पश्चिम | (विधान सभा सं० - 36, 38, 44, 45)- सी-23-24, उद्योग सदन (कुतुब होटल के पीछे), कुतुब औद्योगिक क्षेत्र, नई दिल्ली- 110067 (विधान सभा सं0- 32, 33, 34, 35, 37)- कैम्प ऑफिस , एसडीएम ऑफिस परिसर, तूडा मण्डी, नजफगढ, नई दिल्ली-110043 | 9289550128 |

समाज कल्याण विभाग, राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र, दिल्ली सरकार

DIP/Shabdarth/0017/24-25

# गाजियाबाद में 'पहले आओ-पहले पाओ' स्कीम में धड़ाधड़ बिके 127 फ्लैट

**टीम एक्शन इंडिया**

**गाजियाबाद।** करीब एक दशक से गाजियाबाद विकास प्राधिकरण (जीडीए) की विभिन्न योजनाओं के फ्लैट खरीदारों की बाट जोह रहे थे। स्वतंत्रता दिवस पर 'पहले आओ-पहले पाओ' योजना के बाद इनमें 127 फ्लैट की बिक्री हुई है, जिससे जीडीए को 30 करोड़ रुपये की आय हुई है। जीडीए की पांच महत्वपूर्ण योजनाओं के अलग-अलग साइज के 1500 से अधिक फ्लैट खाली पड़े हैं। मंडलायुक्त की अध्यक्षता में मेरठ में आयोजित बोर्ड बैठक में इन योजनाओं के फ्लैट की कीमत वित्तीय वर्ष 2024-25 में भी ज्यों की त्यों रखने का प्रस्ताव पर सहमति बनी।



**योजना का लाभ**

स्वतंत्रता दिवस पर 'पहले आओ-पहले पाओ' योजना के बाद इनमें 127 फ्लैट की बिक्री हुई है

# भूतेश्वर स्टेशन के रिनोवेशन में भारी अनियमितता

**टीम एक्शन इंडिया**

**मथुरा:** भारत सरकार की स्वर्णिम परियोजना अमृत भारत स्टेशन योजना के तहत भूतेश्वर स्टेशन का नवीनीकरण भी शामिल किया गया क्योंकि श्री कृष्ण जन्मभूमि महज 200 मीटर दूरी पर स्थित है लेकिन फि भी भूतेश्वर स्टेशन का नवीनीकरण भी भ्रष्टाचार की भेंट चढ़ गया जिससे निर्माण में बाहरी अनियमितता बरती गई। मिली जानकारी के अनुसार अमृत भारत स्टेशन योजना के तहत भूतेश्वर स्टेशन पर भी रेनोवेशन का कार्य चल रहा है जिसमें पार्किंग , प्रवेश द्वार, टाइल्स पत्थर लगाने का काम चल रहा है यह कार्य गति शक्ति रेलवे की कार्यदायी संस्था है जो तेज प्रकाश अग्रवाल उपमा प्रबंधक रेलवे आगरा के अधीन कार्य करती है लेकिन अनियमितता महाप्रबंधक और उपमहाप्रबंधक के निरीक्षण के बाबजूद बदस्तूर जारी है जिसमें बिना प्लास्टर हटाए टाइल्स मोटे पत्थर लगाए जा रहे हैं और बजरी का उपयोग ना करके रेत का प्रयोग किया जा रहा है।




## पुलिस मुठभेड़ में गिरफ्तार बदमाश के पास से लूट के छह मोबाइल बरामद

**टीम एक्शन इंडिया**

**नोएडा:** सेक्टर-63 पुलिस कोतवाली ने बुधवार तड़के मुठभेड़ में बहलोलपुर अंडरपास के पास सर्विस रोड से एक बदमाश को गिरफ्तार किया गया है। आरोपित की पहचान संत कबीर नगर के दीपक राय के रूप में हुई है। आरोपित के कब्जे से लूट के छह मोबाइल, दिल्ली से चोरी बाइक, तमंचा, कारतूस बरामद किया है।

**पुलिस टीम पर बदमाश ने की फायरिंग :** कोतवाली पुलिस का कहना है कि बहलोलपुर अंडरपास के पास सर्विस रोड से सटे हुए ग्रीन बेल्ट के पास पुलिस बुधवार सुबह तड़के मौजूद थी। इस दौरान एक बाइक सवार संदिग्ध आता दिखाई दिया। मौके पर मौजूद पुलिसकर्मियों ने उससे रोकना का इशारा किया। लेकिन बदमाश द्वारा पुलिस टीम पर जान से मारने की नियत से फायर कर भागने लगा। पुलिस की जवाबी कार्रवाई में बदमाश के पैर में गोली लगी, जिससे वह घायल हो गया। आरोपित को इलाज के लिए जिला अस्पताल भेजा गया है। आरोपित शातिर अंतरराज्यीय चोर, मोबाइल स्नैचर है। आरोपित के खिलाफ दिल्ली में 20 और नोएडा में 10 आपराधिक मुकदमे दर्ज हैं।

**बरामद मोबाइल में एक मोबाइल पत्रकार का शामिल:** आरोपित के कब्जे से बरामद मोबाइल में एक मोबाइल पत्रकार का है जिसे आरोपित ने सेक्टर-62 मेट्रो स्टेशन के पास से छीना था। जिसके संबंध में सेक्टर-63 कोतवाली में एफआईआर पंजीकृत है। आरोपित से बरामद अन्य मोबाइल फोन के संबंध में भी जानकारी की जा रही है।

## मोटरसाईकिल चोरी के दो आरोपी गिरफ़्तार

**टीम एक्शन इंडिया**

**पीलीबंगा।** पुलिस ने मोटरसाइकिल चोरी के मामले में दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। छब्बीस अगस्त की रात्रि को गांव के आश्रम के पास उसने मोटरसाइकिल खड़ी थी,जिसे चोरी कर लिया गया।

### उत्तर मध्य रेलवे

निविदा सूचना संः एनसीआर-एसएण्डटी-इपीसी-कवच-बीटीएसआर-डीएचओ **दिनांकः** 31.07.2024

**शुद्धिपत्र सं.-1**

**कार्य का नामः**- उत्तर मध्य रेलवे के आगरा मंडल के भूतेश्वर (सहित)-धौलपुर (सहित) खंड पर रीढ़ की हड्डी के रूप में टावर और 4x48 फाइबर ओएफसी के साथ कवच (ट्रेन टक्कर बचाव प्रणाली) का प्रावधान।

उपर्युक्त निविदा सं. के लिये शुद्धिपत्र-1 जारी किया गया है। विस्तृत जानकारी के लिये **www.ireps.gov.in** साईट का अवलोकन करें। **1370/24(A)**

North central railways | @CPRONCR

### भारतीय रेल

**"सार्वजनिक अधिसूचना"**

रेलवे लाइनों और परिसर के सभी उपयोगकर्ताओं को एतद्वारा सूचना दी जाती है कि उत्तर रेलवे के निम्नलिखित खंड पर 25 के.वी., 50 हर्टज, ए.सी. शिरोपरी कर्षण तारों को खंड के सामने निर्दिष्ट तिथि पर या उसके बाद विद्युतीकृत किया जाएगा। उस तारीख और उसी तारीख से शिरोपरी कर्षण तारों को हर समय विद्युतीकृत माना जाएगा और कोई भी अनाधिकृत व्यक्ति उक्त शिरोपरी कर्षण तारों के पास न तो पहुंचेगा और न ही काम करेगा।

| खंड | TKM (दिनांक) |
|---|---|
| उत्तर रेलवे मुरादाबाद मंडल के मेवा नवादा स्टेशन की अप लूप लाइन स्थान 1434/1 (चः 1434/7.50) से स्थान 1435/11 (चः 1435/280.50) व डाउन लूप लाइन स्थान 1433/30 (चः 1433/968.50) से स्थान 1435/12 (चः 1435/280.50) तक जिसमें संबंधित टर्न आउट और X-ओवर शामिल हैं और मौजूदा लाइनों में संशोधन | 2.585 (20.09.2024) |

**No. 17-Elect/C/TRD/MB/124 Dated 03.09.2024**

भारतीय रेल

25 के.वी. ए.सी. कर्षण का परिचय

"सड़क उपयोगकर्ताओं को चेतावनी"

जनता की जानकारी के लिए यह सूचित किया जाता है कि 25 kV AC इलेक्ट्रिक ट्रैक्शन ओवर शुरू करने के संबंध में **"उत्तर रेलवे मुरादाबाद मंडल के मेवा नवादा स्टेशन की अप लूप लाइन स्थान 1434/1 (चः 1434/7.50) से स्थान 1435/11 (चः 1435/280.50) व डाउन लूप लाइन स्थान 1433/30 (चः 1433/968.50) से स्थान 1435/12 (चः 1435/280.50) तक जिसमें संबंधित टर्न आउट और X-ओवर शामिल हैं और मौजूदा लाइनों में संशोधन"** हाइट गेज सभी लेवल क्रासिंग पर लगाये है, जो सड़क की ऊंचाई से **4.78 मीटर** की अधिकतम ऊँचाई पर स्पष्ट ऊंचाई के साथ है, अत्यधिक ऊंचाई के भार को संपर्क में आने या लाइव ट्रैक्शन वायर से खतरनाक निकटता को रोकने के उद्देश्य से।

सार्वजनिक रूप से वाहनों को लोड करने के उद्देश्य के लिए ऊपर निर्दिष्ट ऊँचाई का निरीक्षण करने के लिए सूचित किया गया है और यह देखने के लिए कि सड़क वाहनों में किए गए भार किसी भी परिस्थिति में ऊँचाई गेज का उल्लंघन नहीं करते हैं।

अत्यधिक ऊंचाई के भार के खतरे इस प्रकार हैं: –

i) ऊंचाई गेज के लिए खतरा और परिणामस्वरूप सड़क के साथ–साथ रेलवे लाइन में बाधा।

ii) सामग्री या उपकरण या वाहन के लिए खतरा।

iii) सुचालक के साथ संपर्क या खतरनाक निकटता के कारण आग का खतरा और जीवन का जोखिम।

उप मुख्य विद्युत अभियन्ता/निर्माण,
उ.रे., मुरादाबाद

2740/24

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

### उत्तर रेलवे

**ई–निविदा सूचना**

वरिष्ठ मंडल वि. अभि./क.वि., डी.आर.एम. ऑफिस, स्टेट एंट्री रोड, नई दिल्ली भारत के राष्ट्रपति की ओर से निम्न कार्य हेतु खुली निविदायें आमंत्रित करते हैं।

| | | | |
|---|---|---|---|
| कार्य का नाम व स्थान | दिल्ली मुख्य स्टेशन पर मौजूदा वॉशिंग लाइन संख्या 18, 19, 20 और 21 के विद्युतीकरण के साथ 25 केवी एसी ओएचई का डिजाइन, आपूर्ति, स्थापना, परीक्षण और कमीशनिंग। | | |
| अनुमानित लागत | ₹1,20,25,793.71 | बयाना राशि | ₹2,10,100/- |
| ई–निविदा ऑनलाइन जमा करने की अवधि | 17.09.2024 (10:30 बजे) से 01.10.2024 (15:00 बजे तक) | | |
| ई–निविदा समापन की अंतिम तथा ई–निविदा खुलने की तारीख और समय | 01.10.2024 (15:00 बजे) | | |
| वेबसाइट विवरण जहां निविदा दस्तावेजों का पूरा विवरण देखा जा सकता है | www.ireps.gov.in | | |

निविदा सं.: 15C-क.वि.–नई दिल्ली–2024–25 दिनांक: 03.09.2024 2751/2024

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

### अभियुक्त की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा

**धारा 82 Cr.P.C. देखिए**

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त **शमीम पुत्रः** अली हसन, **पताः** मकान संख्या सी–36, द्वितीय तल, गली नंबर 5, चौहान बांगर जाफराबाद दिल्ली, ने Case **FIR No-12042/2019 U/s 379/482/411 IPC थानाः वेलकम, उत्तर पूर्व जिला दिल्ली,** के अधीन दण्डनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उसने किया है), और उस पर जारी किए गए गिरफ्तारी के वारण्ट को यह लिख कर लौटा दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **शमीम,** मिल नहीं रहा हैं और मुझे समाधानप्रद रूप में दर्शित कर दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **शमीम,** फरार हो गया है (या उक्त वारण्ट की तामील से बचने के लिए अपने आप को छिपा रहा हैं)।

इसलिए इसके द्वारा उद्घोषणा की जाती है कि **FIR No-12042/2019 U/s 379/482/411 IPC थानाः वेलकम, उत्तर पूर्व जिला दिल्ली,** के अधीन दण्डनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उसने किया है), और उस के उक्त अभियुक्त **शमीम,** से अपेक्षा की जाती है कि वे इस न्यायालय के समक्ष (या मेरे समक्ष) उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए दिनांक **09.10.2024** को या इससे पहल हाजिर हो।

आदेशानुसार
श्री अरिदमन सिंह चीमा
एमएम–03 शाहदरा कोर्ट नंबर 19
कड़कड़डूमा कोर्ट दिल्ली

DP/11542/NE/2024
(Court Matter)

### अभियुक्त की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा

**धारा 82 Cr.P.C. देखिए**

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त **अजय पुत्रः** दिनेश **पताः** पंडित का मकान, मकान नंबर जी–213, गली नंबर 3, पंजाबी कॉलोनी, नरेला, दिल्ली, ने Case **FIR No. 207/2024 U/s 302/394/397/411/120B/34 IPC थानाः नरेला औद्योगिक क्षेत्र दिल्ली,** के अधीन दण्डनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उसने किया है), और उस पर जारी किए गए गिरफ्तारी के वारण्ट को यह लिख कर लौटा दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **अजय,** मिल नहीं रहा हैं और मुझे समाधानप्रद रूप में दर्शित कर दिया गया हैं कि उक्त अभियुक्त **अजय,** फरार हो गया है (या उक्त वारण्ट की तामील से बचने के लिए अपने आप को छिपा रहा हैं)।

इसलिए इसके द्वारा उद्घोषणा की जाती है कि **FIR No. 207/2024 U/s 302/394/397/411/120B/34 IPC थानाः नरेला औद्योगिक क्षेत्र दिल्ली,** के उक्त अभियुक्त **अजय,** से अपेक्षा की जाती है कि वे इस न्यायालय के समक्ष (या मेरे समक्ष) उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए दिनांक **07.11.2024** को या इससे पहले हाजिर हो।

आदेशानुसार
सुश्री ज्योति नैन,
जेएमएफसी–7, कमरा नं. 06
रोहिणी कोर्ट, दिल्ली

DP/11399/ON/2024
(Court Matter)

### अभियुक्त व्यक्ति की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा

**धारा 82 सीआरपीसी देखिए**

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त **मनिष यादव** पुत्र **नबी चन्द्रा** निवासी **1–बी/466, शिकोहाबाद, फिरोजाबाद, उत्तर प्रदेश एवं ए–40, मेन रोड, 100 फुटा रोड, बाबरपुर, कबीर नगर, दिल्ली** ने case **CC No. 297/19 U/s 138 NI Act, थाना भजनपुरा, दिल्ली** के अधीन दण्डनीय अपराध किया है (या संदेह है उन्होनें किया है) और उन पर जारी किये गये गिरफ्तारी के वारंट को यह लिखकर लौटा दिया है कि उक्त **मनिष यादव** मिल नहीं रहा है और मुझे समाधानप्रद रूप में दर्शित कर दिया गया है कि उक्त **मनिष यादव** फरार हो गया है (या उक्त वारंट की तामील से बचने के लिए अपने आप को छिपा रहा है।)

इसलिए इसके द्वारा उद्घोषणा की जाती है case **CC No. 297/19 U/s 138 NI Act, थाना भजनपुरा, दिल्ली** के उक्त अभियुक्त **मनिष यादव** से अपेक्षा की जाती है कि वह इस न्यायालय के समक्ष (या मेरे समक्ष) उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए **दिनांक 06.11.2024** को या उससे पूर्व हाज़िर हो।

आदेशानुसार
श्री पंकज राय
महानगर दंडाधिकारी
कमरा नं. 73, उत्तरी पूर्वी जिला
कड़कड़डूमा कोर्ट, दिल्ली

DP/10564/NE/2024(Court Matter)

### उत्तर मध्य रेलवे

**निविदा सूचना सं.:** 8120242025 **दिनांकः** 29.08.2024

**ई-टेण्डरिंग निविदा सूचना**

मण्डल रेल प्रबन्धक/इंजीनियरिंग/उत्तर मध्य रेलवे, प्रयागराज द्वारा भारत के राष्ट्रपति के लिये एंव उनकी ओर से निम्नलिखित निर्धारित कार्य के लिये ई-निविदाएँ निर्धारित प्रपत्र पर **दिनांक 25.09.2024** को **13.30 बजे** तक आमंत्रित की जाती है। कार्य का विवरण निम्न प्रकार है:-

| क्र. सं. | निविदा सं. | कार्यों का विवरण |
|---|---|---|
| 1. | 186 | वरिष्ठ मंडल अभियंता/ द्वितीय के अधीन प्रयागराज कानपुर सेक्शन में थ्रू रेल नवीनीकरण - प्राथमिक (टी.आर.आर.-पी) का कार्य। |
| | | **अनुमानित मूल्य (रू.):** ₹ 2,70,25,927.88 — **बयाने की रकम (रू.):** ₹ 2,85,100.00 |
| | | **कार्य समापन की अवधिः** 10 (दस) माह — **निविदा खुलने की तिथिः 25.09.2024** |
| | | **सिमिलर वर्क के लिये न्यूनतम वांछनीय आधारः** कोई भी पी-वे का कार्य। |
| 2. | 187 | वरिष्ठ मंडल अभियंता/ द्वितीय के अधीन प्रयागराज कानपुर सेक्शन में पी-वे मटेरियल की आपूर्ति सहित ठेकेदार के स्वयं के पी.क्यू.आर. एस. पोर्टल द्वारा थ्रू स्लीपर नवीनीकरण - प्राथमिक (टी.एस.आर.-पी) का कार्य। |
| | | **अनुमानित मूल्य (रू.):** ₹ 43,14,68,353.69 — **बयाने की रकम (रू.):** ₹ 23,07,400.00 |
| | | **कार्य समापन की अवधिः** 10 (दस) माह — **निविदा खुलने की तिथिः 25.09.2024** |
| | | **सिमिलर वर्क के लिये न्यूनतम वांछनीय आधारः** पी-वे मटेरियल की आपूर्ति सहित या रहित कोई भी पी-वे का कार्य * |

***नोट-1:-** क्रमॉक संख्या-2 के लियेः (केवल पी0क्यू0आर0एस0 की निविदा सं0 187 के लिये) : सिमिलर वर्क के लिये न्यूनतम वांछनीय आधार : पी- वे मटेरियल की आपूर्ति सहित या रहित कोई भी पी- वे का कार्य। निविदा में विशेष शर्त के साथ :- **(1)** निविदाकार/बोलीदाता ट्रैफिक ब्लाक के दौरान रनिंग ट्रैक में काम करने के लिये न्यूनतम 02 पी0क्यू0आर0एस0/एस0क्यू0आर0एस0/टी0एल0ई0 मशीनों और पी0क्यू0आर0एस0 डिपो में काम करने के लिये 02 गैन्ट्री के स्वामित्व का शपथ पत्र प्रस्तुत करना होगा। **(2)** निविदाकार/बोलीदाता को पी0एस0 सी0 स्लीपर निर्माता के साथ समस्त प्रकार के पी0एस0 सी0 स्लीपरों की आपूर्ति हेतु एम0 ओ0 यू0 प्रस्तुत करना होगा।

**नोट-2:-** **(1)** ई - निविदा प्रपत्र सभी निविदादाताओं को निःशुल्क निर्गत किये जायेंगे। **(2)** उपर्युक्त ई-निविदा का पूर्ण विवरण निविदा प्रपत्र सहित वेबसाइट **www.ireps.gov.in** पर **समय 13:30 बजे** तक निविदा खुलने की निर्धारित **तिथि 25.09.2024** तक उपलब्ध है। **(3)** उपर्युक्त निविदा मे ई-बिड के अलावा किसी अन्य रूप में बिड स्वीकार नहीं की जायेगी। इस प्रयोजन हेतु वेन्डरों को चाहिये कि वे अपने आपको I. T. Act-2000 के अन्तर्गत C.C.A. द्वारा जारी डिजिटल हस्ताक्षर प्रमाणपत्र के साथ IREPS की वेबसाइट पर पंजीकृत करायें। **(4)** निविदा की दरें केवल डिजिटल हस्ताक्षरित फाइनेन्सियल रेट पेज पर ही विचारणीय हैं। दरें तथा अन्य वित्तीय प्रभार अन्य किसी भी फार्म/लेटरहेड पर यदि संलग्न है तो उस पर विचार नहीं किया जायेगा तथा सीधी तौर पर अमान्य कर दिया जायेगा। **(5)** निविदादाता अपनी निविदा के साथ निर्धारित प्रोफार्मा पर एक प्रमाण-पत्र, जैसा निविदा प्रपत्र में उल्लिखित है, प्रस्तुत करेंगे, जिसके अभाव में उनकी निविदा अविचारणीय होगी तथा निरस्त कर दी जायेगी। **(6)** माल एवं/अथवा सेवाओं के सप्लायर/ठेकेदार समय-समय पर निर्धारित जी. एस. टी. एक्ट तथा नियमों के अन्तर्गत होंगें। **(7)** संलग्न किये जाने वाले सभी प्रपत्र निविदाकर्ता द्वारा हस्ताक्षरित होने चाहिये। **(8)** निविदा सूचना को उत्तर मध्य रेलवे की वेबसाइट **www.ncr.indianrailways.gov.in.** पर भी अपलोड कर दिया गया है। **(9)** बयाने की राशि केवल नेटबैंकिंग अथवा गेटवे भुगतान के रूप में ही स्वीकार की जायेगी। **(10)** किसी भी प्रकार की तकनीकी समस्या के समाधान के लिये IREPS की वेबसाइट की हेल्प लाइन से सम्पर्क किया जा सकता है। **(11)** आनलाइन निविदा निविदा खुलने की **तिथि 25.09.2024** को **समय** 13:30 बजे तक प्रस्तुत की जा सकती है। **(12)** निविदादाता को जी.सी.सी. 2022 भाग । के पैरा 10 से 18 के अनुपालन में उल्लिखित आवश्यक दस्तावेजों को निविदा के साथ अनिवार्य रूप से संलग्न करना है अथवा उनकी निविदा अपूर्ण मानी जायेगी एवं तदनुसार अविचारणीय होगी। **1546/24(A)**

North central railways | @CPRONCR | www.ncr.indianrailways.gov.in

### विशेष रेलगाड़ियों के परिचालन अवधि में विस्तार

दुर्गा पूजा/दीपावली/छठ पूजा त्योहार–2024 के दौरान रेलयात्रियों की संख्या में वृद्धि को ध्यान में रखते हुए रेलवे द्वारा निम्नलिखित विशेष रेलगाड़ियों की परिचालन अवधि को बढ़ाने का निर्णय लिया गया है इनका विवरण निम्नानुसार है :–

| रेलगाड़ी संख्या | से | तक | प्रस्थान के दिन | पूर्व अधिसूचित | विस्तारित अवधि से | विस्तारित अवधि तक |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 05636 | गुवाहाटी | श्री गंगानगर जं. | बुध | 25.09.24 | 02.10.24 | 27.11.24 |
| 05635 | श्री गंगानगर जं. | गुवाहाटी | रवि | 29.09.24 | 06.10.24 | 01.12.24 |
| 02525 | कामाख्या जं. | आनन्द विहार (ट) | शुक्र | 06.09.24 | 13.09.24 | 29.11.24 |
| 02526 | आनन्द विहार (ट) | कामाख्या जं. | रवि | 08.09.24 | 15.09.24 | 01.12.24 |
| 05671 | गुवाहाटी | आनन्द विहार (ट) | बुध | 04.09.24 | 11.09.24 | 27.11.24 |
| 05672 | आनन्द विहार (ट) | गुवाहाटी | शुक्र | 06.09.24 | 13.09.24 | 29.11.24 |
| 05734 | कटिहार जं. | अमृतसर जं. | वीर | 12.09.24 | 19.09.24 | 28.11.24 |
| 05733 | अमृतसर जं. | कटिहार जं. | शनि | 14.09.24 | 21.09.24 | 30.11.24 |

**रेलगाड़ी संख्या 01079/01080 का संशोधित परिचालन अवधि**

रेलगाड़ी संख्या 01079/01080 संशोधित परिचालन अवधि के साथ चलेगी, जिसका विवरण निम्नुसार है :–

| रेलगाड़ी संख्या | से | तक | प्रस्थान के दिन | पूर्व अधिसूचित तिथि | संशोधित तिथि |
|---|---|---|---|---|---|
| 01079 | छत्रपति शिवाजी (ट) मुंबई | गोरखपुर जं. | प्रतिदिन | 25.10.24 से 07.11.24 | 22.10.24 से 11.11.24 |
| 01080 | गोरखपुर जं. | छत्रपति शिवाजी (ट) मुंबई | प्रतिदिन | 27.10.24 से 09.11.24 | 24.10.24 से 13.11.24 |

* अन्य विवरण पूर्ववत रहेंगे।

विस्तृत जानकारी के लिए कृपया रेलमदद हेल्पलाइन नं. 139 डायल करें अथवा रेलगाड़ी पूछताछ वेबसाइट www.enquiry.indianrail.gov.in देखें।

रेलमदद वेबसाइट : www.railmadad.indianrailways.gov.in देखें एवं रेलमदद ऐप डाउनलोड करें।

2752/2024 पर हमें फॉलो करें | रेलमदद हेल्पलाइन नं. 139 | उत्तर रेलवे | हमें www.nr.indianrailways.gov.in पर मिलें

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

## 10 लाख लोगों का कट जाएगा राशन कार्ड से नाम

**गाजियाबाद।** जिले में मुफ्त राशन का लाभ ले रहे 20 लाख से अधिक लोगों में से 10.58 लाख लोगों ने राशन कार्ड से अपना ई–केवाइसी कराया है। लोगों ने अब तक ई–केवाइसी नहीं कराया है।


# एक्शन इंडिया

**(राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक)**

समाचार पत्र में वर्गीकृत, अदालती सूचना, पासपोर्ट में नाम परिवर्तन, खोया-पाया, नाम परिवर्तन, नाम सुधार, बेदखली सूचना, मजहब परिवर्तन, बैंक नोटिस सहित सभी प्रकार की सूचना एवं विज्ञापन प्रकाशित कराने के लिए सम्पर्क करें :-

**एक्शन इंडिया मीडिया हाउस**

शक्ति कॉम्प्लेक्स, 6/18, समयपुर इंडस्ट्रियल एरिया, दिल्ली-110042

संपर्क सूत्रः 8447314925, 9999889104

विज्ञापनों के लिये भारत सरकार सहित दिल्ली सरकार, हरियाणा सरकार, उत्तराखंड सरकार, उत्तर प्रदेश सरकार, हिमाचल प्रदेश सरकार, राजस्थान सरकार सहित सभी सरकारी विभागों द्वारा मान्यता प्राप्त।


# क्लासीफाइड

## टूर एण्ड ट्रैवल्स

**कैनेडा-ऑस्ट्रेलिया** फ्री वीजा, रहना, खाना, 2 साल का वर्क परमिट। कमाएं 3 लाख महीना। कोई पैसा ना वीजा से पहले ना बाद में। चाहिए हेल्पर, कारपेंटर, मेसन, वैल्डर, प्लम्बर, ड्राइवर, ऑपरेटर, स्टोरकीपर, वेटर, सुपरवाईजर, मैनेजर, कुक इत्यादि। सरकारी रजिस्टर्ड कंपनी से ही अप्लाई करें।
**फोन : 73476708**

**वर्क वीजा** कैनेडा, ऑस्ट्रेलिया, कंस्ट्रक्शन/स्टोर/आईटी कंपनियों में जरूरत :
स्टोर कीपर, कम्प्यूटर आपरेटर, फूड पैकर, ड्राईवर, इलेक्ट्रीशियन, प्लम्बर, सिक्योरिटी, गार्ड, वेटर, कुक, नो एडवांस, रहना, खाना, टिकट, बीमा फ्री। एजेंट्स वैलकम। **रूद्राश 9815119633, 9855577523**

**कैनेडा-ऑस्ट्रेलिया** 3 साल का वीजा, फ्री रहना, खाना और टिकट कम्पनी देगी। सैलरी 2 से 3 लाख महीना। हैल्पर, कारपेन्टर, मैसन, प्लम्बर, ड्राईवर, कुक, वेटर, आपरेटर, सुपरवाईजर इत्यादि चाहिये। रजिस्टर्ड कम्पनी से ही अप्लाई करें।
**फोन : 7087033731**

**कनाडा, ऑस्ट्रेलिया**, दुबई, कुवैत, सऊदी, रशिया, सिंगापुर, में पढ़े-लिखे और अनपढ़ कारीगरों और हैल्पर की भारी जरूरत। वीजा के पैसे सैलरी से कटवाएं। फोन : 7710404041

## खोया-पाया

मैं श्वेता पाठक, पुत्री श्री प्रशांत कुमार शर्मा, मकान नं. 62 गांव पोशंगीपुर, जनकपुरी, नई दिल्ली-110058 की निवासी हूं। त्रुटिवश मेरी 10वीं की मार्कशीट महावीर नगर में कही खो गई है, जिसका अनुक्रमांक नंबर 0122362 है। जिस किसी को मिले कृप्या उपरोक्त पते पर संपर्क करे।

## बेदखली सूचना

**मैं** सुरेश पुत्र संजय सिंह बी1, तिलक नगर का निवासी हूं। मेरा पुत्र रमेश कुमार शादीशुदा है व उसकी पत्नी का नाम महिमा है। दोनों अपनी मनमानी करते है व परिवार में दिन-रात झगड़ा करते हैं। वहीं मेरी पुत्रवधू महिमा दहेज उत्पीड़न के केस में फंसाने की धमकी देती है। जिस कारण पूरा परिवार परेशान है। मैं अपने पुत्र व उसकी पत्नी को अपनी चल-अचल संपित्त से बेदखल करता हूं। भविष्य में उनसे जो भी संबंध रखेगा या लेन-देन करेगा वो खुद जिम्मेवार होगा। मेरे या मेरे परिवार की कोई जिम्मेदारी नहीं होगी। २

## बेदखली सूचना

**मैं** महेश कुमार पुत्र शनि सिंह बी1, मंगोलपुरी का निवासी हूं। मेरा पुत्र महेश कुमार शादीशुदा है व उसकी पत्नी का नाम सीमा है। दोनों अपनी मनमानी करते है व परिवार में दिन-रात झगड़ा करते हैं। वहीं मेरी पुत्रवधू सीमा दहेज उत्पीड़न के केस में फंसाने की धमकी देती है। जिस कारण पूरा परिवार परेशान है।

## बेदखली सूचना

**मैं** सतीश शाह पुत्र मनीष शाह सी2 , पटेल नगर का निवासी हूं। मेरा पुत्र संचित शाह शादीशुदा है व उसकी पत्नी का नाम मनोरमा शाह है। दोनों अपनी मनमानी करते है व परिवार में दिन-रात झगड़ा करते हैं। वहीं मेरी पुत्रवधू मनोरमा शाह दहेज उत्पीड़न के केस में फंसाने की धमकी देती है। जिस कारण पूरा परिवार परेशान है। मैं अपने पुत्र व उसकी पत्नी को अपनी चल-अचल संपित्त से बेदखल करता हूं। भविष्य में उनसे जो भी संबंध रखेगा या लेन-देन करेगा वो खुद जिम्मेवार होगा। मेरे या मेरे परिवार की कोई जिम्मेदारी नहीं होगी।

## बेदखली सूचना

मैं दयशंकर पुत्र राम सिंह बी1, जनकपुरी का निवासी हूं। मेरा पुत्र राजू सिंह शादीशुदा है व उसकी पत्नी का नाम पूजा है। दोनों अपनी मनमानी करते है व परिवार में दिन-रात झगड़ा करते हैं। वहीं मेरी पुत्रवधू महिमा दहेज उत्पीड़न के केस में फंसाने की धमकी देती है। जिस कारण पूरा परिवार परेशान है। मैं अपने पुत्र व उसकी पत्नी को अपनी चल-अचल संपित्त से बेदखल करता हूं। भविष्य में उनसे जो भी संबंध रखेगा या लेन-देन करेगा वो खुद जिम्मेवार होगा। मेरे या मेरे परिवार की कोई जिम्मेदारी नहीं होगी। २

## बेदखली सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे मुवक्किल श्री उदय प्रदाप पुत्र स्व. श्री मजोल लाल व चंदा पत्नी श्री मजोल लाल, निवासी- नंगली जालिब, जनकपुरी, बी-1 ब्लॉक , नई दिल्ली-58 के पुत्र राधेश्याम व उसकी पत्नी रमावती को उनके व्यवहार ठीक नहीं होने के कारण दिनांक 16-01-2015 को बेदखल कर दिया था लेकिन अब उनके व्यवहार मेरे मुवक्किल के प्रति अच्छे हो गये हैं। अब उनसे अपने सभी प्रकार के संबंध अपना लिए हैं तथा अब उपरोक्त दोनों उनके समस्त चल व अचल सम्पत्ति में हकदार होंगे और भविष्य में अब दोनों मेरे मुवक्किल के साथ रहेगें। अब उन दोनों से मेरे मुवक्किल को कोई शिकायत नहीं है।

## खोया-पाया

मैं राधा सचदेवा, पुत्री श्री संजय सचदेवा, मकान नं. 62 गांव पोशंगीपुर, जनकपुरी, नई दिल्ली-110058 की निवासी हूं। त्रुटिवश मेरी 10वीं की मार्कशीट महावीर नगर में कही खो गई है, जिसका अनुक्रमांक नंबर 0224532 है। जिस किसी को मिले कृप्या उपरोक्त पते पर संपर्क करे।

Punjab Land of Unlimited Opportunities

# हमारे टीचर्स बनाएंगे, इंडिया को No.1

## शिक्षक दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं









## पंजाब शिक्षा प्रणाली की प्रमुख उपलब्धियाँ

- शिक्षकों को विशेष प्रशिक्षण के लिए सिंगापुर और फ़िनलैंड भेजा गया
- 12,710 शिक्षकों की नौकरी पक्की और वेतन में 2 से 4 गुना बढ़ोतरी
- 118 नए स्कूल ऑफ़ एमिनेंस की शुरुआत
- हज़ारों बच्चों का रुझान प्राइवेट स्कूल से सरकारी स्कूलों की ओर बढ़ा
- बड़े स्तर पर सरकारी यूनिवर्सिटी और स्कूलों में दाखिले

"माता-पिता के बाद शिक्षक को एक व्यक्ति के जीवन का अहम हिस्सा माना जाता है। शिक्षक दिवस के शुभ अवसर पर मैं देश और समाज का निर्माण करने वाले सभी शिक्षकों को नमन करता हूँ। इस पर्व पर सभी शिक्षकों को मेरी शुभकामनाएं।"

**भगवंत सिंह मान**
मुख्यमंत्री, पंजाब



सूचना एवं लोक संपर्क विभाग, पंजाब

# गैर जाट की राजनीति को मात देना चाहते हैं राहुल गांधी

**गठबंधन की पहल**

**सत्ता विरोधी वोट का बंटवारा रोकने के लिए आम आदमी पार्टी से गठबंधन की पहल की**





**टीम एक्शन इंडिया**

**चंडीगढ़:** कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने हरियाणा में भाजपा की गैर जाट की राजनीति का तोड़ निकालने और सत्ता विरोधी वोट का बंटवारा रोकने के लिए आम आदमी पार्टी से गठबंधन की पहल की है। सूत्रों के मुताबिक आम आदमी पार्टी 10 सीटें मांग रही है। वहीं कांग्रेस ने 7 सीटों का प्रस्ताव दिया है। लेकिन आप की दलील है कि लोकसभा में उन्हें एक सीट मिली थी, जिसमें 9 विधानसभा सीट थीं। ऐसे में उनका 10 सीटों का दावा मजबूत है। पार्टी का कहना है कि कांग्रेस नेताओं के साथ कुछ दौर की बातचीत हुई है। आप ने स्पष्ट किया है कि गठबंधन पर आखिरी फैसला अरविंद केजरीवाल लेंगे। राजनीतिक विश्लेषकों का कहना है कि कांग्रेस ने भाजपा की गैर जाट राजनीति का तोड़ निकाला है कि कांग्रेस भी अकेले जाट वोट बैंक पर निर्भर नहीं रहेगी। कांग्रेस सत्ता विरोधी वोटों का आम आदमी पार्टी के साथ बिखराव रोकने की कोशिश भी कर रही है। हालांकि पूर्व सीएम भूपेंद्र हुड्डा इस बात के पक्ष में है कि जब हरियाणा में कांग्रेस के पक्ष में माहौल बना हुआ है, इसलिए पार्टी को किसी से गठबंधन नहीं करना चाहिए। उन्होंने लोकसभा चुनाव के लिए भी गठबंधन न करने की राय दी थी। हुड्डा के हाईकमान को दरकिनार कर सीधे दावे करने के बाद राहुल गांधी का गठबंधन की तरफ बढ़ना उनके लिए ब्रड़ा झटका है। यह भी संदेश दिया गया कि हुड्डा खुद को हरियाणा कांग्रेस न समझें बल्कि पार्टी उनसे ऊपर है। यह भी माना जा रहा है कि पिछले दिनों कुमारी सैलजा के सीएम पद पर दावा ठोकना भी हुड्डा को झटका देने की रणनीति का ही हिस्सा है। खास बात यह है कि सैलजा जहां उनके चुनाव लड़ने से लेकर सीएम चुनने तक का फैसला हाईकमान पर छोड़ती रही हैं, वहीं हुड्डा अपने स्तर पर किसी भी पार्टी से गठबंधन की बात को नकारते आ रहे हैं।

भाजपा 10 साल से प्रदेश में सरकार चला रही है। ऐसे में सत्ता के प्रति विरोधी भावना नजर आ रही है। अगर कांग्रेस और आप अलग-अलग लड़ते हैं तो वोटों का बिखराव होना तय है। पंजाब में कांग्रेस सरकार के प्रति विरोधी भावना का सीधा फायदा आप को मिला। आप ने वहां 117 में से 92 सीटें जीत ली। कांग्रेस 18 पर सिमट गई।

हरियाणा में भाजपा गैर जाट की राजनीति करती है। 10 साल में पहले पंजाबी सीएम मनोहर लाल खट्टर और अब लोकसभा चुनाव से पहले ओबीसी चेहरे नायब सैनी को सीएम बना दिया। भाजपा इस चुनाव में भी गैर जाट वोट बैंक के लिए धरातल पर रणनीति बना रही है। इसके उलट कांग्रेस की राजनीति जाट वोट बैंक पर निर्भर है। हुड्डा हरियाणा में सबसे बड़े जाट चेहरे हैं। हालांकि जाट वोट बैंक भी एकमुश्त कांग्रेस को मिले, यह भी संभव नहीं है।

**गठबंधन से राहुल गांधी की नजर भावी राजनीति पर**

इसमें पूर्व डिप्टी सीएम दुष्यंत चौटाला की जननायक जनता पार्टी और अभय चौटाला की इंडियन नेशनल लोक दल की सेंधमारी होगी। दूसरा कांग्रेस को अनुसूचित जाति वोट बैंक से उम्मीद है लेकिन उसमें भी इनेलो के बसपा और जेजेपी के चंद्रशेखर रावण की आजाद समाज पार्टी से गठबंधन के बाद सेंध लग सकती है। ऐसी सूरत में कांग्रेस आप को साथ लेकर उनके पक्ष के वोट बैंक को साधना चाहती है। हरियाणा में गठबंधन से राहुल गांधी की नजर भावी राजनीति पर है। वह इसके जरिए इंडिया. ब्लॉक में शामिल उन छोटे-बड़े दलों को भरोसा देना चाहते हैं जिनमें कांग्रेस के प्रति भरोसे की कमी है। राहुल इससे सहयोगी दलों में कांग्रेस के साथ के प्रति भरोसा बढ़ाना चाहते हैं। इसके जरिए राहुल दूसरे राज्यों के दलों को भी संदेश देना चाहते है कि भले ही हरियाणा में 10 साल से सरकार चला रही भाजपा के प्रति एंटी इनकंबेंसी से कांग्रेस मजबूत होने का दावा कर रही है लेकिन वह कमजोर दलों का साथ नहीं छोड़ रही। मध्यप्रदेश चुनाव में कांग्रेस पर इसको लेकर आरोप भी लगे थे कि सपा के साथ आखिरी वक्त तक बातचीत कर भी गठबंधन नहीं किया गया।

## टिकट वितरण में आखिरी फैसला हाईकमान का होता है: सैलजा

**अलग सुर**

**सीएम का फैसला भी कांग्रेस हाईकमान करेगा, 36 बिरादरी में से किसी का भी हो सकता है**

**टीम एक्शन इंडिया**

**चंडीगढ़:** अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी की महासचिव, पूर्व केंद्रीय मंत्री एवं सिरसा से सांसद कुमारी सैलजा ने कहा कि टिकट वितरण में आखिरी फैसला पार्टी हाईकमान का ही होता है। रही मुख्यमंत्री की बात तो इसका फैसला भी हाईकमान ही करता है, हाईकमान 36 बिरादरी में से किसी को भी सीएम बना सकता है, वह दलित वर्ग से भी हो सकता है। हरियाणा में दस साल भाजपा का कुशासन रहा और पूरा प्रदेश जिस तरह से पिछड़ गया, कांग्रेस की सरकार आने पर अब हमें प्रदेश को आगे बढ़ाना है। हमारे हरियाणा के युवाओं को नौकरी, रोजगार, अच्छी शिक्षा मिले, इन सब चीजों की ओर आने वाले समय में ध्यान देना है। टिकट को लेकर भाजपा में सब एक दूसरे से उलझे हुए है, मुख्यमंत्री और भाजपा प्रदेशाध्यक्ष के अपने अलग अगल सुर है। मीडिया से बातचीत में कुमारी सैलजा ने कहा कि भाजपा की जो हवा बनाई गई थी वह लोकसभा चुनाव में निकल गई, 400 पार के नारे की जनता ने हवा निकाल दी, हरियाणा में पिछले दस साल में झूठ और जुमला का जो खेला हुआ, जनता ने देखा है, भाजपा को भी पता लग गया है कि जनता समझ चुकी है तो मुख्यमंत्री बदल डाला, फिर भी कुछ होने वाला नहीं है।

अब मुख्यमंत्री और भाजपा प्रदेश अध्यक्ष के अलग-अलग सुर सुनने को मिल रहे हैं। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री के नाम पर आखिरी फैसला हाईकमान का होगा। हाईकमान 36 बिरादरी में से किसी को भी सीएम बना सकता है, वह दलित वर्ग से भी हो सकता है। यही टिकट वितरण में भी होता है।

## न्यूज फ्लैश

### टोहाना में युवक को भारी मात्रा में नशीली गोलियों सहित किया गिरफ्तार

**टीम एक्शन इंडिया**

**फतेहाबाद:** मेडिकल नशे की तस्करी करने वालों की धरपकड़ करते हुए पुलिस टीम ने टोहाना के गांव ठरवां से एक युवक को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने उसके पास से भारी मात्रा में नशे के लिए प्रयोग की जाने वाली नशीली गोलियां बरामद की हैं। आरोपी के खिलाफ बुधवार को थाना सदर टोहाना में केस दर्ज किया गया है। मिली जानकारी के अनुसार बुधवार को हरियाणा राज्य नारकोटिक कंट्रोल ब्यूरो फतेहाबाद की टीम एएसआई सूर्यकांत के नेतृत्व में नशा तस्करों की धरपकड़ को लेकर गश्त पर थी। टीम जब गांव चंदड़ कलां के बस अड्डे के पास पहुंची, तो उसे सूचना मिली कि विनोद उर्फ विलायती पुत्र महेन्द्र सिंह निवासी ठरवां नशीली गोलियां बेचने का धंधा करता है। वह अपने घर के बाहर भारी मात्रा में नशीली गोलियां लाकर बेच रहा है। इस सूचना पर पुलिस टीम जब मौके पर पहुंची तो देखा कि वहां एक युवक हाथ में लिफाफा पकड़े खड़ा था। उक्त युवक पुलिस टीम को देखकर घबरा गया और अपने घर के अंदर जाने लगा। शक के आधार पर पुलिस कर्मचारियों ने युवक को काबू कर पूछताछ की तो उसने अपना नाम विनोद उर्फ विलायती बताया। पुलिस ने जब उसकी तलाशी ली तो उसके पास से एक लिफाफे में 152 पत्तों में 2280 नशीली गोलियां, दूसरे लिफाफे में 50 पत्तों में कुल 500 नशीली गोलियां तथा तीसरे लिफाफे में 75 पत्तों में कुल 750 नशीली गोलियां बरामद कीं। इस पर पुलिस ने युवक को गिरफ्तार कर थाना सदर टोहाना में उसके खिलाफ एनडीपीएस एक्ट के तहत मामला दर्ज किया है।

### कंपनी में काम करने वाली युवती से छेड़छाड़

**टीम एक्शन इंडिया**

**पलवल:** राष्ट्रीय राजमार्ग-19 स्थित बघौला गांव के निकट स्थित एक कंपनी में काम करने वाली युवती के साथ कंपनी के एचआर में काम करने वाले एक कर्मी द्वारा छेड़छाड़ करने का मामला प्रकाश में आया है। गदपुरी थाना पुलिस ने युवती की शिकायत पर नामजद आरोपी के खिलाफ केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी है। युवती ने गदपुरी थाना पुलिस को दी शिकायत में कहा कि वह बघौला स्थित एक निजी कंपनी में काम करती है। कंपनी के एचआर विभाग में काम करने वाला होशियार सिंह नामक युवक उसके साथ अक्सर अभद्र भाषा का प्रयोग कर बातें करता था। कंपनी में उच्च पद पर होने के चलते पीड़िता चुप रही, लेकिन आरोपी की हिम्मत इतनी बढ़ गई कि उसके साथ छेड़छाड़ करने लगा। विरोध किया तो उसने नौकरी से निकालने व जान से मारने की धमकी देने लगा। जिससे परेशान होकर पीड़िता ने इसकी शिकायत गदपुरी थाना पुलिस को दी। गदपुरी थाना प्रभारी प्रकाशचंद ने बुधवार को जानकारी देते हुए बताया कि युवती की शिकायत पर आरोपी के खिलाफ अभद्र भाषा का प्रयोग करने व छेड़छाड़ करने का मुकदमा दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी है। जल्द ही आरोपी को गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

### बीटेक कोर्सिज में दाखिला लेने वाले नए विद्यार्थियों के लिए इंडक्शन कार्यक्रम

**हिसार:** गुरु जम्भेश्वर विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय के इंजीनियरिंग एंड टेक्नोलॉजी संकाय के सौजन्य से विश्वविद्यालय के बीटेक कोर्सिज में दाखिला लेने वाले नए विद्यार्थियों के लिए इंडक्शन कार्यक्रम जारी है। इसमें विषय विशेषज्ञ विद्यार्थियों को विभिन्न सत्रों में व्याख्यान दे रहे हैं। इस कार्यक्रम के समन्वयक प्रो. अंजन कुमार बराल व उप समन्वयक डा. संजीव माथुर हैं। इस अवसर पर डा. विकास जांगड़ा व डा. विनीता माथुर उपस्थित रहे। विश्वविद्यालय के डा. बीआर अम्बेडकर पुस्तकालय के उप पुस्तकालयाध्यक्ष डा. नरेन्द्र चौहान ने बुधवार को अपने व्याख्यान में विद्यार्थियों को तनाव मुक्त रहने के बारे में बताया। उन्होंने बताया कि बुद्धि व ज्ञान में क्या अंतर होता है। साथ ही उन्होंने गुरु की महत्ता व अध्यात्म के बारे में भी विद्यार्थियों को जानकारी दी। उन्होंने बताया कि विश्वविद्यालय की वेबसाइट पर 5000 से ज्यादा जर्नल्स व डा. एपीजे अब्दुल कलाम के अभिभाषण उपलब्ध हैं। इसके अतिरिक्त नेशनल डिजिटल लाइब्रेरी में उपलब्ध ई-पाठशाला, वर्चुअल लैब तथा वीडियो लैक्चर तथा नोट्स के बारे में बताया।उन्होंने विद्यार्थियों को स्वयं पोर्टल तथा एनपीटीईएल ऑनलाइन कोर्सिज के बारे में भी बताया और कहा कि विद्यार्थियों को पुस्तकालय की ढांचागत व अन्य सुविधाओं तथा पुस्तकालय की समय सारिणी के बारे में बताया। हरियाणा स्कूल ऑफ बिजनेस की प्रो. सुनीता रानी ने सबसे पहले 'प्रिविलेज वॉक' शीर्षक पर विद्यार्थियों के लिए एक गतिविधि का संचालन किया। उन्होंने कहा कि विश्वविद्यालय प्रांगण पहले से ही सुंदर हैं। इसकी सुंदरता बनाए रखना हम सब की जिम्मेदारी बनती है।

## भूपेंद्र सिंह हुड्डा से मिला शिक्षकों का प्रतिनिधिमंडल

**टीम एक्शन इंडिया**

**चंडीगढ़:** कांग्रेस ने राष्ट्रीय व अंतरराष्ट्रीय स्तर के संस्थानों की स्थापना करके हरियाणा को शिक्षा का हब बनाया था, लेकिन बीजेपी ने पूरे शिक्षा तंत्र का बंटाधार कर दिया। कांग्रेस ने देश का हरेक बड़ा शिक्षण संस्थान हरियाणा में स्थापित किया था। जबकि पूरे दस साल में बीजेपी प्रदेश में एक भी बड़ा संस्थान नहीं बना पाई। बीजेपी राज के दौरान प्रदेश के इतिहास में पहली बार हुआ, जब छोटे-छोटे बच्चों को अपने स्कूल बचाने और टीचर्स की मांग के लिए अपने स्कूलों के बाहर धरना-प्रदर्शन और भूख हड़ताल करनी पड़ी। ये कहना है पूर्व मुख्यमंत्री और नेता प्रतिपक्ष भूपेंद्र सिंह हुड्डा का। हुड्डा अपने आवास पर शिक्षकों के एक प्रतिनिधिमंडल से बातचीत कर रहे थे। प्रतिनिधिमंडल ने हुड्डा को कॉलेज व यूनिवर्सिटी के स्तर पर पेश आ रही समस्याओं के बारे में बताया और कांग्रेस सरकार बनने पर उनके समाधान की मांग करी। हुड्डा ने उन्हें समाधान का भरोसा दिलाते हुए कहा कि कांग्रेस हरियाणा को शिक्षा के क्षेत्र में देश का नंबर वन राज्य बनाना चाहती है। पिछले कार्यकाल के दौरान उनकी सरकार ने इसकी शुरूआत भी कर दी थी।

## हरियाणा कांग्रेस में छिड़ी सीएम पद की दावेदारी पर जंग थमी नहीं

**दावेदारी पर रार**

**सैलजा बोलीं- कांग्रेस में हुड्डा की चलने जैसी कोई बात नहीं, सीएम का फैसला हाईकमान करेगा**




**टीम एक्शन इंडिया**

**चंडीगढ़:** हरियाणा कांग्रेस में छिड़ी मुख्यमंत्री पद की दावेदारी की जंग थमी नहीं है। कांग्रेस सांसद और हरियाणा प्रदेश कांग्रेस की पूर्व अध्यक्ष कुमारी सेलजा ने फिर एक बार कहा कि भूपेंद्र सिंह हुड्डा के चलने जैसी कोई बात नहीं है। मुख्यमंत्री का फैसला भी पार्टी हाईकमान करेगा।इससे पहले भी जब भूपेंद्र हुड्डा ने ब्राह्मण उप मुख्यमंत्री बनाने का ऐलान किया था तब भी सैलजा ने कहा था कि उप मुख्यमंत्री भी हाईकमान तय करेगा। कुमारी सैलजा ने मीडिया को दिए साक्षात्कार में कहा कि भाजपा ने 400 पार का हव्वा बनाया हुआ था, वह खत्म हो गया। हरियाणा में जो 10 साल में हुआ, इन्हें पता लग गया। इसलिए इन्होंने मुख्यमंत्री बदला। इसके बाद भी पार्टी को मुख्यमंत्री और प्रदेश अध्यक्ष के अलग-अलग स्वर सुनने को मिल रहे हैं। इन लोगों में तालमेल की कमी है, ये क्या राज देंगे।'उन्होंने कहा- मुख्यमंत्री के नाम पर आखिरी शब्द हाईकमान का होगा। यही टिकट वितरण में भी होता है। पार्टी में भूपेंद्र सिंह हुड्डा या उनके बेटे दीपेंद्र हुड्डा की चलने जैसी कोई बात नहीं है। अपने विधानसभा चुनाव लड़ने की तैयारी के सवाल पर सैलजा ने कहा यह तय नहीं होता।

## पलवल के राष्ट्रीय राजमार्ग पर दोनों सर्विस लेन हो गड्ढा मुक्त: डॉ. हरीश

**टीम एक्शन इंडिया**

**पलवल:** राष्ट्रीय राजमार्ग-19 पर बघौला गांव में लोगों के आवागमन की सुविधा को सुगम बनाने के उद्देश्य से बनाए जा रहे ओवरब्रिज के निर्माण के चलते वहां दोनों तरफ की सर्विस लेनों को गड्ढा मुक्त किया जाए, ताकि वहां वाहनों का जाम न लगे। इतना ही नहीं उन्होंने अधिकारियों को कड़े निर्देश देते हुए कहा कि बघौला में सर्विस लेनों की रिपेरिंग के बाद उसकी रिर्पोट तुरंत प्रभाव से उनके कार्यालय में भेजें। यह निर्देश डीसी डॉ. हरीश कुमार वशिष्ठ ने बुधवार को रोड़ सेफ्टी एवं सुरक्षित वाहन पॉलिसी की बैठक में संबंधित अधिकारियों से कही। उन्होंने जिले में सड़क मार्गों पर दुर्घटना संभावित क्षेत्रों की पहचान करके उन पर निर्धारित समय में कार्रवाई करने के कड़े निर्देश दिए। उन्होंने पुलिस विभाग के अधिकारियों से कहा कि सड़कों पर वाहनों से स्टंट करने वाले और पटाखे की आवाज निकालने वाले और हेलमेट न पहनने वाले दुपहिया वाहन चालकों के साथ-साथ गलत दिशा में वाहन चलाने व गलत पार्किंग करने वालों के चालान किए जाएं। केजीपी (इस्टर्न पेरिफिरल एक्सप्रेस-वे) पर दुपहिया, तिपहिया और ट्रैक्टर के आवागमन पर पूर्णतय पाबंदी है। इसलिए केजीपी पर बाइक, ऑटो व ट्रैक्टरों का आवाजाही न होने पाए। उन्होंने संबंधित रोड एजेंसियों को निर्देशित करते हुए कहा कि वे अपनी-अपनी सड़कों का सर्वे करके ऐसे स्थानों को चिह्नित करें, जहां पर दुर्घटना अधिक होती है, ताकि दुर्घटनाओं में कमी लाने की दिशा में कार्य किया जा सके।

## ऑस्ट्रेलिया भेजने के नाम पर टोहाना के युवक से 21 लाख ठगे

**फतेहाबाद:** वर्क वीजा पर ऑस्ट्रेलिया भेजने के नाम पर टोहाना के एक युवक से पटियाला के दम्पति ने 21 लाख रुपये हड़प लिए। वीजा न लगने पर युवक ने जब पैसे वापस मांगे तो इन लोगों ने उसे व उसके परिवार को झूठे केस में फंसाकर जेल पहुंचाने की धमकी दी। इस बारे में पीड़ित युवक की शिकायत पर बुधवार को पुलिस ने केस दर्ज कर लिया है। पुलिस को दी शिकायत में गांव धारसूल खुर्द निवासी बलजीत सिंह पुत्र कमलजीत सिंह ने कहा है कि पढ़ा-लिखा होने के बावजूद वह यहां बेरोजगार था और विदेश में जाकर काम करने की इच्छा रखता था।

## आर्यन मर्डर में भाई को इंसाफ दिलाने के लिए भाई कर रहा प्रयास



**टीम एक्शन इंडिया**

**फरीदाबाद:** गौ रक्षकों की गोली से अकाल मौत का ग्रास बने आर्यन मिश्रा की मौत के बाद उसका परिवार सदमे में है। परिवार के लोग अभी तक यह मानने को तैयार ही नहीं है कि उसके बेटे की इस बेदर्दी से हत्या कर दी गई है। अपने बेटे की मौत के बाद सियानंद मिश्रा के जेहन में कई सवाल उठ रहे है, जिनका जवाब वह जानना चाहते है। इस बीच, आर्यन के भाई ने हत्या में न्याय मांगने के लिए एक व्हाट्सएप ग्रुप न्याय शुरू किया है। मंगलवार रात बनाए गए इस ग्रुप में 1,000 से अधिक लोग जुड़ चुके हैं। बुधवार को पत्रकारों से बातचीत के दौरान उन्होंने बताया कि इस पूरे घटनाक्रम में वाहन में सवार अन्य कोई युवक क्यों घायल नहीं हुआ। सियानंद मिश्रा ने कहा कि वह पांचों आरोपियों की गिरफ्तारी से संतुष्ट है, लेकिन अब फरीदाबाद में मेरे लिए कुछ नहीं बचा है। मैं अपने पैतृक स्थान पर लौटना चाहता हूं। लेकिन कई सवाल हैं, जिनका जवाब मेरे मकान मालिक का परिवार ही दे सकता है। उन्होंने कहा कि मेरे बेटे को सुजाता गुलाटी और उनके बेटे हर्षित और शैंकी गुलाटी कार में पलवल ले गए। उन्होंने कहा कि शैंकी हत्या के प्रयास के एक मामले में शामिल था और उसका किसी से कोई विवाद हो सकता है। मिश्रा ने यह भी पूछा कि क्या उनके बेटे को वास्तव में गौरक्षकों ने गोली मारी है, उन्हें ऐसा करने का अधिकार उन्हें किसने दिया। अनिल कौशिक ने पुलिस को बताया कि मेरे बेटे को इसलिए मारा गया, क्योंकि उन्होंने उसे गौ तस्कर समझ लिया था, और अगर वह सही है, तो गौरक्षकों को किसी को भी गोली मारने का अधिकार किसने दिया? उन्होंने कहा कि मेरा बेटा वापस नहीं आएगा, लेकिन इस मामले की गंभीरता से जांच होनी चाहिए।

## पलवलः बाईक चोरी कर आग लगाने वाले 3 आरोपियों कि किया गिरफ्तार

**टीम एक्शन इंडिया**

पलवलः पलवल के जटौला गांव में प्लाट का ताला तोड़कर बाइक चोरी कर आग लगने के मामले में गदपुरी थाना पुलिस ने तीन आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है। आरोपियों ने पूछताछ में पुलिस को बताया कि उन्होंने इस घटना को किसी के कहने पर दिया था। किसके कहने पर दिया था, यह खुलासा अभी पुलिस ने नहीं किया है, पुलिस का कहना है कि उक्त आरोपी को



गिरफ्तार करने के बाद ही खुलासा किया जाएगा। गदपुरी थाना प्रभारी प्रकाश चंद ने बुधवार को जानकारी देते हुए बताया कि अनुसार जटौला गांव निवासी नवीन ने शिकायत दर्ज कराई है कि उन्होंने अपनी बाइक को शाम के समय अपने घर के पास बने प्लाट में खड़ा कर दिया और बाहर से गेट का ताला लगा अपने घर चले गए। रात के करीब ढाई बजे उन्हें पता चला कि प्लाट का ताला तोड़कर बाइक चोरी कर ली गई। चोरों ने घर से थोड़ी दूर चौराहे पर बाइक में आग लगा दी।

**किसी के कहने पर की वारदात**

उसने चौक के पास लगे सीसीटीवी कैमरों की जांच की तो तीन युवक भागते हुए दिखाई दिए। आरोपियों की पहचान विकास उर्फ फौजी, देवेंद्र उर्फ देवी व समीर के रूप में हुई। गदपुरी थाना पुलिस ने बाइक मालिक की शिकायत पर तीनों के खिलाफ नामजद मुकदमा दर्ज कर तलाश शुरू कर दी थी। बघौला पुलिस चौकी पर तैनात पुलिस ने तीनों आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है।

## खिलाड़ियों के पैसे तुरंत रिलीज करें सरकार: नवीन जयहिंद

**टीम एक्शन इंडिया**

**रोहतक:** बीते बुधवार दो दर्जन इंटरनेशनल मेडलिस्ट खिलाड़ी अपनी समस्या लेकर जयहिंद सेना सुप्रीमो नवीन जयहिंद के तंबू में पहुंचे और आप बीती बताई , हैरान करने वाला मामला खिलाड़ियों के सम्मान खेल राशि का है

खिलाड़ियों ने बताया कि वह इंटरनेशनल तक खेल चुके हैं और सरकार द्वारा 2019 में जो पॉलिसी जारी की गई थी जिसमें उन्हें सम्मान राशि मिली थी वह नहीं मिल पा रही है। खिलाड़ियों ने जयहिंद को बताया कि वह अपनी समस्याएं लेकर मुख्यमंत्री के पास भी गए थे लेकिन उन्होंने आश्वासन दिया था कि उनकी समस्या का समाधान होगा और मेडलिस्ट खिलाडियों को उनकी सम्मान राशि दी जाएगी लेकिन खेल विभाग के डायरेक्टर राजेंद्र गुप्ता सरकार की बनाई हुई पॉलिसी को ठेंगा दिखा रहे हैं जयहिंद ने प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि राजेंद्र गुप्ता क्या मुख्यमंत्री से भी बड़े हो गए जो उनकी बात को नही सुन रहे है। जयहिंद ने कहा कि जब कोई खिलाड़ी मेडल लेकर आता है तो सभी नेता सोशल मीडिया पर बयान बाजी से अलग-अलग घोषणाएं करते हैं लेकिन हकीकत कुछ और ही है आज खिलाड़ी अपने हक के लिए दर बदर की ठोकरे खाने पर मजबूर है जयहिंद ने सरकार की पॉलिसी पर सवाल खड़े कर दिए जो खिलाडियों को परेशान कर रही हैं। इसी बीच कपिल जो एथलीट के खिलाड़ी है जो देश और प्रदेश के लिए दो मेडल ला चुके हैं जिसमें 2022 वर्ल्ड चैंपियनशिप में सिल्वर मेडल ला चुके हैं और 2021 में ब्रोंज मेडल लेकर आए थे और अकेले ही नॉर्थ इंडिया के खिलाड़ी थे तो पॉलिसी के हिसाब से 75 लाख रुपए और 50 लाख रुपए मिलने थे ऐसे ही खिलाड़ी

## संगठन मंत्री फणीन्द्रनाथ ने माता मनसा देवी से मांगा भाजपा की जीत का आशीर्वाद

### हमारा संगठन मजबूत, कार्यकर्ताओं के दम पर तीसरी बार भी बनाएंगे भाजपा की सरकार

**टीम एक्शन इंडिया**

**पंचकूला:** संगठन मंत्री फणीन्द्रनाथ शर्मा बुधवार को प्रदेश महामंत्री डा. अर्चना गुप्ता और सुरेंद्र पूनिया के साथ सिद्धपीठ माता मनसा देवी के दरबार में पहुंचे और विधिवत रूप से पूजा अर्चना की। संगठन मंत्री और प्रदेश महामंत्रियों ने माता से हरियाणा विधानसभा चुनाव में भाजपा की प्रचंड जीत का आशीर्वाद मांगा। इस मौके पर जिला अध्यक्ष दीपक शर्मा और प्रदेश मीडिया सह प्रभारी नवीन गर्ग भी मौजूद रहे। संगठन मंत्री फणीन्द्रनाथ शर्मा ने माता मनसा देवी के मंदिर में पूजा करने के बाद कहा कि माता मनसा देवी के दर्शनों का लाभ मिला यह हमारे लिए सौभाग्य



की बात है। उन्होंने कहा कि माता से देश और प्रदेश की खुशहाली और समृद्धि की कामना के साथ भाजपा की जीत के लिए आशीर्वाद मांगा है। श्री शर्मा ने कहा कि पिछले 10 वर्षों में मोदी और हरियाणा की डबल इंजन सरकार ने हर वर्ग के हित के लिए कार्य किए हैं। संगठनमंत्री ने कहा कि भाजपा कार्यकताओं की पार्टी है और कार्यकताओं की मेहनत के दम पर लगातार चुनाव जीतती आ रही है। उन्होंने कहा कि हमारा संगठन मजबूत है और हम हरियाणा में तीसरी बार भाजपा की सरकार बनाने जा रहे हैं। श्री शर्मा ने कहा कि भाजपा के कार्यकर्ता के लिए कमल का फूल ही प्रत्याशी होता है और कमल के फूल को जिताने के लिए भाजपा का हरेक कार्यकर्ता चुनाव के मैदान में उतरा हुआ है और केंद्र तथा नायब सरकार की योजनाओं को घर-घर तक पहुंचा रहे हैं। संगठन मंत्री फणीन्द्रनाथ शर्मा ने कहा कि भाजपा कार्यकताओं की निष्ठा, समर्पण और जनसेवा का कोई मुकाबला नहीं है। तीसरी बार हरियाणा प्रदेश में कमल खिलने जा रहा है। प्रदेश महामंत्री डा. अर्चना गुप्ता ने कहा कि भाजपा ने हरियाणा में 10 वर्षों में बिना भेदभाव के विकास कार्य कराए हैं। युवा, गरीब, किसान और महिलाओं के सशक्तिकरण के लिए भाजपा संकल्पित होकर काम कर रही है। मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने प्रदेश की कमान संभालने के बाद ही थोड़े ही दिनों में हर हरियाणावासी के दिलों पर अमिट छाप छोड़ी है। उन्होंने कहा कि हम कराए गए काम और कार्यकताओं की मेहनत तथा जनता के आशीर्वाद से सीएम नायब सैनी के नेतृत्व में तीसरी बार सरकार बनाएंगे। प्रदेश महामंत्री सुरेंद्र पूनिया ने भी कहा कि मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी की कार्यशैली से हर व्यक्ति खुश है। मुख्यमंत्री ने हर वर्ग को लाभान्वित किया है। प्रदेश का किसान भाजपा सरकार से खुश है।

# पेड न्यूज और सोशल मीडिया पर पैनी नजर बनाकर रखे एमसीएमसी कमेटी

## एमसीएमसी कमेटी का किया निरीक्षण, एमसीएमसी सदस्यों को दिए आवश्यक दिशा-निर्देश

टीम एक्शन इंडिया
राजकुमार प्रिंस

**करनाल।** जिला निर्वाचन अधिकारी एवं डीसी उत्तम सिंह ने कहा कि मीडिया सर्टिफिकेशन एवं मीडिया मॉनिटरिंग (एमसीएमसी) कमेटी विधानसभा चुनाव के दौरान प्रिंट व इलेक्ट्रॉनिक व सोशल मीडिया में पेड न्यूज पर पैनी नजर बनाकर रखें। यदि कोई उम्मीदवार पेड न्यूज प्रिंट मीडिया में प्रकाशित करवाता है या इलेक्ट्रॉनिक व सोशल मीडिया पर चलाता है तो इसे उसके चुनावी खर्च में जुड़वाया जाए। इसके अतिरिक्त चुनावी प्रकिया से जुड़ी झूठी व बेबुनियाद खबरों पर भी नजर बनाकर रखें, ताकि समय पर ऐसे व्यक्तियों के खिलाफ कार्रवाई की जा सके और सही जानकारी आमजन तक



पहुंचाई जा सके।

जिला निर्वाचन अधिकारी उत्तम सिंह ने बुधवार को जिला सूचना एवं जनसंपर्क अधिकारी के कार्यालय में बनाई गई मीडिया सर्टिफिकेशन एवं मीडिया मॉनिटरिंग (एमसीएमसी) कमेटी का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने कमेटी को आवश्यक दिशा - निर्देश दिए।

डीसी उत्तम सिंह ने सर्वप्रथम कमेटी के सदस्य सचिव डीआईपीआरओ मनोज कौशिक से न्यूज मॉनिटरिंग एवं मीडिया सर्टिफिकेशन कमेटी के संबंध में जानकारी ली। इसके पश्चात एमसीएमसी के सदस्यों डॉ. अमरदीप देशवाल, डॉ. प्रदीप जाखड़ा एवं डॉ. देवकर्ण सिंह को आवश्यक दिशा निर्देश दिए।

**निर्देश**

**▶▶ पेड न्यूज पर कार्रवाई करना व चुनावी विज्ञापनों के प्रकाशन व प्रसारण से पूर्व प्रमाण पत्र प्रदान करना है**

उन्होंने इस अवसर पर लॉग रजिस्टर व अन्य दस्तावेजों का भी बारीकी से अवलोकन करते हुए जानकारी प्राप्त की। उन्होंने कहा कि एमसीएमसी का बेहद संवेदनशील कार्य है, ऐसे में सभी सदस्य जागरूकता और सतर्कता के साथ अपने कर्तव्यों का निर्वहन करें।

**चुनावी विज्ञापनों के प्रकाशन एवं प्रसारण के लिए लेना होगा प्रमाण पत्रः** जिला निर्वाचन अधिकारी उत्तम सिंह ने कहा कि इलेक्ट्रॉनिक मीडिया पर उम्मीदवार व राजनीतिक दल के चुनाव प्रचार से संबंधित सामग्री के प्रसारण से पूर्व, एमसीएमसी कमेटी से प्रमाण पत्र लेना होगा। वहीं प्रिंट मीडिया में मतदान से पहले व मतदान के दिन प्रकाशित होने वाले विज्ञापन का भी प्रमाण पत्र लेना अनिवार्य है। प्रचार सामग्री का प्रमाण पत्र लेने के लिए 48 घंटे पहले एमसीएमसी के पास प्रमाण पत्र के लिए निर्धारित फॉर्म में आवेदन करना होगा।

उन्होंने कहा कि एमसीएमसी कमेटी का कार्य पेड न्यूज पर कार्रवाई करना व मीडिया माध्यमों पर चुनावी विज्ञापनों के प्रकाशन व प्रसारण से पूर्व प्रमाण पत्र प्रदान करना है।

# दीवार फांद कर घर में घुसा चोर, पकड़ने का किया प्रयास

टीम एक्शन इंडिया
राजकुमार प्रिंस

**करनाल।** जिले के गांव बिलौना में रात के अंधेरे में एक युवक सिर्फ कच्छे में दीवार फांद कर घर में घुस गया। आरोप है कि युवक चोरी के इरादे से घर में घुसा था। परिवार के लोगों ने आरोपी को पकड़ने की कोशिश की तो आरोपी ने तीन लोगों को लोहे की फूंकनी से घायल कर दिया और मौके से फरार हो गया। घायलों ने असंध के अस्पताल में मेडिकल करवाया और मामले की शिकायत पुलिस को की। पुलिस ने शिकायत के आधार पर आरोपी के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी। गांव बिलौना निवासी जिले सिंह ने पुलिस को दी शिकायत में बताया है कि 2 सितंबर की रात करीब दो बजे संजीव उर्फ संजू उनके घर की दीवार फांदकर चोरी के इरादे से घर में घुस आया। उसके कदमों की आवाज से मेरी पत्नी की आंख खुल गई। उसने शोर मचाया और पूरे परिवार को जगा दिया। परिवार



**घायल किया**

**▶▶ आरोपी को पकड़ने की कोशिश की तो आरोपी ने तीन लोगों को लोहे की फूंकनी से घायल कर दिया**

में हड़कंप मच गया। आरोपी संजीव ने केवल कच्छा पहन रखा था और हाथ में लोहे की फूंकनी और सरिया था।

आरोप है कि जब परिवार ने चोर को पकड़ने की कोशिश की तो आरोपी ने लोहे की फूंकनी से जिले सिंह के सिर पर वार किया, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। जब उनकी पत्नी दर्शना ने संजीव को रोकने की कोशिश की तो उसने उनके सिर पर भी फूंकनी से वार कर दिया, जिससे वह भी लहूलुहान होकर जमीन पर गिर गईं। इस बीच उनका बेटा संजीव पकड़े? में कामयाब हो गया। उसने संजीव की छाती में दांतों से काट लिया और जान से मारने की धमकी देकर मौके से फरार हो गया। घायल अवस्था में तीनों को असंध के सरकारी अस्पताल में भर्ती करवाया गया, जहां तीनों का इलाज चल रहा है। मेडिकल करवाने के बाद मामले की शिकायत पुलिस को दी। इसके बाद पुलिस ने आरोपी के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी। जांच अधिकारी राजेंद्र सिंह ने बताया कि जिले सिंह ने चोरी की नीयत से घुसने वाले युवक के खिलाफ शिकायत दी है, जिसने परिवार के तीन लोगों को घायल कर दिया।

# प्रिंस हत्याकांड में तीन दोषियों को उम्रकैद की सजा



टीम एक्शन इंडिया
राजकुमार प्रिंस

**करनाल।** जिला के गांव मर्दन खेड़ा में हुए प्रिंस हत्याकांड के मामले में करनाल की अदालत ने तीन दोषियों को उम्रकैद की सजा सुनाई है। इस हत्याकांड में 2018 में दोषियों ने युवक प्रिंस कुमार की चाकू और हथौड़े से बेरहमी से हत्या की थी। अतिरिक्त सेशन जज अनिल कुमार की अदालत ने नितेश उर्फ छोटू, अमन उर्फ अरुण और अंकित उर्फ बिट्टू को दोषी करार देते हुए उम्रकैद की सजा के साथ जुर्माना भी लगाया है।

गौरतलब है कि 29 अगस्त 2018 की रात करनाल के गांव मर्दन खेड़ा में स्थित एक कंपनी में प्रिंस कुमार उर्फ हैप्पी की ड्यूटी थी। प्रिंस के चाचा असंध की बालाजी कालोनी निवासी सुनील कुमार ने 30 नवंबर 2018 को असंध थाना पुलिस में शिकायत दर्ज कराई कि उनका भतीजा प्रिंस कंपनी से लापता है। सुनील ने पुलिस को बताया कि जब

**सजा का ऐलान**

**▶▶ इस हत्याकांड में 2018 में दोषियों ने युवक प्रिंस कुमार की चाकू और हथौड़े से बेरहमी से हत्या की थी**

वह सुबह कंपनी पहुंचे तो प्रिंस गायब मिला। कंपनी के पीछे खून के निशान, प्रिंस का पर्स और हथौड़े का बिंडा मिला। प्रिंस का फोन भी स्विच ऑफ था, जिससे उन्हें शक हुआ कि प्रिंस का अपहरण कर लिया गया है।

पुलिस ने शिकायत के आधार पर अपहरण का केस दर्ज कर लिया था और जांच शुरू की। एक दिसंबर को प्रिंस का शव जींद के सिंघाण गांव के समीप एक नाले में मिला था। शव मिलने के बाद जब पुलिस ने जांच शुरू की तो सामने आया कि यह कोई नॉर्मल मर्डर नहीं, बल्कि पुरानी रंजिश से जुड़ा हुआ मामला था।

# बसताड़ा टोल पर गुंडों ने किसान की गाड़ी रोक किया हमला

टीम एक्शन इंडिया
राजकुमार प्रिंस

**करनाल।** नेशनल हाईवे-44 का सफर वाहन चालकों के लिए सुरक्षित नहीं रह गया है। बसताड़ा टोल प्लाजा पर गुंडों ने हिमाचल के एक व्यक्ति पर हमला कर दिया और मारपीट की। पीड़ित एक किसान है और हिमाचल में सेब की खेती करता है। वह बीती रात अपनी पिकअप गाड़ी में हिमाचल के कुल्लू से दिल्ली की मंडी में सेब लेकर जा रहा था और कुरूक्षेत्र से ही गुंडों ने अपनी गाड़ी उसकी कार के पीछे लगा ली।

बसताड़ा टोल प्लाजा पर गुंडों ने उसे रोक लिया और मारपीट शुरू कर दी और उसकी गाड़ी के शीशे तोड़ दिए गए। किसी तरह से पीड़ित

**मारपीट**

**▶▶ गुंडों ने हिमाचल के एक व्यक्ति पर हमला कर दिया और मारपीट की। पीड़ित एक किसान है**

ने अपनी जान बचाई और मामले की शिकायत पुलिस को की। पुलिस ने व्यापारी की शिकायत के आधार पर अज्ञात बदमाशों के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। हिमाचल के सिध्वानी निवासी शशी चंद शर्मा 3 सितंबर की रात को अपनी लोडिंग पिकअप गाड़ी से दिल्ली जा रहा था। जैसे ही उसने कुरुक्षेत्र पार



किया तो कुछ अनजान युवकों ने उनका पीछा किया और करनाल के बसताड़ा टोल प्लाजा के पास उसकी गाड़ी को रोक लिया गया। शशी चंद शर्मा ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि जब वह टोल प्लाजा पर हमलावरों ने उसकी गाड़ी का राइट साइड का

शीशा तोड़ दिया और उनके साथ मारपीट की। उसका आरोप है कि इस दौरान उसके हाथ से सोने की अंगूठी भी छीन ली। किसी तरह से वह हमलावरों से बचा और शिकायत मधुबन पुलिस को दी। इसके बाद पुलिस मौके पर पहुंच गई। एसआई धर्मेंद्र ने अपनी टीम के साथ घटनास्थल का जायजा लिया और टोल टैक्स पर मौजूद कर्मियों से पूछताछ की। पुलिस ने टोल टैक्स पर लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज की भी जांच की। पुलिस के मुताबिक फुटेज में सामने आया कि 7-8 युवक शशी चंद शर्मा की पिकअप गाड़ी को रोकते हैं और उनके साथ मारपीट करते हैं। हालांकि फुटेज में अंगूठी छीनने की कोई घटना नहीं दिखाई दी।

# विवाहिता पड़ोसी संग हुई फरार, आभूषण व फोन भी ले गई साथ

टीम एक्शन इंडिया
राजकुमार प्रिंस

**करनाल।** इंद्री थाना के अंतर्गत आने वाले एक गांव से महिला अपने पड़ोसी के साथ फरार हो गई। दोनों घर से सोने के गहने व फोन भी लेकर फरार हो गए और धमकी भी दी कि अगर कोई एक्शन लिया तो सभी को केस में फंसवा दूंगी। विवाहिता के मायके वालों को कॉल किया तो उन्होंने भी ससुराल वालों को ही धमकी दे दी। परिजनों ने मामले की शिकायत पुलिस को की। इसके बाद पुलिस ने शिकायत के आधार पर मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी। शिकायतकर्ता सास ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि तीन सितंबर को उसकी पुत्रवधू करीब 11 बजे काम से घर लौटी। वह घर रोटी लेने के लिए घर आई थी। वह घर पर अकेली गई थी। सास ने बताया कि मैं घर पर आई, वह मुझे घर में नहीं मिली। मैं पड़ोस के मकान में गई, जैसे ही दरवाजा खोला तो मेरी पुत्रवधू पड़ोसी के साथ मिली। दोनों के शरीर पर कपड़े नहीं थे, जिसे देखकर मैं हैरान रह गई। इसी दौरान दोनों ने कपड़े पहने और मौके से फरार हो गए। वह कुछ भी नहीं कर पाई। सास का आरोप है कि उसकी बहू व पड़ोसी सोने का सामान व फोन भी लेकर फरार हुए है। पीड़ित सास ने पुलिस को बताया कि उसने अपने परिवार को पूरी घटना से अवगत करवाया और अपनी पुत्रवधू की तलाश की, लेकिन कोई सुराग नहीं लगा।

# कस्बा असंध में दुकान से डेढ़ लाख की चोरी

टीम एक्शन इंडिया
राजकुमार प्रिंस

**करनाल।** कस्बा असंध के मेन बाजार स्थित गुरुद्वारा चौक में रात को चोरों ने घुसकर डेढ़ लाख रुपए की नकदी की चोरी की। चोरों ने दुकान की छत के रास्ते से दुकान के घुसे। अंदर घुसकर चोरों ने काउंटर के तीन दराजों के लॉक को तोड़कर डेढ़ लाख रुपए की नगदी पर हाथ साफ कर दिया। जब दुकानदार ने सुबह दुकान खोली तो अंदर लॉक टूटे मिले।

बालाजी कालोनी निवासी शिव कुमार ने बताया कि उसकी मेन बाजार असंध के गुरुद्वारा चौक में शिव



किराना स्टोर के नाम से दुकान है। रोज की तरह वह रात 8 बजे दुकान बंद करके अपने घर चले गये थे। सुबह 8 बजे जब वह खुद दुकान पर आया और दुकान खोली तो देखा कि दुकान के काउंटर की 3 दराजो के लॉक तोड़े हुए थे। चोर गल्ले का लॉक तोड़कर उसमें से करीब डेढ़ लाख रुपए की नकदी चोरी करके ले गए। उसने आसपास चोरों के बारे में तलाश की, लेकिन उस कोई सुराग नहीं मिला। दुकानदार ने बताया कि दुकान के अंदर ऊपर जाने के लिए सीढ़ियां हैं।

# जनता ने सम्मान दिया है, इसका बदला मैं जीवन भर सेवक बनकर उतारने की कोशिश करूंगाः देवेंद्र

**प्रचार**

**▶▶ आपका बेटा किसी को निराश नहीं होने देगा, देवा संस्था के माध्यम से जनहित में अनेकों काम कर अपनी भावनाओं को दिखाया है**

**▶▶ लड़सौली व भूर्री में बोले कादियान- जनता ने मुझ पर विश्वास जताया, सेवा करना मेरा फर्ज**



टीम एक्शन इंडिया

**गन्नौरः भाजपा** युवा नेता देवेंद्र कादियान हलके के गांव लड़सौली व भूर्री में जनसभा कर लोगों से रूबरू हुए। इस दौरान उन्होंने हलके के विकास के लिए लोगों से उनका साथ मजबूत करने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि क्षेत्र के लोगों ने जो सम्मान अपने भाई-बेटे को दिया है, इसका बदला मैं जीवन भर आपका सेवक बन कर उतारने की कोशिश करूंगा। इससे पहले दोनों गांव में ग्रामीणों ने देवेंद्र कादियान का उत्साह के साथ पगड़ी व फूलमाला से स्वागत किया। इस सम्मान के लिए कादियान ने सिर झुका कर ग्रामीणों का आभार जताया और कहा कि जनता ने मुझ पर विश्वास जताया है। सेवा कार्य में कोई कमी नहीं आने दूंगा। अब जनता की सेवा करना मेरा फर्ज है। जनता के आशीर्वाद से विधानसभा पहुंचा तो गन्नौर को अलग पहचान दिलाने का काम करेंगे। उन्होंने कहा कि ये चुनाव नेता व बेटा के बीच है। गन्नौर में कांग्रेस नेता को जनता के हितों का कोई ख्याल नहीं, बस जैसे तैसे एक बार जीत जाएं। फिर जनता से कोई सरोकार नहीं। सिर्फ उन्हीं लोगों के लिए काम करना है, जहां पर अपने ठिकाने बना रखे है। उन्होंने कहा कि आपका बेटा किसी को निराश नहीं होने देगा, देवा संस्था के माध्यम से जनहित में अनेकों काम कर अपनी भावनाओं को दिखाया है। वह समाज के प्रति समर्पण की भावना रखते है। मौका मिलने पर नेता नहीं बल्कि जनसेवक बनकर सेवा करूंगा। इस अवसर पर भूरी से मिंटू प्रधान, रामकुमार जोगी, पंडित राजकुमार, संजय, मुकेश वाल्मीकि, सतबीर, रामफल, राधा बैरागी, सुंदरलाल, राजनेद्र पुनिया, लड़सौली से पिर्यवर्त सरपंच, प्रदीप पूर्व सरपंच, जगबीर मोर, हरी वाल्मीकि, सुभाष पंडित शमशेर रामपाल धीमान, डॉ. भूप सिंह सुन्दर हरदयाल आदि मौजूद रहे।

# मददगार साबित होगा सक्षम एपः उत्तम सिंह

## दिव्यांगजनों की जरूरतों को देखते हुए बना है सक्षम एप का इंटरफेस

टीम एक्शन इंडिया
राजकुमार प्रिंस

**करनाल।** उपायुक्त एवं जिला निर्वाचन अधिकारी उत्तम सिंह ने कहा कि भारत निर्वाचन आयोग द्वारा सभी वर्गों की विधानसभा चुनाव में भागीदारी सुनिश्चित करने के लिए महत्वपूर्ण प्रयास किए जा रहे हैं। इन्हीं प्रयासों के अंतर्गत दिव्यांगजनों के लिए मताधिकार का प्रयोग सहज एवं सुविधाजनक बनाने के उद्देश्य से सक्षम एप बनाया गया है। यह मोबाइल एप दिव्यांग व्यक्तियों की सुविधा को देखते हुए एक प्रकार से दिव्यांग मतदाताओं के लिए वरदान है।



दिव्यांगजन चुनाव से जुड़ी मतदाता केंद्रित विभिन्न सेवाओं का लाभ उठाने के लिए इस एप का उपयोग कर सकते हैं।

उन्होंने बताया कि सक्षम एप के

**उपलब्ध**

**▶▶ मताधिकार का प्रयोग सहज एवं सुविधाजनक बनाने के उद्देश्य से सक्षम एप बनाया गया है**

इंटरफेस को उपयोगकर्ता के लिए अधिक अनुकूल बनाया गया है। सक्षम एप के माध्यम से दिव्यांग वोटर मतदाता सूची में अपना नाम चेक करने के अलावा पोलिंग बूथ की लोकेशन, बूथ तक आवागमन के लिए व्हीलचेयर के लिए अनुरोध कर सकता है। नये मतदाता के रूप में अपना पंजीकरण करवा सकता है, वोटर कार्ड में सुधार, वोटर कार्ड को आधार से जुड़वाने या चुनावी प्रक्रिया से संबंधित अन्य प्रकार की सेवाओं के लिए अनुरोध कर सकता है। यहां तक चुनाव लड़ रहे उम्मीदवार के बारे में जानकारी प्राप्त कर सकता है। उन्होंने बताया कि सक्षम एप द्वारा दिव्यांग मतदाता मतदान को लेकर किसी भी प्रकार की समस्या के लिए संपर्क कर सकता है व शिकायत भी दर्ज कर सकता है। इसके अलावा चुनावों से संबंधित ज्ञानवर्धन के लिए काफी लेख भी सक्षम एप पर उपलब्ध हैं।

## एक्सएलआरआई जमशेदपुर ने दो दिवसीय सम्मेलन का आयोजन किया

**जमशेदपुरः** एक्सएलआरआई जेवियर स्कूल ऑफ मैनेजमेंट ने 26 और 27 अगस्त, 2024 को गर्व से आयोजन किया। इस ऐतिहासिक कार्यक्रम ने विचारकों, एचआर पेशेवरों, उद्योग विशेषज्ञों और शिक्षाविदों को एक साथ लाया। संगठनात्मक स्थिरता, नैतिकता और कर्मचारी कल्याण को बढ़ावा देने में मानव संसाधन प्रबंधन की महत्वपूर्ण भूमिका का पता लगाएं। कॉन्क्लेव की शुरुआत साउंड ईस्टर्न कोलफील्ड्स लिमिटेड के कार्मिक निदेशक बिरसी दास के नेतृत्व में ज्ञान और ज्ञान की रोशनी का प्रतीक, एक औपचारिक दीप प्रज्ज्वलन के साथ हुई। उनके साथ फादर एस जॉर्ज, एस.जे. भी थे, (निदेशक), प्रो. संजय पात्रो (डीन एकेडमिक्स), फादर डोनाल्ड डिसिल्वा, एस.जे. (डीन एडमिनिस्ट्रेशन एंड फाइनेंस, छात्र), और प्रो. जतिंदर कुमार झा (संयोजक, एचआर कॉन्क्लेव)।

# आवारा सांड की टक्कर से बाइक चालक की मौत, घर से काम पर जा रहा था

टीम एक्शन इंडिया
राजकुमार प्रिंस

**करनाल।** मेरठ रोड पर आवारा सांड की टक्कर से बाइक चालक की मौत हो गई। सांड के नुकीले सींग युवक के सीने में घुसे थे। सींग दिल में घुसे, जिसकी वजह से मौके पर ही मौत हो गई। युवक अपने घर से काम पर जा रहा था। घटना की सूचना के बाद पुलिस मौके पर पहुंची और शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों को सौंप दिया गया।

मृतक की पहचान 24 साल के हरदीप सैनी के रूप में हुई। वह यूपी के शामली के उल्हेनी गांव का रहने वाला था। हरदीप करनाल के एक



निजी अस्पताल में काम करता था और हर रोज की तरह अपनी ड्यूटी पर जा रहा था। चचेरे भाई दिनेश ने बताया कि मेरठ रोड पर अंधेड़ा के पास एक आवारा सांड डिवाइडर क्रॉस करके अचानक बाइक के सामने आ गया। आमने-सामने की टक्कर हुई और सांड के नुकीले सींग बाइक चालक युवक के सीने में जा घुसे। सींग दिल में घुसा था। युवक सड़क पर जा गिरा और मौके पर ही दम तोड़ दिया। हादसा होता देख आसपास के लोग मौके पर एकत्रित हो गए। सांड आसपास के खेतों की तरफ निकल गया। उन्होंने कहा कि आवारा पशुओं के कारण हाईवे और सड़कों पर अक्सर हादसे होते है, लेकिन इनकी तरफ प्रशासन का कोई ध्यान नहीं होता। इसलिए प्रशासन इन आवारा पशुओं को गौशाला में छोड़ने का काम करे, ताकि हादसों पर कुछ लगाम लग सके।

# 10 सितंबर को डीटीपी कार्यालय के बाहर करेंगे प्रदर्शनः स्वामी

टीम एक्शन इंडिया
पानीपत/( कमाल हुसैन )

10 सितंबर को जन आवाज सोसाइटी के सदस्य जिला नगर योजनाकार कार्यालय के बाहर प्रदर्शन कर सरकारी पार्क, ग्रीन बेल्ट, यूडीलैंड और रास्ता बेचकर सरकार के साथ सैकड़ो करोड़ का घोटाला करने वाले टीडीआई मालिक उसके मैनेजरों, भूमाफियाओं और इस भ्रष्टाचार में शामिल अधिकारियों पर आपराधिक मामला दर्ज करने की मांग को लेकर डीटीपी कार्यालय के बाहर प्रदर्शन करेंगे यह बात जोगिंदर स्वामी पूर्व जिला पार्षद ने प्रेस को जारी विज्ञप्ति में कहीं उन्होंने कहा कि? उनके द्वारा कई महीनो से टीडीआई मालिक द्वारा पार्क, ग्रीन बेल्ट, यूडी लैंड और रास्ता बेचकर सरकार के साथ



करोड़ों रुपए का घोटाला करने की शिकायतें डीटीपी से लेकर महानिदेशक कंट्री एंड टाउन प्लानिंग विभाग चंडीगढ़ तक भेजी जा रही है लेकिन यह विभाग आंख बंद कर मामले को दबाने का प्रयास कर रहा है।

उन्होंने कहा कि टीडीआई मालिक उसके मैनेजरों और भूमाफियाओं द्वारा सुनियोजित षड्यंत्र के तहत नगर निगम, तहसील कार्यालय और कंट्री टाउन प्लानिंग विभाग के साथ मिली भगत करके धोखाधड़ी, जालसाजी , फर्जी दस्तावेजों के आधार पर सरकारी जमीन पार्क, ग्रीन बेल्ट, यूडीलैंड और रास्तों की प्रॉपर्टी आईडी बनवाकर तहसील कार्यालय में करोड़ों रुपए के रेवेन्यू की चोरी कर सरकार के साथ सैकड़ों करोड़ का घोटाला किया इस मामले में शहर के कुछ प्रमुख सामाजिक संस्थाओं से जुड़े उद्योगपतियों ,सत्तापक्ष के बड़े नेताओं और पार्षदों का नाम आने के बाद शहर में भूचाल सा आ गया है और यह सभी लोग इस मामले को दबाने मे लगे हुए हैं। स्वामी ने

**विरोध**

**▶▶ उद्यमियों के नाम रजिस्ट्री में शामिल होने से मामला दबाने का प्रयास, सीबीआई से जांच की मांग**

कहा कि आने वाली 10 सितंबर को वह अपनी टीम के साथ जिला योजनाकार कार्यालय के बाहर टीडीआई में फर्जीवाड़े से बनी प्रॉपर्टी आईडी और रजिस्ट्रीया टीडीपी को ज्ञापन स्वरूप सौंप कर उनको उनके कर्तव्य का एहसास दिलाते हुए इस भ्रष्टाचार में शामिल टीडीआई मालिक उसके मैनेजरों भूमाफिया और अधिकारियों पर आपराधिक मामला दर्ज करने की मांग करेंगे।

## संपादकीय

# आप पार्टी व कांग्रेस में गठबंधन की तैयारी

**दिल्ली** चुनाव के बाद हरियाणा में ये भी लगभग साफ हो गया था कि कांग्रेस और आम आदमी पार्टी विधानसभा का चुनाव अलग-अलग लड़ेंगी। हरियाणा कांग्रेस के दिग्गज नेता और पूर्व मुख्यमंत्री भूपिंदर सिंह हुड्डा ने कहा कि लोकसभा चुनाव में गठबंधन नेशनल लेवल पर था, लेकिन विधानसभा चुनाव में कोई गठबंधन नहीं होगा। हरियाणा में कांग्रेस और आप ने साथ मिलकर चुनाव लड़ा था। राज्य की 10 लोकसभा सीटों में से 5 पर कांग्रेस ने जीत दर्ज की, जबकि 5 सीटें भाजपा के खाते में गईं। इससे पहले आप ने दिल्ली विधानसभा चुनाव में कांग्रेस के साथ किसी भी गठबंधन से इनकार करते हुए कहा था कि यह शुरू से ही स्पष्ट था कि गठबंधन की मौजूदा व्यवस्था केवल लोकसभा चुनाव के लिए थी।

गौरतलब है कि लोकसभा चुनावों में आप और कांग्रेस ने दिल्ली, हरियाणा और गुजरात में सीट बंटवारे की व्यवस्था की, जबकि वे असम और पंजाब में एक-दूसरे के खिलाफ लड़े। गोपाल राय ने कहा कि हमने बेहद विपरीत परिस्थितियों में लोकसभा चुनाव लड़ा। हमारे शीर्ष नेता जेल में हैं। सभी सीटों पर जीत का अंतर कम हो गया है। केजरीवाल की गिरफ्तारी के बाद आप कार्यकताओं में निराशा थी लेकिन पार्टी कठिन परिस्थितियों में भी एकजुट रही और तानाशाही के खिलाफ अच्छी लड़ा।दिल्ली के नतीजों पर उन्होंने कहा कि आप-कांग्रेस गठबंधन का सबसे बड़ा फायदा यह हुआ कि भाजपा उम्मीदवारों की जीत का अंतर कम हो गया।

अब जब हरियाणा विधानसभा चुनाव को लेकर सभी राजनीतिक दल अपनी अपनी तैयारी में जुटे हुए हैं। इन सबके बीच आम आदमी पार्टी और कांग्रेस के बीच हरियाणा में गठबंधन को लेकर वापस चचाएं तेज हो गई है। वहीं दावा किया जा रहा है कि गठबंधन को लेकर आम आदमी पार्टी के राज्यसभा सांसद राघव चड्ढा और कांग्रेस महासचिव के केसी वेणुगोपाल के बीच मुलाकात हो रही है। वही, आम आदमी पार्टी 20 सीटों से कम पर करने को तैयार नहीं है। सूत्रों का कहना है कि आम आदमी पार्टी 90 में से 20 सीटों पर चुनाव लड़ने का दावा ठोक सकती रही है। वैसे सिरसा हरियाणा से निकलने वाले अखबार ह्यपल पल ह्य के संपादक सुरेन्द्र भाटिया के अनुसार आप पार्टी की सीटों की संख्या 5 से 7 सीटों की व 2 सीट सपा व 1 सीट सीपीआई की हो सकती है । फिलहाल वैसे आप पूरे के पूरे 90 सीटों पर अपने उम्मीदवार उतारने की तैयारी में थी ।

जब आप हरियाणा अध्यक्ष सुशील गुप्ता से हरियाणा में कांग्रेस के साथ गठबंधन के बारे में पूछा गया तो उन्होंने कहा कि ये फैसला आलाकमान लेगा। उन्होंने कहा कि गठबंधन हाईकमान का मामला है, अगर हाईकमान कहेगा तो मैं अपनी बात उनके सामने रखूंगा। इसके साथ ही उन्होंने कहा कि मेरा स्पष्ट मानना है कि आम आदमी पार्टी को 4-5 सीटों (गठबंधन में) पर सहमत नहीं होना चाहिए। हमारा फोकस सभी 90 सीटों पर है। लेकिन एक अनुशासित सिपाही होने के नाते हमारा राष्ट्रीय नेतृत्व जो फैसला लेगा, हम उसे स्वीकार करेंगे।

बताया जाता है कि कांग्रेस सांसद राहुल गांधी आगामी हरियाणा विधानसभा चुनाव के लिए अपनी पार्टी और आम आदमी पार्टी (आप) के बीच गठबंधन के इच्छुक हैं।

# ज्ञान के दीपक होते हैं शिक्षक




रमेश सर्राफ धमोरा

> "उदाहरण के लिए अर्जुन भगवान श्रीकृष्ण को अपना मित्र मानते थे। वही मीरा बाई भगवान श्रीकृष्ण को अपना प्रेमी। ठीक इसी प्रकार से यह शिक्षक के उपर भी लागू होता है। इसीलिए कहते हैं कि शिक्षक समाज का पथ प्रदर्शक होता है। शिक्षक दिवस को स्कूल, कॉलेज, विश्वविद्यालय और शैक्षणिक संस्थानों में शिक्षक और विद्यार्थियों के द्वारा बहुत ही खुशी और उत्साह के साथ मनाया जाता है। इस दिन विद्यार्थियों से शिक्षकों को ढ़ेर सारी बधाईयां मिलती है। भारत में शिक्षक दिवस शिक्षको के सम्मान में मनाया जाता है। शिक्षक पूरे वर्ष मेहनत करते है और चाहते है कि उनके छात्र विद्यालय और अन्य गतिविधियों में अच्छा प्रदर्शन करें। शिक्षक दिवस पर पूरे देश के विद्यालयों में विभिन्न प्रकार के कार्यक्रमों का आयोजन किया जाता है"

**कहा** जाता है कि गुरु के बिना ज्ञान अधूरा रहता है। यह बात बिल्कुल सत्य है। हमारे जीवन में सबसे पहली गुरु तो मां होती है जो हमें जन्म लेते ही हर बातों का ज्ञान कराती है। मगर विद्यार्थी काल में बालक के जीवन में शिक्षक एक ऐसा गुरु होता है जो उसे शिक्षित तो करता ही है साथ ही उसे अच्छे बुरे का ज्ञान भी कराता है। पहले के समय में तो छात्र गुरुकुल में शिक्षक के पास रहकर वर्षों विद्या अध्ययन करते थे। उस दौरान गुरु अपने शिष्यों को विद्या अध्ययन करवाने के साथ ही स्वावलंबी बनने का पाठ भी पढ़ाते थे। इसीलिए कहा गया है कि गुरु गोविंद दोऊ खड़े काके लागू पाय, बलिहारी गुरु आपने गोविंद दियो बताए। गुरु का स्थान ईश्वर से भी बड़ा माना गया है, क्योंकि गुरु के माध्यम से ही व्यक्ति ईश्वर को भी प्राप्त करता है। हमारे जीवन को संवारने में शिक्षक एक बड़ी और महत्वपूर्ण भूमिका निभाते है। सफलता प्राप्ति के लिये वो हमें कई प्रकार से मदद करते है। जैसे हमारे ज्ञान, कौशल के स्तर, विश्वास आदि को बढ़ाते है तथा हमारे जीवन को सही आकार में ढ़ालते है। कबीर दास ने शिक्षक के कार्य को इन पंक्तियो में समझाया है:-

**गुरु कुम्हार शिष कुंभ है, गढ़ि गढ़ि काढ़ै खोट, अंतर हाथ सहार दै, बाहर बाहै चोट**

**कबीर** दास जी कहते है कि शिक्षक एक कुम्हार की तरह है और छात्र पानी के घड़े की तरह। जो उनके द्वारा बनाया जाता है और इसके निर्माण के दौरान वह बाहर से घड़े पर चोट करता है। इसके साथ ही सहारा देने के लिए अपना एक हाथ अंदर भी रखता है। शिक्षक हमें जीवन में सफलता के लिए आवश्यक ज्ञान और कौशल देते हैं। शिक्षक हमारे व्यक्तित्व को तैयार करते हैं। चरित्र को ढालने और मूल्यों को स्थापित करने में मदद करते हैं। हमें एक अच्छा नागरिक भी मनाने में मदद करते हैं। शिक्षक ही है जो छात्रों को जीवन का नया अर्थ सिखाता है। वे हमें सही रास्ता दिखाते हैं और कुछ भी गलत करने से रोकते हैं। वे बाहर से देख सकते हैं। वे प्रत्येक छात्र की देखभाल करते हैं और उनके विकास की कामना करते हैं। उस छात्र को मत भूलो जो छात्र अपने शिक्षकों का सम्मान नहीं करता है। वह जीवन में कभी आगे नहीं बढ़ता है। शिक्षक छात्र के व्यक्तित्व को ढालते हैं। वे एकमात्र निःस्वार्थ व्यक्ति हैं जो खुशी-खुशी बच्चों



को अपना सारा ज्ञान देते हैं। शिक्षक विद्यार्थियो के जीवन के वास्तविक निमार्ता होते हैं जो न सिर्फ हमारे जीवन को आकार देते हैं। बल्कि हमें इस काबिल बनाते हैं कि हम पूरी दुनिया में अंधकार होने के बाद भी प्रकाश की तरह जलते रहें। शिक्षक समाज में प्रकाश स्तम्भ की तरह होता है। जो अपने शिष्यों को सही राह दिखाकर अंधेरे से प्रकाश की और ले जाता है। शिक्षकों के ज्ञान से फैलने वाली रोशनी दूर से ही नजर आने लगती है। इस वजह से हमारा राष्ट्र ढ़ेर सारे प्रकाश स्तम्भों से रोशन हो रहा है। इसलिये देश में शिक्षकों को सम्मान दिया जाता है। शिक्षक और विद्यार्थी के बीच के रिश्तों को सुदृढ़ करने को शिक्षक दिवस एक बड़ा अवसर होता है। पुराने समय में शिक्षकों को चरण स्पर्श कर सम्मान दिया जाता था। परन्तु आज के समय में शिक्षक और छात्र दोनो ही बदल गये है। पहले शिक्षण एक पेशा ना होकर एक उत्साह और एक शौक का कार्य था। पर अब यह मात्र एक आजीविका चलाने का साधन बनकर रह गया है। शिक्षक एक व्यक्ति के जीवन में बहुत ही महत्वपूर्ण भूमिका निभाते है। शिक्षक एक मार्गदर्शक, गुरु, मित्र होने के साथ ही और कई भूमिकाएं निभाते है। यह विद्यार्थी के उपर निर्भर करता है कि वह अपने शिक्षक को कैसे परिभाषित करता है। संत तुलसी दास के ने इसे नीचे के पंक्तियों में बहुत ही अच्छे तरीके से समझाया है।

**जाकी रही भावना जैसी, प्रभु मूरत देखी तिन तैसी**

संत तुलसी दास ने बताया है कि भगवान, गुरु एक व्यक्ति को वैसे ही नजर आयेंगे जैसा कि वह सोचेगा। उदहारण के लिए अर्जुन भगवान श्रीकृष्ण को अपना मित्र मानते थे। वही मीरा बाई भगवान श्रीकृष्ण को अपना प्रेमी। ठीक इसी प्रकार से यह शिक्षक के उपर भी लागू होता है। इसीलिए कहते हैं कि शिक्षक समाज का पथ प्रदर्शक होता है। शिक्षक दिवस को स्कूल, कॉलेज, विश्वविद्यालय और शैक्षणिक संस्थानों में शिक्षक और विद्यार्थियों के द्वारा बहुत ही खुशी और उत्साह के साथ मनाया जाता है। इस दिन विद्यार्थियों से शिक्षकों को ढ़ेर सारी बधाईयां मिलती है। भारत में शिक्षक दिवस शिक्षको के सम्मान में मनाया जाता है। शिक्षक पूरे वर्ष मेहनत करते है और चाहते है कि उनके छात्र विद्यालय और अन्य गतिविधियों में अच्छा प्रदर्शन करें। शिक्षक दिवस पर पूरे देश के विद्यालयों में विभिन्न प्रकार के कार्यक्रमों का आयोजन किया जाता है। दुनियां के एक सौ से अधिक देशों में अलग-अलग समय पर शिक्षक दिवस मनाया जाता है। भारत में भूतपूर्व राष्ट्रपति डॉ सर्वपल्ली राधाकृष्णन के जन्म दिवस पांच सितम्बर को शिक्षक दिवस मनाया जाता है। डॉक्टर सर्वपल्ली राधाकृष्णन के जन्म दिवस को 1962 से शिक्षक दिवस के रूप में मनाया जाता है। उन्होंने अपने छात्रों से अपने जन्मदिन को शिक्षक दिवस के रूप में मनाने की इच्छा जताई थी। देश के पूर्व राष्ट्रपति डॉ राधाकृष्णन का जन्म पांच सितम्बर 1888 को तमिलनाडु के तिरुमनी गांव में एक ब्राह्मण परिवार में हुआ था। वे बचपन से ही किताबें पढ़ने के शौकीन थे और स्वामी विवेकानंद से काफी प्रभावित थे। डॉ सर्वपल्ली राधाकृष्णन एक महान शिक्षक थे। जिन्होंने अपने जीवन के 40 वर्ष अध्यापन पेशे को दिया है। वो विद्यार्थियों के जीवन में शिक्षकों के योगदान और भूमिका के लिये प्रसिद्ध थे। इसलिये वो पहले व्यक्ति थे जिन्होंने शिक्षकों के बारे में सोचा और हर वर्ष 5 सितंबर को शिक्षक दिवस के रुप में मनाने का अनुरोध किया। उनका निधन 17 अप्रैल 1975 को चेन्नई में हुआ था। डॉ सर्वपल्ली राधाकृष्णन ने 1909 में चेन्नई के प्रेसिडेंसी कॉलेज में अध्यापन पेशे में प्रवेश करने के साथ ही दर्शनशास्त्र शिक्षक के रुप में अपने करियर की शुरूआत की थी। उन्होंने बनारस, चेन्नई, कोलकाता, मैसूर जैसे कई प्रसिद्ध विश्वविद्यालयों तथा विदेशों में लंदन के ऑक्सफोर्ड जैसे विश्वविद्यालयों में दर्शनशास्त्र पढ़ाया था। अध्यापन पेशे के प्रति अपने समर्पण की वजह से उन्हें 1949 में विश्वविद्यालय छात्रवृत्ति कमीशन का अध्यक्ष नियुक्त किया गया था। हर देश में इस दिवस को मनाने की तारीख अलग-अलग है। चीन में 10 सितम्बर तो अमेरिका में छह मई, ऑस्ट्रेलिया में अक्तूबर का अंतिम शुक्रवार, ब्राजील में 15 अक्तूबर और पाकिस्तान में पांच अक्तूबर को शिक्षक दिवस मनाया जाता है। इसके अलावा ओमान, सीरिया, मिस्र, लीबिया, संयुक्त अरब अमीरात, यमन, सऊदी अरब, अल्जीरिया, मोरक्को और कई इस्लामी देशों में 28 फरवरी को शिक्षक दिवस के रूप में मनाया जाता है। वर्तमान समय में शिक्षकों का समाज में सम्मान कम होने लगा है। बहुत से शिक्षकों की घटिया हरकतों ने उनको समाज की नजरों से गिरा दिया है। स्कूल, कालेजों में छात्र, छात्राओं के साथ शिक्षकों द्वारा नीच हरकते करने के चलते शिक्षण जैसा पवित्र कार्य बदनाम होता जा रहा है। मौजूदा दौर में शिष्य भी कुछ कम नहीं हैं। छात्रों की अनुशासनहीना के चलते स्कूल, कालेजों में शिक्षा का वातावरण समाप्त होता जा रहा है।

गुरू शिष्य को एक दूसरे की भावनाओं को समझ कर मिलजुल कर ज्ञान की ज्योति जलानी होगी। शिक्षक दिवस मनाने के साथ हमें शिक्षण कार्य की पवित्रता को फिर से बहाल करने की प्रतिज्ञा भी लेनी होगी। तभी हमारा शिक्षक दिवस मनाना सार्थक हो **पायेगा।**

**(लेखक राजस्थान सरकार से मान्यता प्राप्त स्वतंत्र पत्रकार हैं।)**

## कविता

### शिक्षकों को नमन

शिक्षक हैं तो ज्ञान है।
ज्ञान है तो शान है
ज्ञान बढ़ाओ
देश की आन बढ़ाओ।

शिक्षकों का मान
सम्मान बढ़ाओ
देश का गौरव
आन-बान और शान
जोर-शोर से बढ़ाओ।

शिक्षक है तो ज्ञान है
ज्ञान है तो विज्ञान है
विज्ञान है तो ब्रह्मांड है
और ब्रह्मांड है
तो सत्य है ।

शिक्षक हैं तो सत्य है
सत्य के आगे
मिथ्या ,अंधविश्वास
आडंबर कट्टरपंथ
सब निरर्थक है।

शिक्षक हमें आज्ञानता
के तमस से ज्ञान के
उजाले की ओर ले जाते

संजीव

---------

## गुरू कुम्हार शिष्य कुंभ है !

**(5 सितंबर शिक्षक दिवस विशेष)**

**सभी** जानते हैं कि 5 सितंबर को शिक्षक दिवस के रूप में मनाया जाता है। शिक्षक का मतलब है-" विद्या या ज्ञान देने वाला।" या दूसरे शब्दों में कहें तो शिक्षा देने वाले को शिक्षक कहते हैं। सर्वप्रथम यही कहना चाहूंगा कि -"अज्ञान तिमिरान्धस्य ज्ञानाञ्जन शलाकया । चक्षुरुन्मीलितं येन तस्मै श्री गुरवे नमः।"यानी कि ज्ञान के अज्ञान रूपी अंधकार से अंधे लोगों की आंखें खोलने वाले गुरु को नमस्कार। वास्तव में, देखा जाए तो एक शिक्षक ही देश के भाग्य का निमार्ता होता हैं। वह शिक्षकों को नयी दिशा, नया मोड़ देने की क्षमता रखता है। हम यूं भी कह सकते हैं कि

शिक्षक ही वह व्यक्ति है जो बालक के व्यक्तित्व का सर्वांगीण विकास कर उसमें अच्छे मूल्यों, संस्कृति, संस्कारों और आदर्शों को विकसित करता है जिससे कि वो आगे चलकर देश के उत्तम नागरिक बनें और देश की उन्नति एवं विकास में अपना योगदान दे सकें। शिक्षकों के कंधों पर बहुत बड़ा उत्तरदायित्व होता है। वास्तव में शिक्षक ही गुरू है। मतलब अंधकार से प्रकाश की ओर ले जाने वाला। वह तो नारायण रूप है। शायद इसीलिए कहा भी गया है-"बंदउँ गुरु पद कंज कृपा सिंधु नररूप हरि। महामोह तम पुंज जासु बचन रबिकर निकर।।" इन पंक्तियों का भावार्थ यह है कि गुरु को नारायण का रूप माना गया हैं। हमेशा हमलोग अपने गुरु के चरण कमलों की वंदना करते हैं। ऐसा कहा जाता है, कि सूरज के उगने से फैला सारा अँधेरा नष्ट हो जाता हैं। इसी तरह गुरु हमारे मोहरूपी सभी अंधकार को खत्म कर देता हैं। गुरू या शिक्षक के बिना ज्ञान मिलना मुश्किल है, क्योंकि गुरू ही ज्ञान की ओर ले जाता है, वह हमें जीवन के सही मार्ग की ओर अग्रसर करता है, एक गुरु ही अपने शिष्य का भला बुरा जानता है और शिष्य को बुरे मार्ग पर जाने से रोकता है और अच्छे मार्ग, अच्छे संस्कारों से जोड़ता है। हम करोड़ों शास्त्र पढ़कर भी ज्ञानवान नहीं बन सकते, बहुत ज्यादा बोलकर जीवन में आगे नहीं बढ़ सकते। गुरु हमारे जीवन में एक सेतु है जिसके सहारे हम अपनी नैय्या को पार लगा सकते हैं, जीवन पथ पर आगे बढ़ सकते हैं। संस्कृत में बड़े ही सुंदर शब्दों में यह कहा गया है कि - "किमत्र बहुनोक्तेन शास्त्रकोटि शतेन च । दुर्लभा चित्त विश्रान्तिः विना गुरुकृपां परम् ॥" संस्कृत में लिखी गई इन पंक्तियों का भावार्थ यह है कि बहुत ज्यादा बोलने से क्या? करोड़ों शास्त्रो को पढने से क्या? चित की शाति ही परम शांति है, और यह सब गुरु के बिना मिलना मुश्किल होता है। वास्तव में एक शिक्षक सदैव अपने शिष्यों के हित व कल्याण की बात करते हैं। वे अपने शिष्यों को सदैव आगे बढ़ा हुआ देखना चाहते हैं। वे हमें तत्वबोध करवाते हैं, जीवन की सच्चाइयों से रूबरू करवाते हैं। तभी तो कहा गया है कि हे गुरुदेव, आप मेरे माता-पिता के समान हैं, आप मेरे भाई और साथी हैं, आप ही मेरा ज्ञान और मेरा धन हैं। हे प्रभु तू ही सब कुछ है।

## ब्यूटी टिप्स

# दुल्हन के हाथों और नाखूनों के सौन्दर्य टिप्स

**शहनाज हुसैन**

**आमतौर** पर लड़कियां अपनी शादी की तैयारी के लिए अपने चेहरे और बालों का विशेष रूप से ध्यान देती हैं जबकि हाथों और नाखूनों की देखभाल को नजरअंदाज कर देती हैं।

दुल्हन के सौन्दर्य में हाथ और नाखून सबसे ज्यादा उपेक्षित रहते हैं जबकि शादी के फोटो , वीडियो और रील्स में सबसे ज्यादा इन्हीं पर फोकस रहता है। शादी के दिन आपको सबसे ज्यादा फोटोग्राफ किया जाता है और इनमे से ज्यादा फोटोग्राफ्स हाथों पर फोकस होते हैं। मेहंदी की रस्म , रिंग सेरेमनी,बर माला सहित अनेक धार्मिक संस्कारों में हाथों पर ही फोकस रहता है। हाथों और नाखूनों की सुन्दरता दुल्हन के श्रृंगार का अहम हिस्सा माना जाता है।

शादी से हफ्ता भर पहले दुल्हन का ज्यादा समय ब्यूटी अपॉइंटमेंट में गुजरता है / हेयर कलर रिफ्रेश , दांतों की सफेदी सहित ब्यूटी से जुडी अनेक औपचरिकताएँ इसी समय में पूरी की जाती हैं।इन सभी ऑपरचिकताओं के बीच में ब्राइडल नेल अपॉइंटमेंट भी काफी अहम मानी जाती है क्योंकि शादी के दिन आपके हाथों पर सभी की निगाह टिकी होती है। चाहे आप रिंग एक्सचेंज कर रही हैं या वेडिंग बैंड सेरेमनी हो , इन सभी की क्लोज फोटोग्राफी में हाथों पर विशेष फोकस रहता है। आजकल ज्यादातर दुल्हनें शादी से पहले अपने नाखूनों की खूबसूरती के लिए विवाह से कुछ दिन पहले मैनीक्योर का सहारा लेती हैं ताकि उनके नाखून परफेक्शन से पोलिश किये जा सकें। लेकिन शादी से दो महीने पहले से हर हफ्ते नियमित रूप से मैनीक्योर करबाना शुरू करें तो बेहतर परिणाम सामने आएंगे आप इस बात से कंफ्यूज हैं की शादी से कितने दिन पहले नाखूनों पर ध्यान दिया जाये तो में यह बता दूँ की इसमें सही बक्त काफी महत्वपूर्ण होता है /अगर आप इन्हें समय से पहले ट्रीट करवाती हैं तो इनके टूटने और नुकसान का खतरा बना रहता है इसलिए बेहतर होगा की आप दो या तीन दिन पहले मैनीक्योर पर ध्यान दें जिससे मैनीक्योर फ्रेश रहती है तथा अंतिम समय में टच अप की जा सकती है।हाथों को साफ रखना जरूरी है लेकिन इस बक्त अगर आप कोई घरेलू कार्य करती हैं तो हाथों में दस्ताने जरूर पहने/ खाना पकाना, घर की सफाई , या किसी केमिकल का प्रयोग करती बार सावधानी बरतें क्योंकि ये नाखूनों को सबसे ज्यादा नुकसान पहुंचाते हैं।

नहाते समय नाखुनो को पानी में ज्यादा न डुबोएँ क्योंकि गीले नाखून मुलायम और कमजोर पड़ जाते हैं जिससे उनके टूटने का खतरा ज्यादा बढ़ जाता है। शादी के दिन लम्बे नाखून काफी परेशानी डाल सकते हैं तथा फोटोग्राफ में बेहतर लुक नहीं देंगे /दुल्हन को बोल्ड कलर काफी बेहतर लगेंगे लेकिन कलर चुनने से पहले उसे यह सुनिश्चित करना चाहिए की बह कलर के प्रति पॉजिटिव है /शादी से पहले नाखूनों को मजबूत रखने के लिए इसका उचित उपचार जरूरी है। नाखून केराटिन नामक प्रोटीन से बने होते हैं इसलिए केराटिन प्रोटीन के माध्यम से नाखूनों की सेहत को संभाला जा सकता है। नाखूनों की सुन्दरता में हाइड्रेशन काफी महत्वपूर्ण भूमिका अदा करती है। इसलिए इस दौरान उचित मात्रा में पानी ,जूस, सूप और सलाद का सेवन करें। अपने नाखूनों को तेल से नियमित रूप से कम से कम दो हफ्ता कंडीशन करें। रात को सोने से पहले बादाम तेल या नारियल तेल से क्यूटिकल की मालिश कीजिये। नेल प्लेट काफी छिद्रपूर्ण होती है इसलिए आप अगर नियमित रूप से रोजाना क्यूटिकल तेल का उपयोग करेंगी यह नेल प्लेट की गहराई तक जायेगा जिससे आपके नाखून वाटरप्रूफ हो जायेंगे और लोचदार बन जायेंगे। दो हफ्ता तक कंडीशन करने से आपके नाखून मजबूत और सख्त हो जायेंगे // स्वस्थ नाखून चिकने और सख्त होने चाहिए और उन पर कोई डेंट या खांचे नहीं होने चाहिए और उनका रंग एक जैसा होना चाहिए। नाखूनों के जैल पॉलिश ,डिप पाउडर , एक्रेलिक नेल्स को खुद हटाने से बचें क्योंकि गलत तरीके से हटाने से नाखूनों को नुकसान हो जाता है और नाखून भद्दे और गन्दे दिखेंगे। हाथों को कोमल और मुलायम रखने के लिए माइसचराइजशन काफी जरूरी होता है।


## एक्शन इंडिया दैनिक

**भगवान शंकर जी के ग्यारहवें रुद्रावतार हनुमान जी (मेंहदीपुर, श्री बाला जी) के संरक्षण में संचालित किया जाता है। समाचार-पत्र का यह अंक भी उन्हीं के चरणों में श्रद्धापूर्वक समर्पित है।**

**आरएनआई: DELHIN / 2006 / 19302**

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक एवं संपादक रवि भारद्वाज, एक्शन बालाजी हाउस, बी-244, मजलिस पार्क, लेन-3, राकेश भारद्वाज चौक के नजदीक, दिल्ली-33 ने मारुतिनंदन प्रिंटर्स एंड पब्लिशर्स, शक्ति कॉम्प्लेक्स, 6/18, समयपुर इंडस्ट्रियल एरिया, दिल्ली-110042 से छपवाकर प्रकाशित किया।

"एक्शन इंडिया" में प्रकाशित लेखों में व्यक्त किये गये विचार एवं दृष्टिकोण संबंधित लेखक के हैं। संपादक केवल पीआरबी एक्ट के तहत ही उत्तरदायी। किसी भी विवाद का न्यायिक क्षेत्र दिल्ली ही होगा।

**संस्थापक : श्रद्धेय राकेश भारद्वाज जी**
**समूह संपादक : रवि भारद्वाज ( 9999889104)**
**मेट्रो संपादक : दीपक कांडपाल (8447314925)**
ई-मेल : actionindianews@gmail.com



### वैधानिक सूचना

पाठकों को सलाह है कि एक्शन इंडिया, समाचार पत्र में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के आधार पर कोई निर्णय लेने से पहले विज्ञापन में प्रकाशित उक्त उत्पाद या सेवा के बारे में आवश्यक जांच-पड़ताल कर लें। समाचार पत्र प्रबंधक किसी भी विज्ञापन में गुणवत्ता, सेवा आदि के विवरण के बारे में विज्ञापनदाता द्वारा किए गए दावे या उल्लेख की पुष्टि या समर्थन नहीं करता है। अतः समाचार पत्र उक्त विज्ञापनों के बारे में किसी प्रकार से उत्तरदायी नहीं होगा।


## चिंतन

# एक पूर्ण सत्गुरु अध्यात्म के विषय में निपुण होते हैं

**– संत राजिन्दर सिंह जी महाराज**

**आज का** दिन हम सब शिक्षक दिवस या टीचर्स डे के रूप में मना रहे हैं। इस दिन हम अपने अध्यापकों और गुरुओं का सम्मान करते हैं। इस संसार में जब भी हमारे बच्चे यदि कोई विषय सीखना चाहते हैं तो वे एक ऐसे अध्यापक के पास जाते हैं जो उसमें निपुण हो। हम सभी यह अच्छी तरह जानते हैं कि एक अध्यापक की बच्चों के जीवन में बहुत महत्त्वपूर्ण भूमिका होती है। उनके मार्गदर्शन में बच्चा न केवल पढ़ना-लिखना सीखता है बल्कि भविष्य में बढ़ा होकर उन्हें क्या बनना है? इसकी जानकारी भी उन्हें अध्यापक के द्वारा ही मिलती है। इसी प्रकार यदि हम अपने आपको आध्यात्मिक रूप से विकसित करना चाहते हैं तो उसके लिए हमें वक्त के किसी पूर्ण गुरु के चरण-कमलों में जाना होगा क्योंकि एक पूर्ण सत्गुरु अध्यात्म के विषय में निपुण होते हैं। इस धरती पर हर समय कोई न कोई पूर्ण सत्गुरु अवश्य मौजूद होते हैं, जो हमें ध्यान-अभ्यास के द्वारा अपने अंतर में मौजूद प्रभु-सत्ता के साथ जुड़ने में हमारी मदद करते हैं। जब हम उनके पास जाते हैं तभी हमें पता चलता है कि चौरासी लाख जियाजून में केवल मानव चोले में ही हम अपनी आत्मा का मिलाप पिता-परमेश्वर से करवा सकते हैं, जोकि मानव जीवन का मुख्य उद्देश्य है। वो हमें समझाते हैं कि पिता-परमेश्वर प्रेम के महासागर हैं, हमारी आत्मा उनका अंश होने के नाते प्रेम है और पिता-परमेश्वर को पाने का जरिया भी प्रेम ही है। वे न केवल आंतरिक अनुभव को पाने की विधि के बारे में हमें समझाते हैं बल्कि व्यक्तिगत तौर पर उसका हमें अनुभव भी देते हैं। इसके लिए जब वे हमें दीक्षा अथवा नामदान देते हैं तो हमें ध्यान-अभ्यास की विधि सिखाते हैं। वे हमें बताते हैं कि हम अपने ध्यान को दो भ्रूमध्य आँखों के बीच ह्यशिवनेत्रह्ण पर एकाग्र करें। जैसे-जैसे हम ध्यान-अभ्यास समय देते हैं तो हम अपने अंदर प्रभु की ज्योति और श्रुति का अनुभव करते हैं। जिस प्रकार एक अध्यापक का कार्य बच्चों को शिक्षा के जरिये उनकी इच्छा के अनुसार दुनियावी मकसद तक पहुँचाना होता है। ठीक उसी प्रकार एक सत्गुरु भी प्रेम के जरिये पिता-परमेश्वर से जुदा हुई रूहों को उनके निजधाम सचखंड पहुँचा देते हैं। तो आईये! आज के दिन हम न सिर्फ अपने अध्यापकों का सम्मान करें बल्कि हम अपने आध्यात्मिक गुरुओं के प्रति भी आभार प्रकट करें क्योंकि उनके द्वारा ही हम इस जन्म-मरण के चक्र से मुक्ति पाकर पिता-परमेश्वर में लीन हो सकते हैं।

## स्वतंत्र कुमार की चुप्पी

**डॉ. सुरेश कुमार**

**गाँव का नाम** "आजादीपुर" था। नहीं, आप गलत मत समझिएगा, यह नाम अंग्रेजों से लड़ते हुए नहीं रखा गया था। यह नाम इसलिए रखा गया था ताकि लोगों को आजादी की ख्वाहिश न रहे, क्योंकि नाम में ही आजादी मिल गई थी। अब हमारे नायक को ही देखिए, उसका नाम भी "स्वतंत्र" था। लेकिन वह इतना स्वतंत्र था कि हर सुबह उठते ही खुद को दो थप्पड़ मारता, ताकि उसे याद रहे कि वह खुद के अलावा किसी और से स्वतंत्र नहीं है। गाँव में एक रिवाज था—हर सुबह पंचायत में जाकर कुछ नहीं बोलने का। और अगर कोई बोलने की हिम्मत करता, तो उसे "स्वतंत्रता पुरस्कार" मिल जाता—एक दिन की जेल, जिसमें वह पूरे दिन अपने ही विचारों में डूबा रहता। इससे बड़ी सजा क्या हो सकती थी? स्वतंत्र का घर भी स्वतंत्र था। वहां कोई दरवाजा नहीं था, ताकि हवा खुद तय कर सके कि कब आनी है और कब नहीं। पर उसके घर में चूल्हा जरूर था, जो बिना लकड़ी के जलता था, ताकि धुआं न निकले और सरकार को जलाने का कारण न मिल जाए। एक दिन स्वतंत्र ने सोचा, "क्यों न मैं भी कुछ कह दूँ?" पर फिर उसे याद आया कि गाँव में सबसे बड़े "कहने वाले" का क्या हाल हुआ था। उसे इतना कहने का शौक था कि उसने चुप रहना सीख लिया था। जब वह बोलता था, तो लोग तालियाँ बजाते थे, क्योंकि वह बोलने के बजाय चुप रहता था। गाँव में "स्वतंत्रता दिवस" मनाया जाता था, पर इसका मतलब यह था कि सब लोग एक दिन चुप रहते थे, ताकि पता चल सके कि वे कितने स्वतंत्र हैं। यह दिन तानाशाही के लिए भी खास होता था, क्योंकि उस दिन उसे किसी को चुप कराने की जरूरत नहीं पड़ती थी। सब लोग अपने-आप चुप हो जाते थे। स्वतंत्र का सबसे बड़ा सपना था—आसमान में उड़ना। पर जब वह छत पर चढ़ा, तो पुलिस ने उसे पकड़ लिया। उसे बताया गया कि आजादी से उड़ा जा सकता है, पर जमीन पर ही। इसलिए उसे दो दिन के लिए "स्वतंत्रता से छुट्टी" दे दी गई। स्वतंत्रता का मतलब यह था कि आप जो चाहे सोच सकते हैं, पर उसकी आवाज आपके गले से बाहर न निकले। अगर गलती से भी कोई विचार गले से निकल गया, तो वह "देशद्रोह" हो जाता था।

## न्यूज फ्लैश

### डैम कैपिटल एडवाइजर्स ने सेबी के पास दाखिल किया डीआरएचपी

**नोएडा:** डैम कैपिटल एडवाइजर्स लिमिटेड ने पूंजी बाजार नियामक भारतीय प्रतिभूति और विनिमय बोर्ड (सेबी) के पास अपना ड्राफ्ट रेड हेरिंग प्रॉस्पेक्टस (डीआरएचपी) दाखिल किया है। डैम कैपिटल वित्त वर्ष 2022 से 2024 तक राजस्व सीएजीआर के हिसाब से भारत में सबसे तेजी से बढ़ने वाला निवेश बैंक है। अपने समकक्षों की तुलना में डैम कैपिटल का वित्त वर्ष 2024 में प्रॉफिट मार्जिन सबसे अधिक है। वित्त वर्ष 2024 में आईपीओ और क्यूआईपी की संख्या के आधार पर 12.1% बाजार हिस्सेदारी के साथ यह भारत के अग्रणी निवेश बैंकों में से एक था। डीएएम कैपिटल (i) निवेश बैंकिंग के क्षेत्रों में इक्विटी कैपिटल मार्केट्स (ईसीएम), विलय और अधिग्रहण (एम एंड ए), निजी इक्विटी (पीई), और संरचित वित्त सलाहकार; और (ii) ब्रोकिंग और शोध संस्थागत इक्विटी के क्षेत्रों में वित्तीय समाधानों की एक विस्तृत श्रृंखला प्रदान करता है। कंपनी के आरंभिक सार्वजनिक निर्गम में इन्वेस्टर सेलिंग शेयरहोल्डर्स - मल्टीपल्स अल्टरनेट एसेट मैनेजमेंट, आरबीईन बैंक, ईजी एक्सेस फाइनेंशियल सर्विसेज और नरोत्तम सेखसरिया द्वारा 32.06 मिलियन शेयरों तक की ऑफर फॉर सेल शामिल है। प्रमोटर धर्मेश अनिल मेहता भी अपनी हिस्सेदारी का एक छोटा हिस्सा बेच रहे हैं। नुवामा वेल्थ मैनेजमेंट लिमिटेड आईपीओ के बुक रनिंग लीड मैनेजर हैं।

### जावा येजदी मोटरसाइकिल्स ने नई जावा 42 एफजे को लॉन्च किया

**नोएडा।** भारत में नियो-क्लासिक सेगमेंट की अग्रणी कंपनी जावा येजदी मोटरसाइकिल्स ने जावा 42 लाइफ सीरीज की नवीनतम सदस्य, बिल्कुल नई जावा 42 एफजे को लॉन्च किया है। 42 और 42 बॉबर की सफलता पर आधारित, जावा 42 एफजे 42 लाइफ थीम के लिए एक रोमांचक नया अध्याय है, जो बेहतर डिजाइन और बेजोड़ राइडिंग अनुभव के प्रति प्रतिबद्धता का जश्न मनाता है। इस मोटरसाइकिल का नाम जावा के दूरदर्शी संस्थापक फ्रांटिसेक जेनेक से प्रेरित है, जिसका उद्देश्य आज के मोटरसाइकिल उत्साही लोगों को एक बोल्ड, आधुनिक राइडिंग अनुभव प्रदान करना है। लाइन-अप में इस नए उत्पाद के साथ, जावा 2024 में इस सेगमेंट के लिए नया बेंचमार्क स्थापित करने के लिए डिजाइन, पावर, उपस्थिति और अत्याधुनिक तकनीक का मिश्रण करते हुए बढ़ी प्राप्ति करता है। जावा येजदी मोटरसाइकिल के सह-संस्थापक अनुपम थरेजा कहते हैं, 2024 जावा 42 मोटरसाइकिल इंजीनियरिंग के लिए हमारे डिजाइन-आधारित दृष्टिकोण का प्रतीक है। हमने इस बाइक के साथ अपना समय लिया है, कौशल-प्रदर्शन मैट्रिक्स की सीमाओं को आगे बढ़ाया है और शानदार प्रदर्शन, भव्य रूप और सटीक इंजीनियरिंग का एक बेहतरीन मिश्रण हासिल किया है। भारत में नियो-क्लासिक्स के अग्रदूत के रूप में, 42 एफजे हमारी चुनौती देने वाली भावना और विघटनकारी दृष्टिकोण का प्रमाण है। 42 लाइफ सीरीज के विस्तार के साथ, जावा ने मोटरसाइकिल फॉर्मेट में डिजाइन, कीमत और प्रदर्शन के आदर्श संतुलन को बढ़ाया है, ताकि समझदार सवारों की एक विस्तृत श्रृंखला को आकर्षित किया जा सके।

### टीबीबीडी 2024 से पहले फ्लिपकार्ट ने किया सप्लाई चेन नेटवर्क का विस्तार

**गुरुग्राम।** भारत का घरेलू ई-कॉमर्स मार्केटप्लेस फ्लिपकार्ट ने अपने टीबीबीडी 2024 से पहले नौ शहरों में 11 नए फुलफिलमेंट सेंटर (एफसी) लॉन्च किए हैं, जिससे देशभर में फ्लिपकार्ट के एफसी की संख्या 83 पर पहुंच गई है। सामाजिक-आर्थिक विकास के प्रति अपनी प्रतिबद्धता के साथ फ्लिपकार्ट रोजगार के अवसर सृजित करने पर ध्यान केंद्रित कर रहा है। ई-कॉमर्स मार्केटप्लेस देशभर में अपनी सप्लाई चेन में 1 लाख से ज्यादा नए रोजगार सृजित करेगा। इसका उद्देश्य स्थानीय समुदायों को सशक्त करते हुए इस साल त्योहारी सीजन के दौरान आर्थिक विकास को गति देने के साथ-साथ फ्लिपकार्ट की परिचालन क्षमताओं को मजबूत करना है। नई नियुक्तियों में सप्लाई चेन से संबंधित विभिन्न पद जैसे इन्वेंटरी मैनेजर, वेयरहाउस एसोसिएट, लॉजिस्टिक्स को-ऑर्डिनेटर, किराना पार्टनर्स और डिलीवरी ड्राइवर्स शामिल हैं। फ्लिपकार्ट ग्रुप के सीनियर वाइस प्रेसिडेंट और सप्लाई चेन, कस्टमर एक्सपीरियंस एवं रीकॉमर्स हेड हेमंत बद्री ने कहा, हमारे विस्तारित सप्लाई चेन नेटवर्क के साथ हम अपने उपभोक्ताओं की बढ़ती मांग को पूरा करने और उन्हें शॉपिंग का अद्वितीय अनुभव देने के लिए पूरी तरह से तैयार हैं। इसमें हमारे किराना पार्टनर्स के लिए विकास के अवसर सृजित करना भी शामिल है, जो यह सुनिश्चित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं कि त्योहारों के दौरान देशभर के दूरदराज के क्षेत्रों में समय पर ऑर्डर डिलीवर हो। सप्लाई चेन के विस्तार की हमारी योजनाओं का उद्देश्य फ्लिपकार्ट की शिपमेंट डिलीवरी क्षमता को बढ़ाना है, जिससे टीबीबीडी 2024 के दौरान ज्यादा तेज एवं ज्यादा भरोसेमंद सेवा सुनिश्चित हो। इसके अतिरिक्त, आगामी त्योहारी सीजन से पहले जुड़ने वाले नए कर्मियों के लिए हमने व्यापक कौशल विकास एवं प्रशिक्षण कार्यक्रम की योजना भी तैयार की है।

# केजरीवाल ने शानदार स्कूल-अस्पताल बनाए, वैसे ही हरियाणा में भी आप सरकार बनाएगी: सिसोदिया

**यह चुनाव किसी नेता और पार्टी का नहीं है, बल्कि आपके लिए अच्छे स्कूल-अस्पताल, नौकरी और सुरक्षा का चुनाव है- मनीष**

**टीम एक्शन इंडिया**
**गन्नौर: दिल्ली के पूर्व** उपमुख्यमंत्री और आम आदमी पार्टी के वरिष्ठ नेता मनीष सिसोदिया ने बुधवार को हरियाणा के गन्नौर में मेगा रोड शो किया। सोनीपत के गन्नौर में आयोजित रोड शो में उमड़ी लोगों की भीड़ ने पुष्पवर्षा कर मनीष सिसोदिया का स्वागत किया। इस दौरान समर्थकों ने झाड़ूवाले हरियाणा का हाल, अब लाएंगे केजरीवाल के जमकर नारे लगाए। मनीष सिसोदिया ने हरियाणा की जनता से अपील करते हुए कहा कि इस बार शानदार स्कूल-अस्पताल और बिजली के लिए अरविंद केजरीवाल को मौका दें। दिल्ली और पंजाब ने अरविंद केजरीवाल को मौका दिया तो वहां अब मुफ्त और 24 घंटे बिजली मिल रही है। दिल्ली में जैसे शानदार स्कूल-अस्पताल बने हैं,



झाड़ूवाले की सरकार बनने पर हरियाणा में भी वैसे ही शानदार स्कूल-अस्पताल बनाए जाएंगे। अरविंद केजरीवाल ने दिल्ली और पंजाब में काम करके दिखाया है और अब हरियाणा की बारी है। रोड शो में हाआपा हरियाणा के प्रदेश अध्यक्ष डॉ. सुशील गुप्ता और वरिष्ठ प्रदेश उपाध्यक्ष अनुराग ढांडा समेत अन्य वरिष्ठ नेता मौजूद रहे। रोड शो के दौरान मनीष सिसोदिया ने जनता से संवाद करते हुए कहा कि अगले एक महीने में हरियाणा में चुनाव होने वाला है। मैं आपके बीच प्रार्थना करने के लिए आया हूं कि ये चुनाव किसी नेता और पार्टी का नहीं है। बल्कि आपके बच्चों के स्कूल के लिए है। ये चुनाव इसलिए है कि अगले पांच साल आपके स्कूल और अस्पताल कैसे होंगी। ये चुनाव आपके बच्चों की नौकरी और महिलाओं की सुरक्षा के लिए है। मनीष सिसोदिया ने कि अरविंद केजरीवाल हरियाणा में पैदा हुए। अरविंद केजरीवाल आपके बेटे हरियाणा के लाल हैं। अरविंद केजरीवाल हरियाणा के एक छोटे से गांव में पैदा हुए और वहां से निकलकर दिल्ली के मुख्यमंत्री बने। दिल्ली के लोगों ने आपके बेटे को मौका दिया तो उन्होंने कमाल करके दिखा दिया। उन्होंने दिल्ली के सरकारी स्कूलों को वर्ल्ड क्लास स्कूल बनाया। आज दिल्ली में लोग अपने बच्चों को प्राइवेट स्कूलों से निकाल कर सरकारी स्कूलों में पढ़ा रहे हैं। उन्होंने कहा कि दिल्ली के लोगों ने अरविंद केजरीवाल को मौका दिया तो वहां के सरकारी अस्पताल अच्छे बन गए और मोहल्ला क्लीनिक बन गए। आज दिल्ली में अरविंद केजरीवाल की वजह से 90 फीसद घरों के बिजली बिल जीरो आ रहे हैं।

### किड्स प्लेनेट प्रेम पब्लिक स्कूल में शिक्षक दिवस मनाया



**टीम एक्शन इंडिया**
**दलबीर मलिक**
**किड्स** प्लेनेट प्रेम पब्लिक स्कूल, सेक्टर-3 कुरुक्षेत्र में शिक्षक दिवस बड़े हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। इस अवसर पर कक्षा आठवीं के विद्यार्थियों ने सभी अध्यापकों का तिलक लगाकर स्वागत किया और कार्यक्रम का शुभारंभ किया। स्कूल में सांस्कृतिक कार्यक्रमों के साथ-साथ विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन भी किया गया, जिसमें छात्रों ने शिक्षक बनकर कक्षाओं की जिम्मेदारी संभाली। कार्यक्रम की शुरुआत श्लोक उच्चारण से हुई, जिसमें विद्यार्थियों ने भारतीय संस्कृति की गरिमा को बनाए रखा। कक्षा पहली और दूसरी के बच्चों ने मनमोहक नृत्य प्रस्तुत किया, जबकि कक्षा चौथी के विद्यार्थियों ने शिक्षकों को समर्पित एक भावपूर्ण गीत गाया। कक्षा आठवीं के विद्यार्थियों द्वारा प्रस्तुत की गई हास्यप्रद स्किट ने दर्शकों को खूब गुदगुदाया और कार्यक्रम में जीवंतता भर दी। शिक्षक दिवस के इस विशेष अवसर पर विद्यार्थियों ने अध्यापकों को कार्ड देकर, केक काटकर, और उपहार देकर अपनी कृतज्ञता व्यक्त की। विद्यालय के प्रबंधक, श्री परमिंदर सिंह बाठ जी ने छात्रों को संबोधित करते हुए बताया कि 5 सितंबर को भारत के द्वितीय राष्ट्रपति और महान शिक्षाविद्, डॉ. सर्वपल्ली राधाकृष्णन की जयंती के रूप में शिक्षक दिवस मनाया जाता है।

### स्वीप अभियान के तहत जैन विद्या मंदिर स्कूल में किया गया मतदाता

**गन्नौर( सोनीपत):** अतिरिक्त उपायुक्त एवं स्वीप अभियान की नोडल अधिकारी अतिरिक्त उपायुक्त अंकिता चौधरी के निर्देशन में बुधवार को शिक्षा विभाग द्वारा जैन विद्या मंदिर स्कूल में मतदाता जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में खण्ड शिक्षा अधिकारी सतीश शर्मा ने उपस्थित छात्रों व शिक्षकों को 05 अक्टूबर को विधानसभा को लेकर होने वाले मतदान के दिन अपने वोट का प्रयोग करने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि संविधान द्वारा 18 वर्ष आयु पूरी करने वाले सभी नागरिकों को वोट डालने का समान अधिकार दिया गया है। ऐसे में सभी नागरिक अपने मताधिकार का प्रयोग करें।

# फोन चोरी करने वाला शातिर चोर गिरफ्तार

**टीम एक्शन इंडिया**
**पानीपत, ( कमाल हुसैन)**
थाना शहर पुलिस टीम ने दुकान व अन्य स्थानों से मोबाइल फोन चोरी करने वाले शातिर चोर को गिरफ्तार किया। आरोपी की पहचान सूरज निवासी राजीव कॉलोनी के रूप में हुई। थाना शहर प्रभारी इंस्पेक्टर राजबीर सिंह ने बताया कि उनकी टीम को मंगलवार को गश्त व जांच पड़ताल के दौरान गुप्त सूचना मिली थी कि संदिग्ध किस्म का एक युवक सनौली रोड पर दुर्गा मार्केट के पास मोबाइल फोन बेचने की फिराक में घूम रहा है। फोन चोरी का होने की संभावना है। पुलिस टीम ने मौके पर दबिश देकर युवक को काबू कर पूछताछ की तो उसने अपनी पहचान सूरज पुत्र रामफल निवासी राजीव कॉलोनी के रूप में बताई। मोबाइल फोन बारे पूछताछ करने पर आरोपी बहाने बाजी करने लगा। गहनता से पूछताछ की तो आरोपी ने उक्त मोबाइल 31 अगस्त को आर्य टैक्सटाइल की दुकान से चोरी करने बारे



स्वीकारा। मोबाइल चोरी की उक्त वारदात बारे थाना शहर में मंजू पुत्री सुरेंद्र निवासी देशराज कॉलोनी की शिकायत पर अभियोग दर्ज है। इंस्पेक्टर राजबीर सिंह ने बताया कि आरोपी टैक्सटाइल की दुकान में सामान देखने के बहाने घुसा। मौका मिलते ही दुकान से मोबाइल फोन चुरा लिया। पूछताछ में आरोपी ने उक्त वारदात के अतिरिक्त दो अन्य स्थानों से मोबाइल फोन चोरी करने की वारदात को अंजाम देने बारे स्वीकारा। पूछताछ में खुलासा हुआ आरोपी नशा करने का आदी है। नशे की लत पूरी करने के लिए आरोपी ने एकाएक कर मोबाइल चोरी की उक्त वारदातों का अंजाम दिया। आरोपी ने पूछताछ में पुलिस को बताया वह शराब ठेके के आस पास नशे की हालत में मिलने वाले लोगों के मोबाइल फोन चोरी करता था। इंस्पेक्टर राजबीर सिंह ने बताया कि आरोपी के कब्जे से चोरी के 3 मोबाइल फोन बरामद कर इनमे से 2 मोबाइल फोन के मालिक की पहचान न होने पर 106 बीएनएसएस के तहत कब्जा पुलिस में लेकर मंगलवार को पूछताछ के बाद आरोपी को माननीय न्यायालय में पेश किया जहा से आरोपी को न्यायिक हिरासत जेल भेज दिया गया।

### छात्र-छात्राओं व शिक्षकों को साईबर अपराध के बारे में किया जागरूक

**टीम एक्शन इंडिया**
**दिनेश नौताना**
**महेंद्र गढ़।** साइबर अपराध की रोकथाम के लिए और जनता को जागरूक करने के लिए पुलिस द्वारा प्रत्येक माह के पहले बुधवार को साइबर जागरूकता दिवस के रूप में मनाया जा रहा है। एसपी अर्श वर्मा के दिशानिर्देशों में जिला पुलिस द्वारा मल्टी-फैक्टर ऑथेंटिकेशन, मजबूत पासवर्ड, सॉफ्टवेयर अपडेट, फाइनेंसियल फ्रॉड से बचाव व सोशल मीडिया के सुरक्षित प्रयोग को केंद्र में रखकर आमजन को जागरूक किया जा रहा है। थाना शहर महेंद्रगढ़ से एसआई मनीषा ने साइबर अपराधों के प्रति जागरूक करते हुए बताया कि प्रायः देखने में आता है कि हर आयु वर्ग के लोग इंटरनेट का उपयोग करते समय अपने हित की साईबर सुरक्षा में चूक जाते हैं। जिसके कारण साईबर अपराध किसी-न-किसी रूप में उपयोगकर्ता को अपना शिकार बना लेता है। सोशल मीडिया प्लेटफार्म पर सामान खरीदने व बेचने के लिए विज्ञापन किया जाता है व लोगों से धोखाधड़ी की जाती है। साईबर ठगों द्वारा रिश्तेदार या परिचित व्यक्ति बनकर सोशल मीडिया कॉल व मैसेज द्वारा विपत्ति बताकर ऑनलाईन पैसे भेजने को कहा जाता है। ऑनलाईन लोन देने या दिलवाने के नाम पर लोगों से पैसे ठगे जाते हैं।

# अजय जैन के नेतृत्व में डोर टू डोर अभियान चलाया

**टीम एक्शन इंडिया**
**पानीपत, (कमाल हुसैन)**
**पानीपत** ग्रामीण हलके के सेक्टर 24 व 25 में कांग्रेस नेता विजय जैन के सपुत्र आर्यन जैन व बड़े भाई अजय जैन के नेतृत्व में डोर टू डोर अभियान की शुरूआत की व घर-घर जाकर के कांग्रेस पार्टी की नीतियों का प्रचार प्रसार किया और कांग्रेस नेता विजय जैन के लिए चुनाव में कांग्रेस पार्टी को जितवाने की अपील की इस अवसर पर आर्यन जैन व पानीपत ग्रामीण विकास मोर्चा के अध्यक्ष सतपाल राणा ने कहा है कि आने वाली 5 अक्टूबर को 70 सीटें जीतकर के



कांग्रेस पार्टी दो तिहाई बहुमत सरकार बनाने जा रही है और चौधरी भूपेंद्र सिंह हुड्डा व दीपेंद्र हुड्डा के नेतृत्व में हरियाणा फिर प्रगति के पद पर अग्रसर होगा राणा ने कहा है कि भाजपा ने अपने 10 वर्ष के शासनकाल में बेरोजगारी और महंगाई को बढ़ाने का कार्य किया है। गरीब व कमेरा वर्ग को राशन की लाईन में लगाकर खड़ा किया है इस शासन में गरीब और गरीब हुआ है इसलिए ऐसी सरकार को बाहर का रास्ता दिखाना होगा।

इस अवसर पर तरसेम बंसल, संजय जैन, अंकित अग्रवाल, कंवरपाल खोखर, हेमंत जैन, जगत सिंह कश्यप, जिले राम कश्यप, दयानंद राठी, राजपाल सैनी, बलदेव अरोड़ा हनुमान, बलवान पाल, बारु राम कश्यप,दीपक बरेजा, कालू भिखारी, राम जुआरी कश्यप, रामचंद्र कश्यप, संतोष सोलंकी, बिट्टू कलसन ,शिवकुमार शर्मा व सैकड़ों की संख्या में सम्मानित लोग मौजूद रहे।

# विधानसभा चुनाव के मद्देनजर पानीपत पुलिस व यूपी पुलिस की हुई बैठक

**टीम एक्शन इंडिया**
**पानीपत/(कमाल हुसैन)**
विधानसभा चुनाव की तैयारियों को लेकर पुलिस अधीक्षक लोकेंद्र सिंह की अध्यक्षता में बुधवार को लघु सचिवालय स्थित पुलिस विभाग के सभागार में जिला पानीपत, करनाल व यूपी पुलिस के अधिकारियों की इंटर स्टेट बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में चुनाव के दौरान आपसी समन्वय स्थापित कर सनौली यमुना, खोजकीपुर बार्डर, सहित हरियाणा व यूपी के यमुना नदी से सटे क्षेत्र में अलर्ट रहने को लेकर चर्चा की गई। बैठक के दौरान बार्डर क्षेत्र के



जुड़े जिलों में हथियार, शराब व अन्य मादक पदार्थों की तस्करी रोकने को लेकर मंथन किया। पुलिस अधीक्षक लोकेंद्र सिंह आईपीएस ने कहा कि दोनों प्रदेशों के अधिकारियों व पुलिसकर्मियों के बीच आपसी तालमेल करके कार्य करना है, ताकि बार्डर के जरिये प्रतिबंधित सामग्री का आदान प्रदान न हो सके। नशा व अवैध हथियारों की तस्करी दोनों राज्यों के बीच होती है। पुलिस मादक पदार्थ व आर्म्स एक्ट में जिन अपराधियों को पकड़ती है, उनका संबंध उत्तर प्रदेश से होता है। बार्डर पर अपने क्षेत्र में नाकाबंदी कर वाहनों व लोगों की गहनता से जांच कर तस्करी पर पूर्ण रूप से अंकुश लगाने में सहयोग करें।

### घर बैठे डाउनलोड कर सकते हैं फोटोयुक्त डिजिटल वोटर कार्ड

**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**
**करनाल।** उपायुक्त एवं जिला निर्वाचन अधिकारी उत्तम सिंह ने कहा कि भारत चुनाव आयोग द्वारा चुनावी प्रक्रिया को लेकर सभी महत्वपूर्ण कार्य ऑनलाइन कर दिए गए हैं। इनमें डिजिटल मतदाता पहचान पत्र या इलेक्ट्रॉनिक इलेक्टोरल फोटो आईडी कार्ड यानी ई-ईपीआईसी की सुविधा शामिल हैं। अगर मतदाता की वोटर आईडी कहीं गुम हो गई है या फिर वह वोटर कार्ड की डिजिटल कॉपी सहेज कर रखना चाहता है, तो वोटर हेल्पलाइन एप या फिर चुनाव आयोग की वेबसाइट से अपना वोटर कार्ड आसानी से मोबाइल या कंप्यूटर पर डाउनलोड कर सकते हैं।

# शिक्षक दिवस: हिमगिरी स्कूल में हुए रंगारंग कार्यक्रम

**टीम एक्शन इंडिया**
**समालखा (कुलदीप सिंह)**
**हिमगिरी** स्कूल में अध्यापक दिवस बहुत ही बड़ी धूमधाम से मनाया गया जिसमें 12वीं कक्षा के छात्रों ने अपने अध्यापकों का किरदार निभाया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में कुलदीप दहिया रिटायर्ड डी ई ओ , संदीप शर्मा ,वशिष्ठ अतिथि रविंद्र कुमार रिटायर्ड प्रधानाचार्य पहुंचे । कार्यक्रम में स्कूल मैनेजर विजय लक्ष्मी राठी , अध्यक्ष राजबीर राठी , प्रधानाचार्य प्रमोद राठी ,उप प्रधानाचार्य रितु लटवाल ए ओ रामनिवास ने कुलदीप दहिया रिटायर्ड डी ई ओ , रविंद्र कुमार,रिटायर्ड प्रधानाचार्य संदीप शर्मा सभी का हिमगिरी स्कूल में स्वागत किया। बच्चों ने



अपने रंगारंग कार्यक्रम से सभी का हृदय मनमोहन कर दिया दसवीं कक्षा के छात्रों ने शिक्षा पर नाटक की प्रस्तुति देकर बैठे हुए सभी बच्चों को भी यह संदेश दिया कि हमें वर्तमान समय में पढ़ाई के प्रति अपना रुझान रखना चाहिए ताकि भविष्य में जाकर हमें किसी प्रकार की समस्याओं का सामना न करना पड़े। कक्षा छठी के जतिन ने शिव स्तुति गाकर अपनी प्रस्तुति दी। वही सातवीं कक्षा की छात्राओं ने चारों तीर्थ धाम आपके चरणों में गाने की प्रस्तुति दी । 12वीं कक्षा की छात्राओं अंजलि ,परी ,कोमल, साक्षी, भारती ,टिशा ,अनामिका, सिमरन किट्टू ने अपने नृत्य की प्रस्तुति देकर सभी का हृदय जीत लिया। कार्यक्रम में आए हुए मुख्य अतिथियों ने अपने-अपने भूतकाल के बारे में बताया कि उन्होंने अपने जीवन में कितने संघर्ष किए और

### गुरु दिवस

**शिक्षक हमारी शिक्षा प्रणाली की रीढ़ हैं, और अब समय है कि हम उनकी मेहनत और समर्पण को पहचानें**


उसके बाद किस तरह से उन्होंने कामयाबी हासिल की। स्कूल अध्यक्ष राजबीर राठी , प्रधानाचार्य प्रमोद राठी ने बताया कि शिक्षक हमारी शिक्षा प्रणाली की रीढ़ हैं, और अब समय है कि हम उनकी मेहनत और समर्पण को पहचानें। हमें अपने गुरुओं और माता-पिता का सम्मान करना चाहिए, उनके सपनों को साकार करना चाहिए।

# ओपीडी में जबरदस्ती घुसे मरीज, दो घंटे तक चिकित्सकों ने छोड़ी ओपीडी

**टीम एक्शन इंडिया**
**सोनीपत: नागरिक** अस्पताल सोनीपत में मंगलवार को मरीजों के साथ चिकित्सकों को परेशानी का सामना करना पड़ा। ओपीडी नंबर-7 में अपने नंबर का इंतजार कर रहे मरीजों के सब्र का बांध टूट गया। जिसके बाद मरीज जबरदस्ती ओपीडी में जा घुसे। महिला चिकित्सक के साथ अभद्रता होने पर चिकित्सकों ने ओपीडी को छोड़ दिया। मामला प्रबंधन के पास पहुंचा तो प्रबंधन की तरफ से ओपीडी में अलग से मेज की व्यवस्था की गई। वहीं ओपीडी के बाहर गार्ड की तैनाती करनी पड़ी। दो घंटे बाद चिकित्सक ओपीडी में पहुंचे। जिसके बाद लंबी लाइनों में खड़े मरीजों ने राहत की सांस ली। मरीजों को कड़ी मशक्कत व घंटों इंतजार के बाद चिकित्सक की राय मिल पाई, हालांकि मरीजों के टेस्ट नहीं हो सके। लैब अपने निर्धारित समय पर बंद कर दिया गया। बता दें कि कई दिनों से रूक-रूक कर हो रही बारिश व गर्मी के चलते लोग बीमार पड़ने लगे है। मौसम का असर आमजन में ज्यादातर बुजुर्ग व बच्चों में दिखाई दे रहा है। अस्पताल में मरीजों की लंबी लाइनें लग रही है। नागरिक अस्पताल में 200 बेड की सुविधा है। वहीं हर रोज ओपीडी रजिस्ट्रेशन की बात कर तो अस्पताल में 1200 से लेकर 1500 के करीब ओपीडी रहती है। मंगलवार को नागरिक अस्पताल में ओपीडी रजिस्ट्रेशन की संख्या 2300 के करीब पहुंच गई। रजिस्ट्रेशन काउंटर व ओपीडी में मरीजों की लंबी लाइनें लग गई। मरीज को उपचार के लिए दो से तीन घंटों तक का इंतजार करने पर मजबूर होना पड़ रहा है। ओपीडी नंबर-7 में मरीज जबरदस्ती अंदर घुस गए। जिसके बाद चिकित्सकों को परेशानी का सामना करना पड़ा। डा. संदीप व डा. सीमा सहित ट्रेनिंग पर आई चिकित्सक को ओपीडी छोड़ने पर मजबूर होना पड़ा। मरीज द्वारा की गई अभद्रता से चिकित्सक परेशान नजर आए। मामला प्रबंधन के पास पहुंचा तो प्रबंधन की तरफ से ओपीडी के बाहर गार्ड को तैनात किया गया। साथ ही ओपीडी में लंबे समय से मेज रखने की मांग को आखिरकार प्रबंधन को मानने पर मजबूर होना पड़ा। जिसके बाद चिकित्सक ओपीडी में पहुंचे। उसके बाद मरीजों को राहत मिल पाई। प्रबंधन ने डाल रखा है अतिरिक्त चिकित्सकों पर भार, मरीजों को उठानी पड़ रही परेशानी- नागरिक अस्पताल सोनीपत में सरकार की तरफ से पीपी तौर से (प्राइवेट पार्टनरशिप) के तहत सीटी स्कैन की सुविधा अस्पताल में उपलब्ध है। अस्पताल में गरीब तबके के लोगों को यह सुविधा फ्री में उपलब्ध करवाई जाती है। उक्त सुविधा को लेने के लिए मरीज को पहले चिकित्सक की पर्ची, अपना राशन कार्ड, फैमली आईडी, दो फोटो कॉपी करवाकर कमरा नंबर-118 में वेरीफाई करवाना पड़ता है। उसके बाद फिर से चिकित्सक की ओपीडी में जाकर हस्ताक्षर करवाने होते है। फिर उस मरीज को कमरा नंबर-17 में जाकर सीटी करवाना होता है। इतनी लंबी प्रक्रिया में मरीज के भटकने के साथ लंबी लाइन में लगकर इंतजार करना पड़ता है। ऐसे में लाइन में लगे अन्य मरीजों के साथ कहासुनी शुरू हो जाती है। ईएनटी चिकित्सक की ट्रेनिंग, भटकते रहे मरीज, स्किन की ओपीडी चार सौ पार पहुंची- अस्पताल में ओपीडी में ईएनटी(कान, नाक, गले ) के एकमात्र चिकित्सक की तैनाती है। दिव्यांग शिविर, जेल ड्यूटी सहित अन्य कैंपों में चिकित्सक की ड्यूटी प्रबंधन की तरफ से लगा दी जाती है। वहीं वीआईपी ड्यूटी पर भी चिकित्सक को जाना पड़ता है। हाल में गत दिनों से चिकित्सक को ट्रेनिंग के लिए पंचकूला भेजा हुआ है। जिसके चलते मरीजों को भटकने पर मजबूर होना पड़ रहा है।

# 16 साल के हर्ष केडिया ने 2,175 से अधिक श्रमिकों को दृष्टि समर्थन प्रदान किया

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली:** सिर्फ 16 साल की उम्र में, द श्रीराम मिलेनियम स्कूल, नोएडा के 11वीं कक्षा के छात्र, हर्ष केडिया, अपनी पहल, आई केयर इक्वालिटी के माध्यम से दिल्ली, हरियाणा, उत्तर प्रदेश और राजस्थान के चार राज्यों में ब्लू कॉलर वर्कर्स पर महत्वपूर्ण प्रभाव डाल रहे हैं। हर्ष ने अपने पिता के साथ फैक्ट्रियों और निर्माण स्थलों पर जाने के दौरान ब्लू कॉलर वर्कर्स द्वारा सामना की गई कठिनाइयों से प्रेरित होकर सितंबर 2023 में इस गैर-लाभकारी संस्था की स्थापना की। उनका उद्देश्य इन श्रमिकों की उपेक्षित आंखों की



देखभाल की जरूरतों को पूरा करना है। आई केयर इक्वालिटी मुफ्त दृष्टि परीक्षण, निदान और सुधारात्मक उपाय प्रदान करता है, जिसमें पढ़ने के चश्मे और आई ड्रॉप शामिल हैं। यह 15 से अधिक हाई स्कूल वॉलंटियर और छऊ चैरिटेबल ट्रस्ट के योग्य डॉक्टरों की एक समर्पित टीम के समर्थन से संचालित होता है। इस पहल ने 2,175 श्रमिकों के लिए दृष्टि परीक्षण किए हैं, 778 पढ़ने के चश्मे और 425 आई ड्रॉप वितरित की हैं और 480 दूरी के चश्मे प्रिस्क्राइब किए हैं। हर्ष के दृष्टिकोण में फैक्ट्रियों के भीतर आंखों के शिविर लगाने शामिल है, जिससे संगठन को जरूरतमंद श्रमिकों की कुशलता से सेवा करने में आसानी होती है। सरकारी स्वास्थ्य योजनाओं के बावजूद, कई ब्लू कॉलर वर्कर्स या तो इन योजनाओं के बारे में अनजान हैं या उनकी पहुंच से बाहर हैं, विशेषकर अव्यवस्थित सेक्टर में काम करने वाले लोग।

## न्यूज फ्लैश

### एनसीबी हरियाणा और प्रयास फाउंडेशन द्वारा नशे के विरुद्ध प्रचार प्रसार



टीम एक्शन इंडिया
दलबीर मलिक

**कुरुक्षेत्र:** हरियाणा राज्य नारकोटिक्स कण्ट्रोल ब्यूरो और प्रयास फाउंडेशन द्वारा ग्राम पंचायत किरमच के साथ मिलकर नशे के विरुद्ध एक दिवसीय 350 वां जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। हरियाणा राज्य नारकोटिक्स कण्ट्रोल ब्यूरो के जागरूकता कार्यक्रम एवं पुनर्वास प्रभारी उप निरीक्षक डॉ. अशोक कुमार वर्मा इस कार्यक्रम में मुख्य वक्ता पहुंचे हुए थे। मंच का संचालन कुलदीप सिंह ने किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे प्रयास फाउंडेशन के प्रधान नरेश सैनी ने अपने सम्बोधन में नशे पर प्रहार करते हुए कहा कि यह मनुष्य को मनुष्य पर दानव बना रहा है। ब्यूरो के जागरूकता कार्यक्रम एवं पुनर्वास प्रभारी/ उप निरीक्षक डॉ. अशोक कुमार वर्मा ने नशे जैसे समाज के लिए अभिशाप विषय पर गहनता से प्रकाश डालते हुए कहा कि आज युवाओं को नशे से दूर रहकर खेलों में ध्यान देना चाहिए।
उन्होंने विस्तार से नशे के आगमन, प्रभाव, बचने के उपाय बारे बताया और कहा कि हरियाणा में नारकोटिक्स कण्ट्रोल ब्यूरो के हेल्पलाइन नंबर 9050891508 पर नशा बेचने वाले लोगों की गुप्त सूचनाएं देकर नशा मुक्त समाज के निर्माण में सहयोग करें। प्रयास फाउंडेशन के प्रधान नरेश सैनी की अध्यक्षता और महासचिव कुलदीप सिंह के नेतृत्व में यह कार्यक्रम हुआ। कार्यक्रम में ग्राम सरपंच रणबीर सिंह बुरा, सरपंच एवं ग्राम पंचायत और फतेह सिंह, कूड़ा राम, करमा, जय सिंह, जीत सिंह, गुलाब सिंह, रमेश बुरा, गुलाब बुरा, कृष्ण बुरा सहित गाँव के मुख्य लोगों ने इस कार्यक्रम में भाग लिया। कार्यक्रम के अंत में रमेश बूरा ने धन्यवाद किया।

### चलती ट्रेन में व्यक्ति की मौत, जीआरपी ने शव को कब्जे में लेकर नागरिक अस्पताल में रखवाया

**सोनीपत:** पानीपत-दिल्ली रेलमार्ग पर चलती ट्रेन में व्यक्ति की हालत बिगड़ गई। जिससे उसकी ट्रेन में मौत हो गई। यात्रियों ने मामले को लेकर राजकीय रेलवे पुलिस को अवगत करवाया। ट्रेन स्टेशन पर पहुंची तो जीआरपी ने शव को कब्जे में लेकर नागरिक अस्पताल के शवगृह में पहुंचाया। पुलिस मृतक की पहचान के प्रयास कर रही है। राजकीय रेलवे पुलिस प्रभारी महावीर ने बताया कि सुबह पानीपत-दिल्ली जाने वाली ट्रेन में व्यक्ति की संदिग्ध हालात में मौत की सूचना मिली थी। ट्रेन सोनीपत स्टेशन पर पहुंची। उसी दौरान ट्रेन के पिछले हिस्से के डिब्बे में यात्रियों ने अज्ञात व्यक्ति के शव को प्लेट फार्म पर उतार दिया। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर नागरिक अस्पताल में भिजवाया। जहां मृतक की पहचान के प्रयास पुलिस की तरफ से किए जा रहे है। जानकारी मिली है कि व्यक्ति पानीपत से ट्रेन में चढ़ा था। उसकी हृदय गति रुकने के चलते मौत होना बताया जा रहा है। पोस्टमार्टम में मौत के सही कारणों का पता चल सकेगा।

# मृत्यु जीवन का अंत नहीं है, बल्कि एक नई यात्रा की शुरूआत है : मुनि

**मृत्यु, मानव जीवन की एक स्थायी सच्चाई है, यह जन्म के साथ ही जुड़ी हुई है**

**जीवन दर्शन**

**मृत्यु केवल जीवन का अंत नहीं, बल्कि जीवन की एक अनिवार्य और महत्वपूर्ण प्रक्रिया है**



टीम एक्शन इंडिया

**सोनीपत:** नेपाल केसरी, राष्ट्र संत, मानव मिलन के संस्थापक डॉ श्री मणिभद्र मुनि जी महाराज ने कहा कि मृत्यु, मानव जीवन की एक स्थायी सच्चाई है। यह जन्म के साथ ही जुड़ी हुई है, और यही जीवन की अस्थिरता को प्रमाणित करती है। मृत्यु केवल जीवन का अंत नहीं, बल्कि जीवन की एक अनिवार्य और महत्वपूर्ण प्रक्रिया है। डॉ श्री मणिभद्र मुनि जी महाराज सेक्टर 15 स्थित जैन स्थानक में उपस्थित भक्त जनों को संबोधित कर रहे थे। डॉ श्री मणिभद्र मुनि जी महाराज ने कहा कि मृत्यु का विचार व्यक्ति के लिए, एक चुनौतीपूर्ण और कठिन विषय हो सकता है। यह जीवन की समाप्ति की संकेतक होती है, और यह मनुष्य को अस्तित्व की अस्थिरता की याद दिलाती है। जैसे-जैसे हम बड़े होते हैं, मृत्यु का विचार हमारे मन में गहराई से स्थान बना लेता है। सभी जीवित प्राणी, चाहे वह मानव हो या अन्य जीव, अंततः मृत्यु का सामना करते हैं। यह जीवन का अनिवार्य हिस्सा है, और इसके बिना जीवन का कोई अर्थ नहीं होता। इसी प्रकार, मृत्यु जीवन का एक अनिवार्य और अनिवार्य भाग है। उन्होंने कहा जैन धर्म में मृत्यु को आत्मा के शरीर से अलग होने की प्रक्रिया के रूप में समझा जाता है। जैन धर्म के अनुसार, आत्मा का पुनर्जन्म कर्मों के आधार पर होता है। मोक्ष प्राप्ति के लिए, व्यक्ति को अपने कर्मों से मुक्त होना होता है और आत्मा को शुद्ध करना होता है। अच्छे कर्म और पुण्य अर्जन करना भी मृत्यु पर विजय प्राप्त करने का एक तरीका है। जीवन में अच्छे कर्म करने से, व्यक्ति अपने अंतिम जीवनकाल में अच्छे परिणाम प्राप्त कर सकता है और पुनर्जन्म के चक्र से मुक्ति प्राप्त कर सकता है। उन्होंने कहा मृत्यु जीवन का एक अनिवार्य हिस्सा है और इसे समझने और स्वीकारने की प्रक्रिया आत्मा के विकास और शांति के लिए आवश्यक है। विभिन्न धर्मों और दार्शनिक दृष्टिकोणों से यह स्पष्ट होता है कि मृत्यु केवल जीवन का अंत नहीं है, बल्कि एक नई यात्रा की शुरूआत है। मृत्यु पर विजय प्राप्त करने के लिए, व्यक्ति को आत्मा की सच्चाई को समझना होगा।

## राज्य स्तरीय विज्ञान प्रश्नोत्तरी का भव्य समापन



टीम एक्शन इंडिया
मनीष कुमार

**अम्बाला:** मुरलीधर डीएवी पब्लिक स्कूल, अम्बाला शहर के प्रांगण में आयोजित दो दिवसीय जिला स्तरीय विज्ञान प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता का समापन अत्यंत भव्य और प्रेरणादायी रहा। इस प्रतियोगिता में पहले दिन हरियाणा बोर्ड के सभी राजकीय और निजी विद्यालयों ने अपनी उपस्थिति दर्ज कराई, जिसमें छात्रों ने विज्ञान के विविध पहलुओं पर अपने ज्ञान की उत्कृष्टता प्रदर्शित की। इस महत्वपूर्ण अवसर पर जिला शिक्षा अधिकारी श्री सुरेश कुमार जी ने अपनी गरिमामयी उपस्थिति से कार्यक्रम की शोभा बढ़ाई। मुरलीधर डीएवी पब्लिक स्कूल के प्रधानाचार्य, डॉ. राधा रमन सूरी, जिला विज्ञान विशेषज्ञ, पूजा भारद्वाज, और जिला गणित विशेषज्ञ, सुशील अरोड़ा ने भी अपनी सक्रिय सहभागिता से इस आयोजन को सफल बनाया।
प्रतियोगिता के दूसरे दिन, दिनांक 3 सितंबर को सीबीएसई के राजकीय और निजी विद्यालयों की 16 टीमों ने विज्ञान प्रश्नोत्तरी में भाग लिया। प्रारंभिक स्क्रीनिंग टेस्ट के बाद 8 टीमों को मंच प्रश्नोत्तरी के लिए चुना गया।
प्रश्नोत्तरी का संचालन कर रहे सुमित ने बताया कि आठ टीमों में से पाँच टीमों को डिविजनल स्तर के लिए चयनित किया गया है। विजेता टीमों में लॉर्ड महावीर जैन पब्लिक सीनियर सेकेंडरी स्कूल, गवर्नमेंट मॉडल सीनियर सेकेंडरी संस्कृत स्कूल मोहड़ी और भानु खेड़ी, डीएवी पब्लिक स्कूल रिवरसाइड अंबाला कैंट, आर्मी पब्लिक स्कूल अंबाला कैंट, और गवर्नमेंट मॉडल संस्कृति सीनियर सेकेंडरी स्कूल रामपुर सरसेहड़ी शामिल रहे।

## खरखौदा में नोटरी वकील सहित 5 पर मामला दर्ज

टीम एक्शन इंडिया
खरखौदा/सोमपाल सैनी

फर्जी कागजात तैयार कर प्लाट को बेचने का मामला। धोखाधड़ी कर महिला के प्लाट को बेचा जा रहा था। इससे पहले भी खरखौदा में एक फर्जी एफिडेविट तैयार कर प्लाट को हड़पने की करी गई थी कोशिश। खरखौदा में बढ़ रहे है इस तरह के मामले। खरखौदा में एक महिला के प्लॉट को फर्जी कागजात के जरिए दूसरे व्यक्ति को बेचने का मामला सामने आया है। घटना का खुलासा तब हुआ जब खरीददार रामप्रसाद, बिचौलिए को टोकन मनी देने के बाद प्लॉट की असली मालिक मीना के पास पहुँचा और उसे कागजात दिखाए। कागजात देखकर मीना हैरान रह गई, क्योंकि उसने अपना प्लॉट बेचा ही नहीं था। मीना जो खरखौदा शहर के वार्ड 5 की निवासी हैं ने बताया कि रामप्रसाद ने एक झूठा शपथपत्र दिखाया। जिसे खरखौदा के एक नोटरी पब्लिक द्वारा तैयार किया गया था। इसके बाद, मीना ने इस्लाम नामक बिचौलिए से संपर्क किया। जिसने स्वीकार किया कि उसने रामप्रसाद से एक लाख रुपये लेकर गौरव नामक व्यक्ति को दिए और इसके बदले में उसे दो हजार रुपये की कमीशन मिली। पीड़ित महिला ने इस मामले में गौरव, इस्लाम, रामप्रसाद, अनिल और नोटरी पब्लिक के खिलाफ खरखौदा पुलिस को शिकायत दर्ज कराई।




## हिंदुस्तानी को तिरंगा हाथ में उठाए हुए 5151 दिन होने पर शहरवासियों से मिल रही बधाई



**गर्व की बात**

**विभिन्न पार्टियों के नेता व शहर के लोग हिन्दुस्तानी को बता रहे देश का गौरव**

टीम एक्शन इंडिया

**हिसार: जागो मानव** बनो इंसान संस्था के अध्यक्ष सामाजिक कार्यकर्ता गंगापुत्र राजेश हिंदुस्तानी को उनके निस्वार्थ जनहित कार्यों तथा तिरंगा हाथ में थामे 5151 दिन होने पर हिसार के गणमान्य लोगों ने बधाई व शुभकामनाएं दीं। शहर के लोगों ने उन्हें हिसार, हरियाणा व देश की शान बताया। राजेश हिन्दुस्तानी ने बुधवार को कहा कि उनको हिंदुस्तानी पर गर्व है जो तिरंगे को 13 वर्ष यानि 5151 दिनों से हर दुख झेलते हुए हाथ में पूरे सम्मान कई घंटे रोजाना थामे प्रेरणा देते हैं। उन्होंने न केवल तिरंगे झंडे का सम्मान किया बल्कि लोगों को भी इसके प्रति जागरूक किया और सबके लिए प्रेरणास्त्रोत बने। इसके अलावा व बगैर किसी राजनीति या पार्टी के लगातार समाजहित, जन जागृति, धार्मिक, आध्यात्मिक व जनहित आंदोलनों हमेशा आगे रहते हैं। वे 8 राज्यों हिमाचल, पंजाब, उत्तराखंड, उत्तर प्रदेश, हरियाणा, राजस्थान, दिल्ली, चंडीगढ़ में लंबे सफर में बसों, ट्रेनों 24 घंटे तक तिरंगे को थामे लोगों के प्रेरणा स्त्रोत बने तथा उन्हें जागरूक कर देश भक्तों के सपनों को पूरा करने का आह्वान करते रहे। राजेश हिन्दुस्तानी व उनकी माता जी अपने मामा के बेटे की शादी गंगानगर व बुआ के बेटे की शादी हिसार में तिरंगा लेकर आने से मना करने पर दोनों शादियों में नहीं गए। उ
न्हें न केवल शहर के लोगों बल्कि शहर के कांग्रेस, बेजीपी व अन्य नेताओं ने भी तिरंगा हाथ में थामे 5151 दिन पूरे होने पर बधाई व शुभकामनाएं दी।

## विधानसभा चुनाव के लिए नामांकन की तैयारियां पूरीः सुशील

टीम एक्शन इंडिया
दलबीर मलिक

**कुरुक्षेत्र :**जिला निर्वाचन अधिकारी एवं उपायुक्त सुशील सारवान ने कहा कि हरियाणा में 5 अक्टूबर को होने वाले विधानसभा आम चुनाव के लिए 5 सितंबर को गजट नोटिफिकेशन होगा और नामांकन की प्रक्रिया शुरू हो जाएगी, 12 सितंबर को नामांकन पत्र दाखिल करने का अंतिम दिन होगा, 13 सितंबर को नामांकन पत्रों की जांच की जाएगी, 16 सितंबर तक उम्मीदवार अपने नामांकन पत्र वापिस ले सकते है, इसके उपरांत 5 अक्टूबर को मतदान होगा तथा 8 अक्टूबर को मतों की गणना का कार्य किया जाएगा। रविवार व राजपत्रित अवकाश के दिन कोई नामांकन नहीं होगा।
जिला निर्वाचन अधिकारी सुशील सारवान ने कहा कि इन विधानसभा चुनावों को निष्पक्ष, पारदर्शी और शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न करवाने के लिए, सभी को आदर्श आचार संहिता की पालना करनी होगी।



विधानसभा आम चुनाव 2024 में नामांकन को लेकर सभी तैयारियां पूरी कर ली गई है। नामांकन पत्र उम्मीदवार या उसके किसी प्रस्तावक द्वारा पीठासीन अधिकारी कार्यालय में प्रातः 11 बजे से 3 बजे तक जमा करवा सकते हैं। एक उम्मीदवार को नामांकन पत्र पीठासीन अधिकारी के पास जमा करवाने आते समय अधिकतम तीन वाहनों की अनुमति होगी और कार्यालय की 100 मीटर परिधि में वाहन खड़े करने होंगे।
उम्मीदवार सहित पीठासीन अधिकारी के कार्यालयों में अधिकतम 4 व्यक्तियों की प्रविष्टि की अनुमति होगी। इन दिशा-निर्देश की किसी प्रकार की अवहेलना को सहन नहीं किया जाएगा। नामांकन प्रक्रिया की वीडियोग्राफी भी की जाएगी।

**प्रक्रिया**

**विधानसभा आम चुनाव के लिए 5 सितंबर को गजट नोटिफिकेशन होगा और नामांकन की प्रक्रिया शुरू हो जाएगी**

## हरियाणा की जनता का लक्ष्य कांग्रेस को 70 सीटों पर जितानाः मधुसूदन बवेजा

टीम एक्शन इंडिया
दलबीर मलिक

**कुरुक्षेत्र:** किसान कांग्रेस के जिलाध्यक्ष एडवोकेट मधुसूदन बवेजा ने कहा कि अबकी बार हरियाणा की विधानसभा के चुनाव जनता लड़ेगी और कांग्रेस पार्टी को सत्ता की चाबी देगी। बवेजा ने कहा कि जनता जानती है कि केवल कांग्रेस पार्टी ही देशहित और जनहित के विचार धारा वाली पार्टी है। कांग्रेस पार्टी के नेता जो घोषणा करते है उसको बखूबी पूरा करते है। भाजपा ने जनता को झांसा देकर सत्ता तो दो बार हासिल कर ली, पर जनता का दिल ना जीत सकी। जनता भारी बहुमत से कांग्रेस पार्टी को जिताकर भाजपा को बाहर का रास्ता दिखाएगी। लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने कश्मीर से कन्याकुमारी तक अपने कदमों से नापा है। देश की जनता का विश्वास जीता और सभी 36 बिरादरी को जोड़ने का काम किया और उनके दुख और पीड़ाओं को जाना। बवेजा ने कहा कि जो नेता सत्ता की लालच में भाजपा में गए, वहां पर कोई आदर सत्कार ना मिला। केवल पद मिला। कांग्रेस पार्टी में पहली पंक्ति में स्थान मिलता था। भाजपा कांग्रेस पार्टी में एकता ना होने का प्रचार करके जनता को भ्रमित कर रही जबकि कांग्रेस पार्टी एक नेता एक है और राहुल गांधी ने कांग्रेस पार्टी को एक सूत्र में माला की तरह पिरो रखा है। जनता की आवाज परमात्मा की आवाज होती है। 8 अक्टूबर को शिव भोले का डमरू बजेगा और दोनों राज्यों से विजय पताका कांग्रेस पार्टी का लहराएगा।



### जिले में 39 वें राष्ट्रीय नेत्रदान पखवाड़े के शुरूआत

**सोनीपत:** जिले में 39वें राष्ट्रीय नेत्रदान पखवाड़ा के तहत लोगों को नेत्रदान के प्रति जागरूक किया जा रहा है। इसके तहत सभी नागरिक अस्पताल, सीएचसी, पीएचसी, बस स्टैंड, स्वास्थ्य केंद्र, लघु सचिवालय आदि सार्वजनिक स्थानों पर लोगों को जानकारी दी जा रही है। डा. लतिका शर्मा ने बताया कि नेत्रदान में समय का अधिक महत्व है।
मृत्यु के बाद 6 घंटे में नेत्रदान होना जरूरी है। इसके लिए संबंधित व्यक्ति की सूचना विभाग को मिलना जरूरी है। परिवार द्वारा नजदीकी नेत्र बैंक, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र या राज्य हेल्पलाइन नंबर 108 या फिर राष्ट्रीय हेल्पलाइन नंबर 1800114770 पर सूचना दी जा सकती है।

## प्रलोभन देने वाले प्रत्याशियों को वोट ना दें: संदीप गर्ग

**गांव सुल्तानपुर में ग्रामीणों ने किया समाजसेवी संदीप गर्ग का स्वागत**

**आत्मनिर्भर**

**युवाओं को आत्मनिर्भर बनाने के लिए उनकी ओर से अनेक योजनाएं चलाई जा रही**



टीम एक्शन इंडिया
दलबीर मलिक

**कुरुक्षेत्र/बाबैन:** भाजपा नेता एवं समाजसेवी संदीप गर्ग ने कहा कि लाडवा हल्के की महिलाओं व युवाओं को आत्मनिर्भर बनाने के लिए उनकी ओर से अनेक योजनाएं चलाई जा रही है। समाजसेवी संदीप गर्ग का गांव सुल्तानपुर में पहुंचने पर ग्रामीणों द्वारा स्वागत किया गया। उन्होंने कहा कि अब विधानसभा चुनाव आ चुके हैं, जनता ऐसे प्रतिनिधि को विधानसभा में भेजने का काम करें। जो लाडवा हल्के की जनता की समस्याओं को सरकार में उठाकर उनको दूर करवा सके और लोगों को किसी प्रकार की कोई समस्या न आने दे, न कि सिर्फ प्रलोभन देने वाले प्रत्याशियों को वोट देकर विधानसभा में भेजने का काम करें। उन्होंने कहा कि पहले तीन बार लाडवा विधानसभा का चुनाव हो चुका है और तीनों ही विधायकों को जनता ने देख लिया है। अब विधानसभा चुनावों में ऐसे नेता को विधानसभा में भेजने का काम करें। जो पिछले काफी समय से लोगों की सेवा करने में जुटा हो। उन्होंने कहा कि महिलाओं के लिए भी अनेक योजनाएं चलाई जा रही है और अनेक कार्य किये भी गए हैं और आगे भी निरंतर चुनाव से पहले बहुत से कार्य किए जाने हैं। मौके पर संजय कुमार, मनजीत, रेशमा, अंकिता, सरोज बाला, रेणु, मनजीत, सुषमा आदि मौजूद थे।

## शिक्षा प्राप्त कर श्रेष्ठ समाज का निर्माण करें: स्वामी ज्ञानानन्द

टीम एक्शन इंडिया
दलबीर मलिक

**कुरुक्षेत्र :** भारतीय रैडक्रास समिति, हरियाणा राज्य शाखा, चण्डीगढ़ द्वारा दिनांक 30-08-2024 से 04-09-2024 तक गीता ज्ञान संस्थानम, कुरुक्षेत्र में छः दिवसीय जूनियर रैडक्रास प्रशिक्षण शिविर (लड़को के लिए) का समापन हुआ । जिसमें हरियाणा के 21 जिलों से अम्बाला, भिवानी, चरखी दादरी, फतेहाबाद, फरीदाबाद, गुरुग्राम, हिसार, जीन्द, झज्जर, करनाल, कैथल, कुरुक्षेत्र, नूंह, नारनौल, पलवल, पानीपत, रेवाड़ी, सोनीपत, पंचकूला, सिरसा, यमुनानगर से 188 जूनियर्स व 38 काउंसलर्स ने भाग लिया। प्रातः कालीन सत्र का आरम्भ योग, प्रार्थना व ध्वजारोपण से हुआ । रिसोर्स पर्सन सुबे सिंह प्रतिभागियों को योग के महत्व के बारे में बताते हुये कहा कि योग कर्मसु कौशलम्- जीवन के प्रत्येक क्षेत्र में हमें योगमयी होना चाहिए। शिविर के समापन समारोह में मुख्य अतिथि गीता मनीषी महामंडलेश्वर स्वामी ज्ञानानन्द जी महाराज और विशिष्ट अतिथि के रूप में डा सुषमा गुप्ता, वाईस चैयरपर्सन, भारतीय रैडक्रास सोसायटी, हरियाणा राज्य शाखा उपस्थित रहीं। गीता मनीषी महामंडलेश्वर स्वामी ज्ञानानन्द जी महाराज अपना कीमती समय निकालकर शिविर में आये हुए जूनियर व काउन्सर्लस को आशीर्वाद देने पहुंचे । इस अवसर पर स्वामी ज्ञानानन्द महाराज ने कहा कि अच्छे और बुरे के प्रति विवेक अपने भीतर जागृत करें, तीन 'ए' का हमेशा ध्यान रखें एक्टिव, एलर्ट और अवेयरनस । आप जिस क्षेत्र में है, जहां है, उस क्षेत्र में श्रेष्ठतम देने का प्रयास करें । एक शिक्षक के लिए यह जरुरी है कि वह एकाग्र भाव से शिक्षा के प्रचार-प्रसार में अपना योगदान दें । एक विधार्थी एकाग्र भाव से शिक्षा प्राप्त कर श्रेष्ठ समाज का निर्माण करें । जेआरसी कैम्प से प्राप्त ज्ञान को एकाग्र भाव से प्राप्त करें और मानव कल्याण के लिए उसका उपयोग करें । शिविर निदेशक रामाशीष मण्डल ने मुख्य अतिथि व विशिष्ट अतिथि डॉ सुषमा गुप्ता का अभिवादन करते हुवे शिविर के दौरान की गई गतिविधियों की विस्तृत जानकारी दी। शिविर के दौरान की गई प्रतियोगिताओं जैसे- नृत्य, नाटक, भाषण प्रतियोगिता, एकल नृत्य, समूह नृत्य, क्विज प्रतियोगिता के प्रथम, द्वितीय व तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले प्रतिभागियों को स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। डॉ. सुनील कुमार, सचिव, जिला रैडक्रास शाखा, कुरुक्षेत्र एवं संयुक्त शिविर निदेशक विनीत गाबा ने डा. सुषमा गुप्ता, वाईस चैयरपर्सन, भारतीय रैडक्रास सोसायटी, हरियाणा राज्य शाखा, चण्डीगढ का प्रशिक्षण शिविर में पहुँचने पर धन्यवाद व आभार प्रकट किया।




**महत्व**

**योग कर्मसु कौशलम् जीवन के प्रत्येक क्षेत्र में हमें योगमयी होना चाहिए**

## स्वास्थ्य जांच एवं उपचार परामर्श शिविर का हुआ आयोजन

टीम एक्शन इंडिया
दलबीर मलिक

**कुरुक्षेत्र :** श्रीकृष्ण आयुष विश्वविद्यालय के प्रसूति तंत्र एवं स्त्री रोग विभाग द्वारा बुधवार को राजकीय आदर्श संस्कृति माध्यमिक विद्यालय में स्वास्थ्य जांच एवं उपचार परामर्श शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें दो सौ से अधिक छात्राओं के एचबी और एनिमिया की जांच की गई। कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती की वंदना के साथ किया गया। हिन्दी विषय के प्राध्यापक डॉ. सोमदत्त द्वारा आयुष विश्वविद्यालय के विशेषज्ञ डॉक्टरों का स्वागत व परिचय विद्यार्थियों के समक्ष करवाया गया। इस अवसर पर प्रसूति तंत्र एवं स्त्री रोग विशेषज्ञ डॉ. सुनिति तंवर ने छात्राओं के स्वास्थ्य की जांच की और खुद को स्वस्थ रखने के तरीके बताए। उन्होंने कहा कि महिलाएं घर के काम में व्यस्त होने के कारण खुद का ध्यान नहीं रख पाती। जिसकी वजह से महिलाओं को शारीरिक और मानसिक कई सारी समस्याओं का सामना करना पड़ता है। इसलिए महिलाओं को खान-पान पर विशेष ध्यान रखना चाहिए और नियमित व्यायाम जरूर करना चाहिए। इसके साथ डॉ. सुनिति तंवर ने छात्राओं को साफ-सफाई पर विशेष रूप से ध्यान रखने की सलाह दी, क्योंकि सफाई बरतने से कई गंभीर बीमारियों से बचा जा सकता है।



# बिजलीकर्मियों ने प्रदर्शन कर सौंपा ज्ञापन

टीम एक्शन इंडिया
मनीष कुमार

**अम्बाला:** सर्किल सचिव अंबाला के आह्वान पर सर्किल अंबाला परिसर में चल रहा धरना प्रदर्शन में पूर्व कार्यक्रम के अनुसार यूनियन द्वारा उपायुक्त महोदय अंबाला को ज्ञापन दिया गया। इस ज्ञापन में मुख्य रूप से यूनियन की केंद्रीय कार्यकारिणी से वरिष्ठ उपप्रधान कृष्ण नैन , डिप्टी जनरल सचिव बलदेव सिंह ,कुरुक्षेत्र सर्किल सचिव कृष्ण चौहान ,कैथल सर्किल सचिव जितेंद्र सिंह सर्किल सचिव टी एस पंचकुला अजय सैनी सर्किल सचिव ऑपरेशन राज कुमार पुंडरी यूनिट प्रधान राकेश कोटला सचिव राकेश शर्मा जय दीप शाहबाद यूनिट प्रधान सुखबीर सिंह यूनिट प्रधान कैथल ओम प्रकाश सचिव करम नैन पेहवा यूनिट प्रधान रंजीत मल सचिव




दर्शन लाल ज्वाइंट सचिव धरमबीर सिंह यूनिट सचिव गुहला सोम नाथ उपस्थित रहे। इस ज्ञापन में अंबाला जिले के अंतर्गत तीनो यूनिटों से अंबाला शहर के प्रधान सुदेश कुमार सचिव रविंद्र कुमार अंबाला कैंट से प्रधान सतबीर देशवाल सचिव सोनू यादव नारायणगढ़ से प्रधान बलिंद्र कुमार सचिव राजेशबकुमार और सभी सब यूनिटों से प्रधान सचिव और सभी कर्मचारियों ने भाग लिया दूसरे जिले से आए पदाधिकारियों ने अपने अपने अभिभाषण में अंबाला सर्किल का पूरा समर्थन किया और कहा अगर जरूरत पढ़ी तो अपने सभी कर्मचारियों को लेकर प्रदर्शन में कूद पड़ेंगे ।अपने अभिभाषण में केंद्रीय परिषद से कृष्ण नैन ने बताया की ज्ञापन द्वारा हमारा उपायुक्त महोदय से अनुरोध है। कार्यकारी अभियंता अंबाला कैंट की कार्यशैली की वजह से आज पूरे अंबाला के बिजली बोर्ड कर्मचारी आंदोलनरत है ये अधिकारी अपने सीनियर अधिकारियों की भी बात नहीं मान रहा और मीटिंग के तुरंत बाद दोबारा व्यक्तिगत कारवाई कर रहा है ऐसे मानसिकता के साथ कोई फैसला नहीं हो सकता। इसीलिए कार्यकारी अभियंता की बदली अंबाला सर्किल से बाहर की जाय डिप्टी जनरल सचिव बलदेव सिंह ने अपने अभिभाषण में कहा अगर निगम मैनेजमेंट द्वारा अंबाला सर्किल के कर्मचारियों की मांग नहीं मानी और कार्यकारी अभियंता द्वारा जो एफआईआर की एप्लीकेशन थाने में दी है

उसको वापिस लिया जाय और कानूनी कारवाई को कैंसल किया जाय और कर्मचारियों की गलत बदलियों को वापिस लिया जाय तो यह आंदोलन आने वाले समय में पूरे उत्तर जोन में जा सकता है और चुनावी समय में प्रदेश का माहौल खराब होगा क्यूंकि सारी व्यवस्था में बिजली बोर्ड के कर्मचारियों की अहम भूमिका रहती है लेकिन अगर ये कर्मचारी ही आंदोलन की राह पर होंगे तो व्यवस्था खराब हो सकती है इसकी सारी जिम्मेदारी निगम मैनेजमेंट की होगी।

# कुवि में आठ प्रतिष्ठित वैज्ञानिक 6 सितम्बर को होंगे सम्मानित

टीम एक्शन इंडिया
दलबीर मलिक

**कुरुक्षेत्र :** कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के कुलपति व गोयल पुरस्कार आयोजन समिति के अध्यक्ष प्रोफेसर सोमनाथ सचदेवा की अध्यक्षता में कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय द्वारा 6 सितम्बर को आयोजित होने वाले गोयल पुरस्कार समारोह में यूजीसी चौयरमेन प्रो. एम. जगदेश कुमार देश के 8 प्रतिष्ठित भारतीय वैज्ञानिकों को गोयल पुरस्कार से सम्मानित करेंगे। गोयल पुरस्कार आयोजन समिति के संयोजक प्रोफेसर संजीव अरोड़ा ने बताया कि ने बताया कि देश के चार प्रतिष्ठित वैज्ञानिकों डॉ. भीम सिंह, प्रोफेसर एमेरिटस, आईआईटी दिल्ली, डॉ. शांतनु भट्टाचार्य निदेशक, आईआईएसईआर, तिरूपति, डॉ. वी. नागराजा, माइक्रोबायोलॉजिकल और सेल बायोलॉजी विभाग, आईआईएससी, बेंगलुरु तथा डॉ.



एस.के. सतीश, सेंटर फॉर एटमॉस्फेरिक एंड ओशनिक साइंसेज, आईआईएससी, बेंगलुरु को कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय द्वारा वर्ष 2021-22 के लिए प्रतिष्ठित गोयल पुरस्कारों से सम्मानित किया जाएगा। उन्होंने बताया कि प्रत्येक वैज्ञानिक को एक पदक, प्रशस्ति पत्र और दो लाख रुपये की नकद राशि से पुरस्कृत किया जाएगा। इन वैज्ञानिकों ने एप्लाइड साइंसेज, रसायन विज्ञान, जीव विज्ञान व भौतिक विज्ञान के विभिन्न क्षेत्रों में सराहनीय योगदान दिया है।

देश के चार वैज्ञानिकों, जिनकी उम्र 45 वर्ष से कम है, को कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय (केयू) द्वारा युवा वैज्ञानिकों के लिए राजीव गोयल पुरस्कार के लिए पुरस्कृत किया जाएगा।

## न्यूज फ्लैश

### मोबाइल फोन छीनने की वारदात में शामिल आरोपित गिरफ्तार

**सोनीपत: क्राइम** यूनिट पश्चिम सोनीपत की टीम ने फोन छीनने की वारदात में शामिल आरोपित को प्रोडक्शन वारंट पर लेकर अदालत में पेश किया। अदालत ने आरोपित को एक दिन के पुलिस रिमांड पर भेजा है। गिरफ्तार आरोपित अतुल उर्फ काला निवासी जैनपुर टिकोला का है। पुलिस आरोपित से रिमांड अवधि के दौरान पूछताछ कर रही है। सुंदर सांवरी निवासी घनश्याम ने गत 28 जून को पुलिस से शिकायत देकर बताया कि वह पुलिस विभाग में बतौर कुक के तौर पर तैनात है। वह करीब दो बजे अपना कर करके घर आ रहा था। ऑटो में अशोका विवि के पास पहुंचा। जहां बाइक पर आए दो लड़कों ने उसके हाथ से मोबाइल फोन झपट लिया। अपने स्तर पर बाइक सवारों को पकड़ने का प्रयास किया, लेकिन सफलता नहीं मिल पाई। मामले को लेकर पुलिस को अवगत करवाया। पुलिस ने इस संबंध में आरोपितो के खिलाफ विभिन्न धाराओं के तहत मुकदमा दर्ज कर लिया था। मामले में कार्रवाई करते हुए जांच अधिकारी उप निरीक्षक सतीश की टीम ने दो आरोपित विकास व अमित को पहले गिरफ्तार कर लिया था। वारदात में शामिल तीसरे आरोपित को प्रोडक्शन वारंट पर लेकर अदालत में पेश किया। जहां से उसे एक दिन के पुलिस रिमांड पर भेजा है। रिमांड अवधि के दौरान आरोपित से पूछताछ की जा रही है।

### कांग्रेस खुद लड़ने के काबिल नहीं, इसलिए गठबंधन के लिए भाग दौड़ कर रही है : विज

टीम एक्शन इंडिया
मनीष कुमार

**अम्बाला:** हरियाणा के पूर्व गृहमंत्री अनिल विज ने कहा कि "कांग्रेस खुद लड़ने के काबिल नहीं है और इसलिए वे गठबंधन के लिए भाग दौड़ कर रही है ताकि किसी तरह से भी गठबंधन हो जाए"। विज पत्रकारों द्वारा पूछे गए सवालों का जवाब दे रहे थे। हिमाचल प्रदेश आर्थिक संकट से जूझ रहा है, के सवाल के जवाब में उन्होंने उत्तर दिया कि "कहां है राहुल गांधी जी"। उन्होंने कहा कि आज हिमाचल प्रदेश के कर्मचारियों के परिवार का एक-एक सदस्य और परिवार की महिलाएं पूछ रही है कि मैं खाना कैसे बनाऊंगी। कर्मचारियों के बच्चे पूछ रहे हैं कि स्कूल में फीस कैसे देंगे और घरवाले पूछ रहे हैं कि बिजली के बिल/ मीटर कैसे लगेगा। उन्होंने कांग्रेस और राहुल गांधी के सामने सवाल खड़ा करते हुए कहा कि "क्या यही है कांग्रेस का प्रबंधन। क्या यही राहुल गांधी जी दिखाना चाहते हैं सारे देश को, क्या यही लोगों को बताना चाहते हैं"।

### हर्बल पार्क में पुलिसिंग कार्यक्रम द्वारा किया जागरूक



टीम एक्शन इंडिया
मनीष कुमार

**अम्बाला:** पुलिस अधीक्षक अम्बाला श्री सुरेन्द्र सिहँ भोरिया के कुशल मार्गदर्शन में हर्बल पार्क अम्बाला शहर में उदय हरियाणा सामुदायिक पुलिसिंग कार्यक्रम के अन्तर्गत आमजन/राहगीर/युवाओं को साईबर अपराध से बचाव, हैल्प लाईन नम्बर 1930 तथा युवाओ को नशे से दूर रहने और खेलो से जुडने बारे साईबर राहगिरी कार्यक्रम द्वारा जागरूक किया गया। इस कार्यक्रम में अम्बाला साईबर सैल इन्चार्ज उप-निरीक्षक विरेन्द्र सिहँ, पुलिस बैंड व अन्य पुलिस कर्मचारियों ने भी भाग लिया। इस कार्यक्रम में साईबर सैल इन्चार्ज उप-निरीक्षक विरेन्द्र सिहँ ने लोगों को जागरूक करते हुए कहा कि अपना मोबाइल किसी अनजान व्यक्ति को ना दे। अनजान नम्बरों से आने वाली वीडियो कॉल को ना उठाए। अपने बैंक की जानकारी किसी से सांझा ना करें और ना ही अपना ओटीपी किसी से शेयर करें। सोशॅल मीडिया जैसे फेसबुक इन्सटाग्रम इत्यादि पर अपना सिक्योरिटी कॉड लगाए। एटीएम से पैसे निकालते समय किसी अनजान के साथ अपना एटीएम साँझा ना करें।

# ओम प्रकाश ने चलाया जनसंपर्क अभियान

टीम एक्शन इंडिया
दलबीर मलिक

**कुरुक्षेत्र/शाहबाद :** कांग्रेस नेता, पूर्व कर्मचारी नेता व टिकट के प्रबल दावेदार ओम प्रकाश सरोहा ने हल्का शाहाबाद मा. के गांव छपरा, छपरी,त्यौडा, त्यौडी और शाहाबाद शहर मे जनसंपर्क अभियान चलाकर कांग्रेस की नीतियो को जन जन तक पहुंचाने का काम कर रहे है।इस अवसर पर श्री सरोहा ने कहा कि मौजूदा सरकार की गलत नीतियो के कारण हर वर्ग परेशान है। शिक्षा, स्वास्थ्य,रोजगार का बुरा हाल है।आज सरकार की गलत नीतियो के कारण बहुत से सरकारी स्कूल बंद होने के कगार पर है। स्वास्थ्य विभाग मे नयी भर्ती ना होने के कारण डाक्टर व स्वास्थ्य कर्मचारियो का अभाव होने के कारण आम जन को हस्पतालो मे



अनेक समस्याओं से जुझना पड रहा है और समय पर स्वास्थ्य लाभ नही मिल रहा है।पढे लिखे युवा बेरोजगार घूम रहे हैं और वह अपनी बेशकीमती जमीनों को बेचकर विदेश जाने पर मजबूर है।उन्होंने कहा कि न केवल शाहाबाद हल्के में बल्कि पूरे प्रदेश में नशा दिन प्रतिदिन बढता जा रहा है जिसके कारण अनेक घर बर्बाद हो गए है। सरोहा ने कहा कि अगर कांग्रेस पार्टी उन्हे विधान सभा चुनाव लडने का मौका देती है तो वह बहुत बडे अन्तर से सीट जीतकर कांग्रेस की सरकार बनाने का काम करेंगे और हल्के से नशे को जड से खत्म करने का काम करेंगे। आज किसान, मजदूर , कर्मचारी , व्यापारी, सभी धरना-प्रदर्शन करने पर मजबूर है। मौजूदा सरकार उनकी मांगो की तरफ कोई ध्यान नही दे रही है। यह सरकार खाली घोषणा कर रही है जब्कि धरातल पर कुछ नही है। इस अवसर पर सुनील कुमार, धर्म पाल कश्यप , बलविंदर सिंह, गुरमीत सिह, बटीं, रमन ,महेन्द्र शर्मा, मही पाल राणा, जसबीर सिंह, रमेश सैनी, राज बुद्धीराजा, बलबीर सिंह,सुनील कुमार जसबीर सिंह, सोमनाथ शर्मा , अमीर चन्द शर्मा , रघबीर सिंह,राजीव कुमार बिन्द्र पाल, शेर सिह, रमेश कुमार, जितेंद्र सिंह, राम लाल, कुलदीप सिंह, साहिल, राम मूर्ती आदि बहुत संख्या मे मौजूद रहे।

# लैब में जांच के लिए भेजे दवाइयों के तीन व खाद के दो सैंपल फेल मिले

टीम एक्शन इंडिया

**सोनीपत: जिले** में खरीफ सीजन में किसानों को बेहतर गुणवत्ता के खाद, बीज व दवाइयां उपलब्ध करवाने के लिए सोनीपत कृषि विभाग द्वारा लिए गए सैंपलों की रिपोर्ट अब लैब से विभाग में पहुंचनी शुरू हो गई है। जिसके अंतर्गत 52 सैंपलों की रिपोर्ट में से 5 सैंपल गुणवत्ता पर खरे नहीं उतर पाए है। रिपोर्ट के अनुसार लैब में भेजे गए 24 दवाइयों के सैंपलों में से 3 सैम्पल फेल पाए गए है, वहीं 28 सैंपल खाद सैंपलों में से 2 सैम्पल फेल मिले है। रिपोर्ट प्राप्त होने के बाद अब कृषि विभाग ने संबंधित विक्रेता के खिलाफ नोटिस जारी करने की तैयारी शुरू कर दी है। नोटिस जारी करने के बाद आगामी विभागीय कार्रवाई विभाग की तरफ से की जाएगी। बता दें कि मौजूदा समय में खरीफ सीजन की विभिन्न फसलों की अपने अंतिम चरण में पहुंच गई है। मौजूदा समय में धान की फसल में खाद की डिमांड भी काफी बढ़ गई है। वहीं दूसरी तरफ मानसून सीजन में कीटनाशक दवाइयों की खपत भी काफी बढ़ जाती है। इन सब परिस्थितियों में किसानों को बेहतर गुणवत्ता के खाद, बीज व दवाइयां उपलब्ध हो सके, इसके लिए कृषि विभाग ने छापेमारी अभियान शुरू करते हुए खाद, बीज व दवाइयों के सैंपल इकट्ठा किए थे और उन्हें जांच के लिए लैब में भेजा था।

# बीजेपी हल्का युवा मंडल अध्यक्ष के जनसभा में दो मोबाइल चोरी

टीम एक्शन इंडिया

**सोनीपत: सदर** थाना क्षेत्र में नई अनाज मंडी में प्रदेश के मुखिया की जनसभा में पहुंचे भारतीय जनता पार्टी हल्का राई युवा मंडल अध्यक्ष के दो मोबाइल फोन चोरी होने का मामला सामने आया है। पीड़ित ने मामले को लेकर पुलिस को शिकायत दी। पुलिस ने इस संबंध में मुकदमा दर्ज कर लिया है। पुलिस साइबर सेल की मदद ले रही है। ताकि कोई सुराग हाथ लग सके।

**मुकदमा**

▶▶ पीड़ित ने मामले को लेकर पुलिस को शिकायत दी। पुलिस ने इस संबंध में मुकदमा दर्ज कर लिया है

गांव मलिकपुर निवासी अनिल सैनी ने बताया कि वह भारतीय जनता पार्टी हल्का राई युवा मंडल अध्यक्ष है। गत 1 सितंबर को प्रदेश के मुखिया नायब सैनी की नई अनाज मंडी में जनसभा थी। वह अपने साथियों के साथ रैली में गया हुआ था। वह मुख्यमंत्री का स्वागत करने लगा। तो उसी दौरान भीड़ में उसके दो मोबाइल फोन चोरी हो गए। अपने स्तर पर मोबाइल की तलाश की, लेकिन कोई सुराग हाथ नहीं लग पाया। मामले को लेकर पुलिस को अवगत करवाया।

# सभ्यता और संस्कारों को याद रखना जरूरी: प्रो. सतहंस

टीम एक्शन इंडिया

**कुरुक्षेत्र:** एनआईटी के प्रोफेसर सतहंस ने सबसे पहले इंसान को अपनी सभ्यता और संस्कारों को याद रखना बहुत जरूरी है ! अच्छे स्वास्थ को प्राथमिकता देनी चाहिए जो हमारे रहन सहन के वातावरण से जुड़ा हुआ है। वे बुधवार को कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के यूआईईटी संस्थान में कुलपति प्रो. सोमनाथ सचदेवा के मार्गदर्शन में आयोजित इंडक्शन कार्यक्रम में बतौर मुख्य वक्ता बोल रहे थे। उन्होंने इस मौके पर तकनीकी विद्यार्थियों को बेसिक ऑफ लाइफ विषय के बारे में बाते हुए कहा कि पाश्चात्य संस्कृति से जुड़कर



युवा सभ्यता और संस्कारों से दूर होकर जीवन की वास्तविकता को भूल जाते हैं जिसका सीधा असर समय के साथ चुनौती पैदा हो कर रहा है ! प्रो सतहंस ने कहा की हमे प्रकृति के प्रति मौलिक दायित्व को भूलना नहीं चाहिए क्योकि प्रकृति जीवनदायिनी है। प्रकृति का दोहन केवल मानव अपने सुख-सविधाओं के लिए कर रहा है जिसे प्रकृति को भारी मात्रा में नुकसान हो रहा है ।

# जागरूकता आपदा शिविर का किया आयोजन

**सोनीपत:** एनडीआरएफ बठिंडा की सातवीं वाहिनी की ओर से गांव अकबरपुर बारोटा स्थित पीएम श्री राजकीय स्कूल तथा गांव मुरथल में जागरूकता आपदा शिविर का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में दौरान एनडीरआरएफ टीम के इंचार्ज ओएम बिश्नोई ने बताया कि आपदा के समय जब तक कोई मदद आपके पास नहीं पहुंचती तब तक आप अपने पास मौजूद संसाधनों का इस्तेमाल कर-के कैसे अपनी जान बचा सकते हैं। उन्होंने बताया कि उनकी टीम द्वारा 14 अगस्त तक जिला के विभिन्न गांवों में जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे।

# स्टूडेंट्स के लिए स्पीच कंपटीशन का आयोजन

टीम एक्शन इंडिया
पानीपत/( कमाल हुसैन )

आई बी पीजी कॉलेज में इंग्लिश डिपार्टमेंट के द्वारा बी ए फर्स्ट ईयर के स्टूडेंट्स के लिए स्पीच कंपटीशन का आयोजन किया गया जिसका विषय एडवांसमेंट ऑफ टेक्नोलॉजी और भ्रष्टाचार रहे। कार्यक्रम प्रिया बरेजा द्वारा कराया गया। इस एक्टिविटी में 16 स्टूडेंट्स ने पार्टिसिपेट किया` सभी विद्यार्थी इस प्रतियोगिता को लेकर बहुत उत्साहित थे। इस मौके पर कॉलेज प्राचार्य डॉ. अजय कुमार गर्ग ने एक सफल एक्टिविटी के लिए इंग्लिश डिपार्टमेंट को बधाई दी और कहा कि स्पीच एक व्यक्ति के विचारों को व्यक्त करने का एक महत्वपूर्ण साधन है। स्टेज पर



अपने विचार व्यक्त करना सभी विद्यार्थियों के लिए आसान नहीं है। अतः इस तरह के कंपटीशन बच्चो के मन से स्टेज फीयर को दूर करते हैं। अंग्रेजी विभागाध्यक्षा डॉ. नीलम ने बच्चों का उत्साहवर्धन करते हुए कहा कि टेक्नोलॉजी एक अच्छा विषय है जिसके फायदे और नुकसान दोनो है । इसका महत्व इस बात पर निर्भर करता है कि हम इसका प्रयोग किस प्रकार कर रहे है ।इसका सदुपयोग जीवन सफल भी

**प्रतियोगिता**

▶▶ 16 स्टूडेंट्स ने पार्टिसिपेट किया` सभी विद्यार्थी इस प्रतियोगिता को लेकर बहुत उत्साहित थे

कर सकता है और दुरुपयोग जीवन बर्बाद भी कर सकता है । अतः इस तरह के विषय पर स्पीच होती रहनी चाहिए । इससे बच्चों का कॉन्फिडेंस भी बढ़ता है । उन्होंने सभी को प्रतियोगिता में भाग लेने के लिए मुबारकबाद दी` प्रतियोगिता का परिणाम इस प्रकार रहा; तमन्ना प्रथम स्थान, बरखा और हर्षित द्वितीय स्थान पर रहे।

# मतदाता रंगोली के माध्यम से ज्यादा से ज्यादा मतदान करने का संदेश दिया

टीम एक्षशन इंडिया
पानीपत/कमाल हुसैन

**भारत निर्वा**चन आयोग के दिशा निर्देश पर विधानसभा आम चुनाव में मतदान प्रतिशत बढ़ाने को लेकर को लेकर स्वीप गतिविधियो पर जोर दिया जा रहा है। इसी कड़ी में बुधवार को जिला विधिक सेवा प्राधिकरण परिसर में मतदाता रंगोली के माध्यम से ज्यादा से ज्यादा मतदान करने का संदेश दिया गया। ज्यूडिशियल मजिस्ट्रेट एवम सह सचिव डीएलएसए मीनू ने निरीक्षण करते हुए कहा की वोट देना मौलिक अधिकार नहीं अपितु संवैधानिक अधिकार है जिसे आर्टिकल 326 हमे वोट डालने का संवैधानिक अधिकार देता है।

**मांग**

▶▶ विधानसभा आम चुनाव में मतदान प्रतिशत बढ़ाने को लेकर को लेकर स्वीप गतिविधियो पर जोर दिया

स्वीप का संचालन कर रहे डॉक्टर हितेश चंद्र शर्मा ने बताया कि रंगोली के प्रति परिसर में अधिवक्ता, क्लाइंट, आमजन में रंगोली की फोटो सेल्फी का खासा उत्साह दिखाई दिया। उन्होंने बताया कि लोग मैन एंट्रेंस से गुजरे बिना रंगोली देखे व फोटो लिए आगे नहीं बढ़ रहे थे।

# एसईजी छात्र चैप्टर को दुनिया का सर्वश्रेष्ठ चैप्टर का पुरस्कार मिला

टीम एक्शन इंडिया

**कुरुक्षेत्र:** कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के जियोफिजिक्स विभाग के सोसाइटी ऑफ एक्सप्लोरेशन जियोफिजिसिस्ट (एसईजी) छात्र चैप्टर को यूएसए के ह्यूस्टन में आयोजित सम्मेलन में दुनिया में सर्वश्रेष्ठ एसईजी छात्र चैप्टर (2023-2024) का खिताब मिला है। इस अवसर पर कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के कुलपति प्रोफेसर सोमनाथ सचदेवा ने विभाग के शिक्षकों एवं छात्रों को बधाई देते हुए कहा कि वैश्विक स्तर पर भूभौतिकी के क्षेत्र में यह खिताब छात्रों के समर्पण, नवाचार और



अकादमिक उत्कृष्टता का प्रमाण है। उन्होंने कहा कि शोध, अनुसंधान एवं नवाचार केयू की प्राथमिकता है। कुवि कुलपति प्रो. सचदेवा ने कहा कि कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के भूभौतिकी विभाग के अंतिम वर्ष के एमएससी (टेक्नोलॉजी) एप्लाइड जियोफिजिक्स के छात्र रोहित चौहान (टीम लीडर), अभिषेक मनवाल और इशिका अग्रवाल (सदस्य) ने एसईजी इवॉल्व कार्यक्रम में भाग लिया है और 25-29 अगस्त, 2024 को ह्यूस्टन, यूएसए में सत्र 2023-24 के लिए एसईजी छात्र अध्याय की वार्षिक रिपोर्ट भी प्रस्तुत की है।

# भिवानी के शुभम उपाध्याय को राष्ट्रीय स्तर पर मिली प्रसिद्धी

टीम एक्शन इंडिया

**भिवानी:** हरियाणा के भिवानी के 25 वर्षीय टेक विशेषज्ञ शुभम उपाध्याय पोकरबाजी की मास्टरक्लास सीरीज में अपना शानदार पोकर कौशल दिखाकर पोकर की दुनिया में छा गए हैं। अभिषेक गोइंदी की शार्क स्क्वाड का हिस्सा बनकर, शुभम ने इस सीरीज में अपने खेल को और बेहतर बनाया और पोकर की रणनीतियों और तकनीकों पर महत्वपूर्ण सलाह प्राप्त की।शुभम ने एसआरएम चेन्नई में अपने कॉलेज के दिनों में पोकर का सफर शुरू किया था। वह और उनके दोस्त उस दौरान समय बिताने के लिये लगातार गतिविधियों की खोज कर रहे थे और तब उन्होंने पोकर खेलना शुरू किया। उन्होंने दोस्तों के साथ होम गेम्स से शुरूआत की, ताकि पोकर खेलने के नियम और रणनीति समझ सकें। करीब एक साल पहले से उन्होंने पोकर में दिलचस्पी लेनी शुरू की और उसमें माहिर होने के लिये काफी वक्त निकालने लगे।शुभम बताते हैं कि पोकर के उस्तादों और प्लेयर्स के साथ बात करने के सामूहिक अनुभव ने उनके तकनीकी ज्ञान को बढ़ाया और अपने विरोधियों को बेहतर तरीके से समझने में उनकी मदद की। ऑनलाइन पोकर प्लेयर होने के नाते उन्होंने लाइव गेम्स के दौरान चिप्स गिनने जैसी चुनौतियों पर भी जीत हासिल की।

लाइव पोकर के नये प्लेयर्स की यह आम चुनौती होती है।शुभम ने बताया, वह बेहतरीन अनुभव था और अच्छी बात यह थी कि उस्तादों ने मेरे खेल की तारीफ की।

# वरिष्ठ कांग्रेसी नेता विनोद धनखड़ ने कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष से की मुलाकात

टीम एक्शन इंडिया

**सोनीपत: हरियाणा** कांग्रेस की स्क्रीनिंग कमेटी की छह दिन चली बैठकों के बाद अब केंद्रीय चुनाव समिति प्रदेश की सभी 90 विधानसभा सीटों पर उम्मीदवार तय करने की प्रक्रिया को अंतिम रूप देने में जुटी हुई है। ऐसे समय में सोनीपत सीट से वरिष्ठ कांग्रेसी नेता विनोद धनखड़ ने मजबूती से अपनी दावेदारी पेश की है। दरअसल खनन व मनी लॉन्ड्रिंग के कथित मामले में प्रवर्तन निदेशालय (ईडी ) द्वारा सोनीपत से कांग्रेसी विधायक सुरेंद्र पवार की गिरफ्तारी व उनके न्यायिक हिरासत में जाने

**दावेदारी**

▶▶ सोनीपत विधानसभा क्षेत्र से वरिष्ठ कांग्रेसी नेता विनोद धनखड़ ने मजबूती से पेश की है अपनी दावेदारी

के बाद पार्टी के भीतर टिकट को लेकर गंभीरता से मंथन हो रहा है। मुसीबत की इस घड़ी में वरिष्ठ कांग्रेसी नेता विनोद धनखड़ ने मजबूती से अपनी दावेदारी पेश करते हुए पार्टी के समक्ष एक मजबूत विकल्प मुहैया करवाया है। वहीं विनोद धनखड़ कांग्रेस के पंचायती राज प्रकोष्ठ के पूर्व प्रदेश महासचिव भी रह चुके हैं। पूर्व मुख्यमंत्री भूपेंद्र हुड्डा व प्रदेश अध्यक्ष चौधरी उदयभान को अपना अभिभावक मानने वाले विनोद धनखड़ गन्नौर से दो बार विधायक रहे पूर्व विधानसभा अध्यक्ष कुलदीप शर्मा के भी बेहद करीबी माने जाते हैं। विनोद धनखड़ ने पूछे जाने पर बताया कि मौका मिलने पर वे सोनीपत को मॉडर्न सिटी बनाएंगे। उनका पूरा प्रयास रहेगा कि सोनीपत विधानसभा क्षेत्र को महानगरीय सुविधाएं हर हाल में मुहैया हो।

# बारात घर बना उपेक्षा का शिकार, कभी गुंजती थी शहनाई, अब पसरा है सन्नाटा





**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली:** कांग्रेस के शासन काल में त्रीनगर विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले शकूरपुर वार्ड नंबर-62 में बना दिल्ली नगर निगम का बारात घर काफी लंबे अरसे से स्थानीय निगम पार्षद व निगम की उदासीनता का शिकार बना हुआ है। किसी समय में यह बारात घर शादी-ब्याह तथा अन्य शुभ-अवसरों पर साजो-सजावट से रहता था, लेकिन अब कुछ सालों से खंडहर में तब्दील हो चुका है।

**कभी शादी की शहनाईयों से गुंजमान रहता था सामुदायिक भवन:** मामले में वार्ड नंबर-62 से कांग्रेस के पूर्व पार्षद प्रत्याशी मुरारी लाल ने बताया कि यह बारातघर कांग्रेस के शासन काल में दिल्ली की तत्कालिन दिवंगत पूर्व मुख्यमंत्री शीला दीक्षित द्वारा इसकी नींव रखी गई थी, उस समय यह बारात घर हमेशा ही ढोल-नगाडों से गुंजयामान रहता था, लेकिन जब से दिल्ली में आम आदमी पार्टी की सरकार आई है तभी से दिल्ली वासियों का बुरा समय तो आया ही, बल्कि इस बारात घर का भी बुरा समय आ गया जिसके चलते धीरे-धीरे यह बारात घर खंडहर बन गया।

**नशेडियों का हो रहा है भरण-पोषण:** मुरारी लाल ने बताया कि निगम की देख-रेख व चौकीदार न होने के चलते जहां एक ओर तो सामुदायिक भवन खंडहर बन चुका है, वहीं दूसरी ओर चौकीदार न होने के चलते अब इस भवन में स्मैकियों व नशेडियों न शरण लेली है, इतना ही नहीं जहां एक ओर तो यह नशेड़ी लोग इसमें नशा करते है, वहीं इस भवन में मौजूद पंखे, खिडकी, ग्रील सभी उखाड कर ले गए। जिसकी निगम को शायद कानों कान खबर भी नहीं होगी, यदि पता भी होगा तो जानबुझ कर खामोश बैठे पडे है।

# असडी को पुनः सौंपा गया लोकतंत्र सेनानी संघ के अध्यक्ष का पदभार

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली:** लोकतंत्र सेनानी संघ दिल्ली प्रदेश कार्यकारिणी की बैठक का आयोजन किया गया।

बैठक का आयोजन सेनानी संघ के राष्ट्रीय कोषाध्यक्ष व पूर्व विधायक ओपी बब्बर के आवास पर किया गया। वहीं इसी दौरान भाजपा नेता हरीश असडी को एक बार पुनः लोकतंत्र प्रहरी संघ दिल्ली प्रदेश के अध्यक्ष का पदभार सौंपा है।

जिसकी घोषणा लोकतंत्र सेनानी संघ के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष और पूर्व विधायक ओपी बब्बर द्वारा की गई व कार्यक्रम की अध्यक्षता दिल्ली प्रदेश सेनानी संघ के अध्यक्ष राजन ढींगरा ने की। तो वहीं इसी बीच लोकतंत्र सेनानी संघ के महामंत्री राजकुमार सपड़ा, पूर्व विधायक जीतराम सोलंकी, पूर्व पार्षद श्रीपाल सहित



लोकतंत्र सेनानी संघ की पूरी टीम की भी घोषणा भी की गई।

**लोकतंत्र सेनानी संघ दिल्ली प्रदेश कार्यकारिणी:** सरंक्षक, सुभाष आर्य, अध्यक्ष राजन ढीगरा, महामंत्री राजकुमार सपड़ा, उपाध्यक्ष जीतराम सोलंकी, उपाध्यक्ष विजय कौशिक, उपाध्यक्ष अशोक महाजन, उपाध्यक्ष विष्णु गुप्ता, मंत्री चन्द्र शेखर, मंत्री सुभाष नागी, मंत्री सुरेश गुप्ता, मंत्री



विजय गुप्ता, व्यवस्था प्रमुख रवि तिवारी, लोकसभा क्षेत्र प्रमुख अशोक आहूजा, चमन लाल मौला लोकतंत्र सेनानी संघ दिल्ली प्रदेश सहित दिलपत शर्मा, सुभाष सचदेवा, सुधीर मदान, सुभाष नागपाल मौजूद रहे। इस मौके पर लोकतंत्र प्रहरी संघ दिल्ली प्रदेश के अध्यक्ष हरीश असडी ने बताया कि बैठक में कई अहम मुद्दे उठाए गए, जिसमें कि कहा गया कि आने वाले दिल्ली विधानसभा के चुनाव में भाजपा दिल्ली के लोकतंत्र सेनानियो को सम्मान और सम्मानित करने का विषय अपने चुनाव घोषणा पत्र में सम्मलित करें।

इसके लिए दिल्ली प्रदेश भाजपा अध्यक्ष, दिल्ली के सातो सांसदो से तथा अन्य प्रमुख नेताओं से सम्पर्क किया जाएगा। वहीं, इसी मौके पर 25 जून सविधान हत्या दिवस घोषित करने पर केन्द्र सरकार का आभार भी व्यक्त किया गया और केन्द्र सरकार से अनुरोध किया की वह यह भी स्पष्ट करें सविधान की हत्या हुई है तो उसका हत्यारा कौन है यह जानने के लिए एक आयोग गठित करें और आयोग तय समय सीमा मे अपनी रिपोर्ट दें।

# दिल्ली सरकार गांवों को सभी शहरी सुविधाओं से करें लैसः थान सिंह

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली:** दिल्ली पंचायत संघ प्रमुख थान सिंह यादव ने कहा की दिल्ली सरकार व दिल्ली नगर निगम शहरीकृत गांवों को नजर अंदाज करना बंद करें और शहरीकृत सुविधाएं उपलब्ध कराएं। इसके साथ ही पंचायत संघ प्रमुख थान सिंह यादव ने कहा कि नांगलोई विधानसभा के अंतर्गत आने वाले नांगलोई जाट, पीरागढ़ी, नांगलोई सईदान इन तीनों गांवों में अभी तक पीएनजी गैस लाइन के कनेक्शन नहीं दिए गए हैं। जिसको लेकर पंचायत संघ व गांवों के पंचायत प्रमुखों ने बैठक की और 15 दिन के अंदर पीएनजी गैस कनेक्शन देने की मांग



रखी। इस संबंध में कोई कार्रवाई नहीं हुई तो तीनों गांव इसका विरोध दर्ज कराएंगे।

**ग्रामीणों को दी जाए मुलभूत सुविधाएं:** उन्होंने कहा कि इन गांवों का तेजी से विकास का कार्य हो। जिसमें गांवों में सड़को, नालियों, बरसाती नालो, सीवर ओवर फ्लो होना, स्ट्रीट लाईट व सफाई भी सुचारू रूप से हो तथा इनके आस-पास बने अवैध कूड़ा घरों को हटाने का काम हो। इसके साथ ही गांवों के बारात घर, पंचायत घर, बच्चों के खेलने के मैदान व पार्किंग की व्यवस्था कराएं।

**ग्रामीणों के साथ हो रहे कुठाराघात को नहीं करेंगे बर्दाशतः** पंचायत संघ ने इन सभी शहरी सुविधाएं उपलब्ध कराने की मांग की। अब गांवों के साथ हो रहे कुठाराघात व दोयम दर्जे के व्यवहार को बर्दाशत नहीं किया जाएगा। इसलिए 15 दिन के अंदर इनके स्वीकृत जो भी बजट राशि है या 15 दिन में बजट उपलब्ध कराते हुए।

# शिव सांई मंदिर में श्री राधा कृष्ण दर्शन परिवार ने श्री कृष्ण छठी उत्सव धूमधाम से मनाया





**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली:** दिल्ली२ के आदर्श नगर एक्सटेंशन के शिव सांई मंदिर में श्री राधा कृष्ण दर्शन परिवार की ओर से श्री कृष्ण छठी उत्सव के उपलक्ष्य में कीर्तन व प्रसाद वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस मौके पर श्री राधा कृष्ण दर्शन परिवार के प्रधान मनोज सिंघल ने जानकारी देते हुए बताया कि शिव सांई मंदिर अशोक रोड़ आदर्श नगर एक्सटेंशन में गत वर्षों की भांति इस वर्ष भी भगवान श्रीकृष्ण जन्माष्टमी एवं छठी उत्सव का आयोजन किया गया। जिसमें क्षेत्रीय भक्तों का उत्साह व उमंग और खुशी के साथ में भागीदारी निभाई। कार्यक्रम के दौरान संस्थान पदाधिकारियों में गौ ग्रास रिक्शा संचालन कमेटी मुकेश गोयल, पंकज गोयल, प्रवीन गर्ग, माधव अग्रवाल, पंकज गुप्ता, अनिल मित्तल, सचिन गोयल, राकेश जुनेजा उपाध्यक्ष, कार्यकारिणी सदस्यों में सुशील गुप्ता, पवन जिंदल, सुधीर गुप्ता, गौरव चौहान, अशोक शर्मा, हेमंत राजपूत, भूपेन्द्र, नितेश मुदगल, अभिषेक बंसल, अजय, उमेश ने अपनी सक्रिय भूमिका निभाई। इस मौके पर अतिथि के तौर पर गुरदयाल छाबडा, पीपी खुराना, विजय गुप्ता, प्रदीप गुप्ता ने अपनी उपस्थिति दर्ज करवाई एवं भगवान श्री कृष्ण का आशीर्वाद प्राप्त किया। विशेष अतिथि के तौर पर नितिन जैन, पवन सिंघल, संजीव कंबोज शामिल हुए। संस्था संरक्षक सुरेश गोयल, प्रधान सतीश अग्रवाल, सलाहकार मनोहर लाल शर्मा, अशोक जिंदल, महिला परिवार में अंजू सिंघल, पूनम चौहान, निधि गुप्ता, दीपिका गुप्ता, सुनीता रानी, ममता चौधरी, रचना गुप्ता, गार्गी मनचंदा, मोना अग्रवाल, निशा जिंदल, प्रीति गर्ग, राज शर्मा, भजन गायिका सुदेश, विद्या राव, भजन गायिका वीना ढींगरा, कंचन, शिव सांई कीर्तन मंडली, सभी अशोका रोड़ निवासियों ने अहम भूमिका निभाई।

कार्यक्रम आयोजक एवं श्री राधा कृष्ण दर्शन परिवार के प्रधान मनोज सिंघल ने समाज में सबके हित, सुख-शांति व समृद्धि हेतु भगवान श्री कृष्ण से आशीर्वाद मांगा और उपस्थित भक्तों का धन्यवाद के साथ आभार प्रकट किया।

# 'प्रदूषण को कम करने में केजरीवाल सरकार हुई विफल'

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली:** दिल्ली भाजपा अध्यक्ष वीरेंद्र सचदेवा ने कहा है कि यह देखकर आश्चर्य होता है कि अरविंद केजरीवाल सरकार अचानक से प्रदूषण के मुद्दे पर मुख्य विपक्षी दल से संवाद स्थापित करने की कोशिश कर रही है, लेकिन उस संवाद में भी पर्यावरण मंत्री गोपाल राय ने गलत तथ्यों और सच्चाई को छिपाकर लोगों को गुमराह करने की कोशिश की है।

दिल्ली भाजपा अध्यक्ष ने कहा कि सच्चाई यह है कि दिल्ली में चुनाव आगामी दिसंबर या जनवरी में होने हैं, जो सबसे अधिक प्रदूषण वाले महीने हैं और केजरीवाल सरकार ने चुनाव के दिनों के लिए बहाने बनाने के



लिए प्रदूषण के मुद्दे पर पत्र-व्यवहार शुरू कर दिया है। सचदेवा ने कहा है कि मंत्री गोपाल राय का पत्र भ्रामक तथ्यों के साथ आत्मप्रशंसा का प्रयास है और हम इसमें निहित तथ्यों की निंदा करते हैं।

**सचदेवा ने कहा है कि दिल्ली भाजपा प्रदूषण के मुद्दे पर दिल्ली सरकार के मंत्री गोपाल राय के समक्ष 10 सरल प्रश्न रखती है और उनके तथ्यात्मक उत्तर चाहती है:** पंजाब में पराली जलाना सर्दियों में प्रदूषण का सबसे बड़ा कारण है, कृपया बताएं कि आपकी सरकार ने पंजाब सरकार को पराली जलाने के बारे में कब पत्र लिखा या पंजाब सरकार से इस मुद्दे पर कब चर्चा की। दिल्ली सरकार क्लाउड सीडिंग और कृत्रिम बारिश के विचार पर पागल हो गई है, क्या मंत्री गोपाल राय बताएंगे कि सरकार किस व्यावहारिक केस स्टडी के आधार पर लगातार इस विचार को उठा रही है और दिल्ली की 1484 वर्ग किलोमीटर सड़कों के किन क्षेत्रों में बीज वर्षा होगी।

मंत्री गोपाल राय स्मॉग टावर और सोर्स अपोर्शमेंट स्टडी की बात करते हैं, लेकिन फरवरी 2024 में दिल्ली प्रदूषण नियंत्रण समिति ने दोनों मामलों में केजरीवाल सरकार पर प्रतिकूल राय दी थी, क्या मंत्री गोपाल राय बताएंगे कि उनकी सरकार दोनों मामलों में दिल्ली में विफल क्यों रही।

# राजधानी दिल्ली में सरकार की लापरवाही से जगह-जगह जलभरावः साहिल वासन

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली:** प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य युवा मोर्चा भाजपा दिल्ली प्रदेश साहिल वासन ने कहा कि आम आदमी पार्टी ने दिल्ली की जनता को गुमराह करने का कार्य किया है। आज दिल्ली की कई कॉलोनियों में गंदा पानी आ रहा है, जिसकी वजह से लोगों को मजबूर होकर बाजार से महंगे दामों पर पानी खरीदना पड़ रहा है और आम आदमी पार्टी कहती है कि हम दिल्ली की जनता को मुफ्त पानी दे रहे है।

उन्होंने आगे बताया कि एक तरह जहां पानी गंदा आ रहा है, वहीं



लोगों को पानी के बिल भी भेजे जा रहे है, जिससे की जनता परेशान हो रही है। उन्होंने कहा कि आम आदमी पार्टी के राज में कागजों में तो विकास नजर आ रहा है, लेकिन धरातल पर विकास नहीं है, जिसके चलते लोगों को बेहतर सुविधाएं नहीं मिल पा रही है।

उन्होंने आगे बताया कि राजधानी दिल्ली में थोडी सी ही बारिश में ही दिल्ली की सड़को पर जलभराव हो जा रहा है, जिसके चलते लोगों को खासी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है, अगर दिल्ली नगर निगम और पीडब्ल्यूडी विभाग समय से पहले नालों व नालियों की सफाई करवाते तो आज दिल्ली के यह हालात नहीं होते। उन्होंने कहा कि दिल्ली राजधानी होने के बाद भी कई समस्याओं से जूझ रही है, सरकार को इस विषय पर सोचने की आवश्यकता है। उन्होंने बताया कि जहां एक ओर जगह-जगह रोड़ों पर जाम लगा रहता है, वहीं कॉलोनियों में रहने वाले लोगों को मूलभूत सुविधाएं भी नहीं मिल पाती है और दिल्ली में शासित आम आदमी पार्टी कहती है कि हम दिल्ली की जनता को बेहतर सुविधाएं दे रहे है।

उन्होंने कि भाजपा ही एकमात्र ऐसी पार्टी है जो सभी के हित में कार्य करती है। यही कारण है कि भाजपा के कार्यों व नीतियों से देश के लोग काफी ज्यादा खुश है।

# जहांगीरपुरी के स्कूल में जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन, बच्चों ने सीखें आपदा से बचने के उपाय





**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली:** दिल्ली के जहांगीरपुरी इलाके के डी ब्लॉक सरकारी स्कूल में वर्ल्ड विजन इंडिया और डीएम, एसडीएम के द्वारा डिजास्टर अवेयरनेस प्रोग्राम आयोजित किया गया। एनडीआरएफ टीम के द्वारा जहांगीरपुरी में डीएम और एसडीएम के सहयोग से बच्चों को भूकंप आने पर वह कैसे बच सकते है और दूसरों की जान कैसे बचा सकते है। इस कार्यक्रम में स्कूल के लगभग 500 बच्चों ने भाग लिया। इस मौके पर वर्ल्ड विजन से मिस्टर प्रेमलाल, प्रिंसिपल मेवा लाल, एसडीएम हेड क्वाईटर डीडीएमए-नार्थ राजेश आहूजा, मोहम्मद आबिद डीडीएमए, एनडीआरएफ टीम से सुमित इस्पेक्टर सहित कई गणमान्य लोग मौजूद रहे। वर्ल्ड विजन से मिस्टर प्रेमलाल ने बताया कि इस प्रकार के कार्यक्रम वर्ल्ड विजन संस्था समय-समय पर आयोजित करती रहती है। ताकि समाज के सभी वर्ग के लोग जागृत हो सके। उन्होंने आगे बताया कि सेवा से बड़ा कोई भी कार्य नहीं होता है। इसलिए सभी को सेवा के क्षेत्र में आगे आना चाहिए और जरूरतमंद व निर्धन तबके की मदद करनी चाहिए। इस मौके पर कई गणमान्य लोगों ने भी विचार रखें।

# भारत चुनाव आयोग के अनुसार ऑनलाइन नामाकंन भी दाखिल कर सकते हैं प्रत्याशी: निर्वाचन अधिकारी

**आम चुनाव**

**निर्वाचन अधिकारी ने अधिकारियों को नामाकंन पत्र दाखिल करने के संदर्भ में किया प्रशिक्षित**



**टीम एक्शन इंडिया/पानीपत, ( कमाल हुसैन )**

विधानसभा 2024 के आम चुनाव की तैयारियों को लेकर जिला सचिवालय के सभागार में निर्वाचन अधिकारी डॉ.पंकज की अध्यक्षता में चुनाव में डयूटी देने वाले विभिन्न विभागों के अधिकारियों को नामाकंन पत्र दाखिल करते वक्त ध्यान रखने योग्य बातें को लेकर बताया गया। उन्होंने कहा कि चुनाव लडने. वाले प्रत्याशी को भारत चुनाव आयोग की गाइड लाइन को ध्यान में रख कर नामाकंन दाखिल करना चाहिए। फार्म में जो जो जानकारियां मांगी गई है उन्हें पूरा करना चाहिए।

निर्वाचन अधिकारी ने कहा कि चुनाव के लिए प्रत्याशियों को नॉमिनेशन संबंधी जानकारी होनी चाहिए। उन्हें पूरी तरह से तैयार होकर नामाकंन पत्र दाखिल करना चाहिए। भारतीय चुनाव आयोग द्वारा अधिकारियों को इसके संदर्भ में प्रशिक्षण दिया जा चुका है। प्रत्याशियों को भी नामाकंन को लेकर बहुत सी सावधानियां बरतने की जरूरत है। उन्होंने अधिकारियों को फार्म 26 व 2 बी जो नामाकंन पत्र से गहरा संबध रखता है की बारिकियों से अवगत कराया।

निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि प्रत्याशी ऑनलाइन भी चुनाव में आवेदन कर सकते है। यह सुविधा भारत चुनाव आयोग प्रत्याशियों को दी जा रही है। नामाकंन प्रक्रिया को लेकर अलग अलग टेबल स्थापित की जाएगी जिस पर अधिकारी प्रत्याशियों द्वारा दिए जा रहे नामाकंनों की जांच करेंगे व उनकी त्रुटियों से संबंधित जानकारी प्रत्याशियों को देंगे।

निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि प्रत्याशी को दिए जा रहे हर कॉलम को पूरी तरह से भरना है। हर पेज को नोटरी से सत्यापित कराकर के स्वयं भी सत्यापित करना है। प्रत्याशी को सोशल मीडिया की डिटेल संबंधित जानकारी भी फार्म के माध्यम से देनी होगी। प्रत्याशी को बैंक में अपना खाता खुलवाना होगा। फार्म के अंदर निल व एन.ए. के बारे में पहले पूरी जानकारी प्रत्याशी को लेनी चाहिए ताकि फार्म के अंदर किसी प्रकार की त्रुटी न रहे। निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि फार्म में प्रत्याशी को अपनी सम्पत्ति का विवरण भी देना होगा। इसमें उसे अगर किसी को उधार दिया है उसका भी हवाला देना होगा।

निर्वाचन अधिकारी ने प्रशिक्षण के दौरान अधिकारियों से अनुरोध किया कि वे चुनाव को भार न समझे इसे अपनी डयूटी समझ कर इसका निर्वाहन करें। उन्होंने सभी अधिकारियों को निर्देश दिए।

# राज्य स्तरीय सॉफ्टबॉल स्पर्धा में अंडर-14 की खिलाड़ियों ने जीता कांस्य पदक

**खेल प्रतियोगिता**

**- सॉफ्टबॉल स्पर्धा में शानदार प्रदर्शन करके कांस्य पदक जीतने वाली खिलाड़ियों को दी बधाई**



**टीम एक्शन इंडिया/हिसार**

सॉफ्टबॉल स्पर्धा में सरसाना के राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय की अंडर-14 टीम ने शानदार प्रदर्शन करके सभी का दिल जीत लिया। रोहतक में आयोजित राज्य स्तरीय खेल प्रतियोगिता में राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय सरसाना की खिलाडि?ों ने बढ़-चढकर हिस्सा लिया। सॉफ्टबॉल के अंडर-14 मुकाबले की इन खिलाडि?ों ने हिसार जिले का प्रतिनिधित्व करते हुए कांस्य पदक प्राप्त किया। अब ये खिलाड़ी राष्ट्र स्तर पर अपने खेल कौशल का प्रदर्शन करेंगी। इस स्कूल से अंडर-14, अंडर-17 व अंडर-19 के 25 खिलाडि?ों ने हिस्सा लिया जो कि हिसार जिले में इस स्कूल के खिलाडि?ों ने एक रिकॉर्ड बनाया है।

डीडीओ लीलावती ने खिलाडि?ों के इस बेहतरीन प्रदर्शन के लिए डीपीई कृष्णा खोवाल व विद्यार्थियों को बधाई दी। इस दौरान डीपीई कृष्णा खोवाल ने आश्वसत किया कि आगामी मुकाबले में स्कूल की टीम इसी तरह उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए स्कूल व अभिभावकों का नाम रोशन करेगी।

## संक्षिप्त खबरें

### दिव्यांग मतदाताओं के लिए मददगार साबित होगा इसीआई सक्षम एप

**टीम एक्शन इंडिया/पानीपत, ( कमाल हुसैन )**

डीसी एवं जिला निर्वाचन अधिकारी डॉक्टर वीरेन्द्र कुमार दहिया ने कहा कि भारत निर्वाचन आयोग द्वारा सभी वर्गों की विधानसभा चुनाव में भागीदारी सुनिश्चित करने के लिए महत्वपूर्ण प्रयास किए जा रहे हैं। इन्हीं प्रयासों के अंतर्गत दिव्यांगजनों के लिए मताधिकार का प्रयोग सहज एवं सुविधाजनक बनाने के उद्देश्य से सक्षम एप बनाया गया है। यह मोबाइल एप दिव्यांग व्यक्तियों की सुविधा को देखते हुए एक प्रकार से दिव्यांग मतदाताओं के लिए वरदान है। दिव्यांगजन चुनाव से जुड़ी मतदाता केंद्रित विभिन्न सेवाओं का लाभ उठाने के लिए इस एप का उपयोग कर सकते हैं। डीसी ने बताया कि सक्षम एप के इंटरफेस को उपयोगकर्ता के लिए अधिक अनुकूल बनाया गया है। सक्षम एप के माध्यम से दिव्यांग वोटर मतदाता सूची में अपना नाम चेक करने के अलावा पोलिंग बूथ की लोकेशन, बूथ तक आवागमन के लिए व्हीलचेयर के लिए अनुरोध कर सकता है। नये मतदाता के रूप में अपना पंजीकरण करवा सकता है, वोटर कार्ड में सुधार, वोटर कार्ड को आधार से जुडवाने या चुनावी प्रक्रिया से संबंधित अन्य प्रकार की सेवाओं के लिए अनुरोध कर सकता है। यहां तक चुनाव लड़ रहे उम्मीदवार के बारे में जानकारी प्राप्त कर सकता है। उन्होंने बताया कि सक्षम एप द्वारा दिव्यांग मतदाता मतदान को लेकर किसी भी प्रकार की समस्या के लिए संपर्क कर सकता है व शिकायत भी दर्ज कर सकता है। इसके अलावा चुनावों से संबंधित ज्ञानवर्धन के लिए काफी लेख भी सक्षम एप पर उपलब्ध हैं।-----सक्षम एप गूगल प्ले स्टोर से अपने एंड्रॉयड मोबाइल पर डाउनलोड करें। एप खुलते ही वोटर रजिस्ट्रेशन, पोलिंग बूथ पर सुविधाएं, वोटर कार्ड से संबंधित जानकारी और सूचना एवं शिकायत का ऑप्शन आएगा। इसके उपरांत अन्य सुविधाओं के लिए एप का उपयोग किया जा सकता है।

### घर बैठे डाउनलोड कर सकते हैं फोटोयुक्त डिजिटल वोटर कार्ड; जिला निर्वाचन अधिकारी डॉ. वीरेन्द्र दहिया

**टीम एक्शन इंडिया/पानीपत, ( कमाल हुसैन )**

चुनाव आयोग ने चुनाव से जुड़े सभी महत्वपूर्ण कार्य ऑनलाइन कर दिए हैं। चुनाव आयोग ने देशभर में डिजिटल मतदाता पहचान पत्र या इलेक्ट्रॉनिक इलेक्टोरल फोटो आईडी कार्ड यानी ई-ईपीआईसी की सुविधा शुरू कर रखी है। अगर मतदाता की वोटर आईडी कहीं गुम हो गई है या फिर वह वोटर कार्ड की डिजिटल कॉपी सहेज कर रखना चाहता है तो वोटर हेल्पलाइन एप या फिर चुनाव आयोग की वेबसाइट वोटरसडॉटइसीआईडॉटजीओवीडॉटइन से अपना वोटर कार्ड आसानी से मोबाइल या कंप्यूटर पर डाउनलोड कर सकते हैं। डिजिटल वोटर कार्ड ई-ईपीआईसी को डिजी लॉकर में भी अपलोड किया जा सकता है। इसके अलावा इसे प्रिंट भी कराया जा सकता है।

जिला निर्वाचन अधिकारी एवं डीसी डॉक्टर वीरेन्द्र कुमार दहिया ने कहा कि ई-ईपीआईसी वोटर कार्ड ओरिजिनल वोटर आईडी कार्ड का एक नॉन-एडिटेबल पीडीएफ वर्जन है। वोटर आईडी के पीडीएफ वर्जन को भी आइडेंटिटी के साथ एड्रेस प्रूफ के तौर पर इस्तेमाल किया जा सकता है। इस डिजिटल आईडी प्ररूफ को आसानी से एक्सेस करने के लिए मोबाइल फोन या डिजीलॉकर में स्टोर करके रखा जा सकता है।

डिजिटल कार्ड को ऐसे कैरे डाउनलोड

राष्ट्रीय मतदाता पोर्टल पर ईसीआईडाटजीओवीडाटइन पर विजिट करें, नए यूजर को पहले रजिस्टर करना होगा, अब ई-ईपीआईसी डाउनलोड करने के विकल्प पर क्लिक करें, इसके बाद ई-ईपीआईसी नंबर या फॉर्म रेफरेंस नंबर को दर्ज करें, अब आपके रजिस्टर्ड मोबाइल नंबर पर एक ओटीपी आएगा तथा इसके बाद ई-ईपीआईसी डाउनलोड का विकल्प सामने होगा।

### सोनीपत: विधानसभा चुनाव में नामांकन प्रक्रिया की तैयारियां पूरी

**टीम एक्शन इंडिया/सोनीपत**

जिला निर्वाचन अधिकारी एवं उपायुक्त डॉ. मनोज कुमार ने जानकारी दी कि विधानसभा चुनाव के लिए सोनीपत जिले के सभी छह विधानसभा क्षेत्रों में नामांकन प्रक्रिया की तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। इच्छुक प्रत्याशी 5 सितंबर से 12 सितंबर तक अपने नामांकन दाखिल कर सकते हैं।

## डाक मत पत्र जारी किए जाएंगे

**पानीपत, ( कमाल हुसैन )**

जो अधिकारी और कर्मचारी आवश्यक सेवाओं से संबंधित विभागों में है, उन सभी को वोट डालने के लिए डाक मत पत्र जारी किए जाएंगे। इस के दृष्टिगत जिला स्तर पर फैसिलिटेशन सेंटर/पोस्टल वोटिंग केंद्र स्थापित किया गया है। उपायुक्त एवं जिला निर्वाचन अधिकारी डॉक्टर वीरेंद्र कुमार दहिया ने कहा कि इसको लेकर सभी संबंधित नोडल अधिकारियों को निर्देश दिए गए हैं कि संबंधित अधिकारी और कर्मचारियों से फॉर्म 12-डी भरवा कर द्वितीय तल पर बनाए गए फैसिलिटेशन सेंटर कमरा नंबर 212 में देने के निर्देश दिए गए हैं जहां पर डाक पत्र के माध्यम से मतदान की सुविधा प्रदान करवाई जा सकेगी।

# स्वदेशी जागरण मंच ने चलाया उद्यमिता व स्वरोजगार अभियान, मिलेगा प्रशिक्षण

**विशेष अभियान**

**- वाटर प्यूरीफायर, गैस गीजर, बिजली वाले गीजर व किचन चिमनी लगाने का दिया जाएगा प्रशिक्षण**

**टीम एक्शन इंडिया/हिसार**

युवा पीढ़ी को स्वावलंबन व स्वरोजगार से जोड? के लिए स्वदेशी जागरण मंच ने स्वावलंबी भारत अभियान के तहत हिसार में विशेष अभियान शुरू किया है। इस अभियान के तहत युवाओं को वाटर प्यूरीफायर, गैस गीजर, बिजली वाले गीजर व किचन चिमनी लगाने एवं रिपेयर करने का प्रशिक्षण दिया जाएगा। इस कोर्स को



दसवीं या बारहवीं कक्षा उत्तीर्ण कर चुके या परीक्षा में अनुत्तीर्ण रहने वाले युवा एवं शिक्षा ग्रहण करने वाले युवा निशुल्क कर सकते हैं। पहले बैच का समय प्रातः 9 बजे से दोपहर 1 बजे तक रहेगा जबकि दूसरे बैच के युवा दोपहर 2 बजे से सायं 6 तक प्रशिक्षण प्राप्त कर पाएंगे। खास बात यह है कि युवा पढ़ाई के साथ-साथ इस कोर्स को करके नियमित कमाई कर सकते हैं।

स्वदेशी जागरण मंच के प्रांत प्रचार प्रमुख अनिल गोयल ने बताया कि हर कोर्स के लिए 10-10 सीट हैं और इस कोर्स की अवधि 30 दिन है। विशेषज्ञ हर रोज चार घंटे वाटर प्यूरीफायर, गैस गीजर, बिजली वाले गीजर व किचन चिमनी बनाने व लगाने का प्रशिक्षण देंगे। इसके साथ ही युवाओं को उपकरणों से संबंधित समस्त जानकारी भी उपलब्ध करवाई जाएगी। उन्होंने बताया कि इस कोर्स को सफलतापूर्वक करने वाले युवाओं को नौकरी लगवाने एवं स्वरोजगार के लिए भी स्वदेशी जागरण मंच भरपूर सहयोग करेगा। इस कोर्स में दाखिला पहले आओ-पहले पाओ के आधार पर होगा और इसके लिए मॉडल टाउन स्थित सूर्या प्रोडक्ट्स प्रतिष्ठान, संजीव गोयल, अनिल गोयल व मोना जैन से संपर्क किया जा सकता है।

### ... गांव या शहर से जुड़े हर युवा को मिले रोजगार : अनिल गोयल

अनिल गोयल ने बताया कि स्वदेशी जागरण मंच का यही उद्देश्य है कि गांव या शहर कहीं से भी युवा हो, उसे रोजगार मिले। इसलिए समय-समय पर स्वरोजगार पर आधारित प्रशिक्षण निशुल्क करवाए जाते हैं। उन्होंने बताया कि कई प्रतिष्ठानों व उद्योगों के मालिकों से बातचीत हो चुकी है।

प्रशिक्षण प्राप्त करने वाले युवा वहां पर वाटर प्यूरीफायर, गैस गीजर, बिजली वाले गीजर व किचन चिमनी आदि लगाने का काम करेंगे।

इसके साथ ही यदि कोई युवा अपनी दुकान खोलना चाहता है तो उसकी भी हरसंभव मदद की जाएगी। प्रशिक्षण प्राप्त करके के बाद यदि युवा इन उपकरणों से संबंधित कंप्लेंट पर काम करना चाहेंगे तो उस दिशा में भी प्रभावी योगदान दिया जाएगा।

# लोगों की आर्थिक मदद से चैंपियनशिप में गया खिलाड़ी कांस्य पदक लेकर लौटा

**टीम एक्शन इंडिया/यमुनानगर**

बेंगलुरु में हुई 63वीं नेशनल ओपन एथलीट चैंपियनशिप में कांसापुर निवासी रोहित ने 2.11 मीटर हाई जंप लगाकर कांस्य पदक हासिल किया। रोहित के पास पैसे भी नहीं थे। लोगों ने उसकी आर्थिक मदद की थी। अब उसका साउथ एशियन गेम्स में भी चयन हो गया है। बुधवार को यह जानकारी देते हुए कोच चंद्रपाल राणा के साथ लौटे रोहित ने बताया कि वह गरीब परिवार से है। उसके पिता का कुछ साल पहले देहांत हो गया था, लेकिन उसके कोच ने उसका हाई जंप में अच्छा अभ्यास कराया। कुछ




दिनों पहले उसे बेंगलुरु में 63वीं नेशनल ओपन एथलीट चैंपियनशिप के होने की जानकारी मिली। उसके पास चैंपियनशिप में जाने के लिए पैसे नहीं थे। रोहित ने बताया कि उसने फिजियोथेरेपी डॉक्टर विकास कुमार से बातचीत की। डा. विकास व उनके दोस्तों ने उसकी आर्थिक मदद की, जिनकी मदद से वह चैंपियनशिप में पहुंचा। वहां उसने 2.11 मीटर ऊंची कूद लगाकर कांस्य पदक हासिल किया।

## ट्रैक्टर्स शोरूम पर हुई चोरी, घटना सीसीटीवी में हुई कैद

**टीम एक्शन इंडिया/मथुरा**

जनपद की प्रसिद्ध फर्म श्री खंडेलवाल ट्रैक्टर सौंख रोड राधिका विहार के शोरूम में बीती रात्रि अज्ञात चोर ने हजारों रुपए की नगदी और चांदी के सिक्के चोरी कर लिए।

घटना की सूचना कोतवाली पुलिस को दे दी गई है। चोरी की घटना शोरूम में लगे सीसीटीवी कैमरा में कैद हो गई है जिसके आधार पर पुलिस चोर की तलाश में जुट गई है। कोतवाली पुलिस को दी तहरीर में शोरूम के पार्टनर मुकेश खंडेलवाल ने बताया है कि शोरूम में पर निर्माण का कार्य चल रहा है।

# ओशो ध्यान उपवन में 21 व 22 सितंबर को दो दिवसीय ओशो ध्यान शिविर का आयोजन




**टीम एक्शन इंडिया/हिसार**

आध्यात्मिक व सामाजिक सरोकारों से जुड़े ओशो ध्यान उपवन में दो दिवसीय ओशो ध्यान शिविर आयोजित किया जाएगा। 21 व 22 सितंबर को आयोजित होने वाले इस शिविर में आचार्य स्वामी सच्चिदानंद जी ओशो के ध्यान के प्रयोग करवाएंगे और ध्यान में गहरे जाने की विधियों का अभ्यास करवाया जाएगा। शिविर के आयोजक स्वामी संजय ने बताया कि दो दिवसीय ओशो ध्यान शिविर प्रातः 7.30 बजे से रात्रि 7 बजे तक जारी रहेगा। इस दौरान नाश्ते व भोजन की समुचित व्यवस्था ओशो ध्यान उपवन में रहेगी। उन्होंने बताया कि बाहर से आने वाले साधकों के आवास व भोजन की व्यवस्था भी यहीं की जाएगी।

स्वामी संजय ने बताया कि आज के दौर में मनुष्य भागदौड़ करते हुए अवसाद, निराशा व नीरसता से घिर जाता है। इन सभी से बाहर निकलकर उल्लासमय जीवने जीने का सबसे सशक्त साधन ध्यान ही है। इसलिए सिरसा रोड पर स्थित ओशो ध्यान उपवन में दो दिवसीय ध्यान शिविर का आयोजन किया जा रहा है। इस शिविर में दोनों दिन कई सत्र रहेंगे और इसमें विभिन्न क्षेत्रों से काफी संख्या में साधक हिस्सा लेंगे। इन सत्रों के दौरान साधकों को न केवल ध्यान की सरल विधियां समझने का अवसर मिलेगा बल्कि उनका अभ्यास भी करवाया जाएगा। उन्होंने कहा कि इस शिविर में ध्यान की विधियां सीखकर साधक अपने जीवन में काफी बदलाव महसूस करेंगे। इस दौरान साधकों को सतगुरु ओशो के संचित प्रवचन सुनने का भी अवसर मिलेगा। उन्होंने बताया कि ध्यान का अर्थ है क्रियाहीन होना। ध्यान क्रिया नहीं, अवस्था है। वह अपने स्वरूप में होने की स्थिति है।

उन्होंने कहा कि ओशो ध्यान उपवन पूरी तरह समाज के प्रति समर्पित है। इसलिए यहां समय-समय पर ध्यान शिविर व ध्यान सत्रों का आयोजन किया जाता है। इसके साथ ही विभिन्न उत्सव व विशेष दिवस भी धूमधाम से मनाए जाते हैं।

# आप की बाइक रैली को हर क्षेत्र में मिल रहा समर्थन: नरवाल

**बाइक रैली**

**जिले के हर विधानसभा क्षेत्र में युवाओं सहित आम जनता ने इसमें शामिल होकर पार्टी को मजबूती दी**

**टीम एक्शन इंडिया/हिसार**

आम आदमी पार्टी युवा इकाई के जिला अध्यक्ष वीरेन्द्र नरवाल ने कहा है कि पार्टी की ओर से हर विधानसभा क्षेत्र में निकाली जा रही बाइक रैली को जनता का अभूतपूर्व साथ मिल रहा है। उन्होंने कहा कि जिले के हर विधानसभा क्षेत्र में युवाओं सहित आम जनता ने इसमें शामिल होकर पार्टी को मजबूती दी।



वीरेन्द्र नरवाल ने कहा कि अब तक जिले के चार विधानसभा हलकों में यह बाइक रैली निकाली जा चुकी है। इसका हर हलके में भरपूर स्वागत हुआ वहीं आम जनता ने भी पार्टी की नीतियों व कार्यक्रमों को पंसद किया। उन्होंने कहा कि युवा वर्ग ही आम आदमी पार्टी की रीढ़ की हड्डी है वहीं पार्टी के पास भी युवाओं के लिए रोजगार सहित अनेक योजनाएं हैं, जिसके चलते युवा वर्ग पार्टी की नीतियों से सबसे ज्यादा प्रभावित है। उन्होंने कहा कि युवाओं, किसानों, मजदूरों, महिलाओं सहित हर वर्ग ने पार्टी की ओर से बाइक रैली निकालकर चलाए जा रहे अभियान में साथ दिया। बाइक रैली में मुख्य रूप से युवा जिला सचिव प्रदीप श्योरान, नरेंद्र उकलाना, कमल सोलंकी, रोशन दौलतपुर, रमेश वर्मा, रोशन राव, हरपाल पूनिया, कुलदीप, कपिल, अंकित, सुरेश व सुनील सहित अनेक युवा शामिल रहे और उन्होंने इसे सफल बनाया।

# विधानसभा चुनाव के लिए नामांकश्न की सभी तैयारियां पूरी: डा. वीरेन्द्र कुमार

**विधानसभा चुनाव**

**भारत निर्वाचन आयोग के निदेर्शानुसार पांच 5 से शुरू हो रही नामांकन प्रक्रिया**

**टीम एक्शन इंडिया/पानीपत, ( कमाल हुसैन )**

डीसी एवं जिला निर्वाचन अधिकारी डॉक्टर वीरेन्द्र कुमार दहिया ने बताया कि जिला प्रशासन द्वारा विधानसभा चुनाव में नामांकन दाखिल करवाने को लेकर सभी तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। नामांकन 5 सितंबर से किए जाएंगे। विधानसभा क्षेत्र पानीपत शहरी के नामांकन जिला सचिवालय स्थित डीसी कोर्ट कार्यालय मे लिए जाएगे और पानीपत ग्रामीण, समालखा, इसराना विधानसभा क्षेत्र के लिए संबधित एसडीएम कार्यालय परिसर में किए जाएंगे। नामांकन सुबह 11 बजे से शाम 3 बजे तक किए जा सकेंगे।

उपायुक्त ने बताया कि भारत निर्वाचन आयोग के निदेर्शानुसार जिला में विधानसभा चुनाव को पारदर्शी, निष्पक्ष एवं शांतिपूर्वक ढंग से संपन्न करवाने को लेकर सभी जरूरी तैयारियां कर ली गई हैं। भारत निर्वाचन आयोग के निदेर्शानुसार 5 सितंबर से नामांकन प्रक्रिया शुरू हो रही है। उन्होंने बताया कि नामांकन का समय सुबह 11 बजे से शाम तीन बजे तक का है। नामांकन पत्र 12 सितंबर तक दाखिल किए जाएंगे। उन्होंने बताया कि 13 सितंबर को नामांकन पत्रों की स्क्रूटनी होगी। 16 सितंबर को नामांकन वापिस लिए जा सकेंगे। 16 सितंबर को ही उम्मीदवारों को चुनाव चिन्ह अलॉट किए जाएंगे। विधानसभा चुनाव के लिए पांच अक्टूबर को मतदान होगा तथा आठ अक्टूबर को मतगणना होगी और मतगणना के साथ ही परिणाम घोषित कर दिया जाएगा। उन्होंने बताया कि विधानसभा चुनाव में प्रत्याशी के लिए खर्च की सीमा 40 लाख रुपए है यानि चुनाव में उम्मीदवार केवल 40 लाख रुपए ही खर्च कर सकता है।

### नामांकन के समय प्रत्याशी सहित जा सकते हैं 5 व्यक्ति

जिला निर्वाचन अधिकारी वीरेन्द्र दहिया ने बताया कि नामांकन दाखिल करने के दौरान आरओ रूम में एक प्रत्याशी सहित पांच व्यक्ति ही जा सकते हैं। इससे अधिक व्यक्ति अंदर प्रवेश नहीं कर सकते। इसके अलावा नामांकन परिसर के 100 मी. के दायरे में प्रत्याशी के लिए तीन व्हीकल की परमिशन रहेगी

### अलग-अलग टीमों का किया गया है गठन

जिला निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि जिला में विधानसभा चुनाव को निष्पक्ष एवं शांतिपूर्वक ढंग से संपन्न करवाने को लेकर अलग-अलग टीमों का गठन किया गया है, जिनमें एसएसटी, एफएसटी और फ्लाइंग स्केयड टीम आदि प्रमुख रूप से शामिल है। किसी भी प्रकार की आपराधिक गतिविधि को रोकने को लेकर पुलिस के माध्यम से जिला में जरूरी जगहों पर नाके लगाए जा रहे हैं, जहां पर वाहनों की तलाशी ली जा रही है। 50 हजार से अधिक रुपए या महंगे गिफ्ट आइटम मिलने पर उनके बारे में पूछताछ की जा रही है। सही जवाब नहीं दे पाने या संदिग्ध नजर आने पर नियमानुसार कार्रवाई की जा रही है।

# परिवार व समाज को अपनी सेवाएं प्रदान करें सेवानिवृत कर्मचारी: प्रो. काम्बोज

**टीम एक्शन इंडिया/हिसार**

चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय के फ्लैचर भवन के सभा कक्ष में सेवानिवृत अधिकारियों एवं कर्मचारियों के लिए सेवा सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में कुलपति प्रो. बी.आर. काम्बोज मुख्य अतिथि रहे। उन्होंने गत मार्च व अप्रैल माह के दौरान 35 सेवानिवृत हुए विश्वविद्यालय के कर्मचारियों को शॉल एवं स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया।



कुलपति प्रो. बी.आर. काम्बोज ने कहा कि कर्मचारियों द्वारा किए गए उल्लेखनीय कार्यों की बदौलत विश्वविद्यालय निरंतर महत्वपूर्ण उपलब्धियां अर्जित कर रहा है। यह अधिकारियों एवं कर्मचारियों के द्वारा किए गए उल्लेखनीय कार्यों का ही नतीजा है कि विश्वविद्यालय आज विश्व स्तर पर अपनी अलग पहचान बनाए हुए है। उन्होंने कहा कि विश्वविद्यालय सदैव सेवानिवृत कर्मचारियों का आभारी रहेगा। आपके द्वारा दिए गए योगदान का ऋण उतारा नहीं जा सकता। उन्होंने सेवानिवृत कर्मचारियों के उज्जवल भविष्य की कामना करते हुए उनकी सेवाओं की प्रशंसा की। प्रो. काम्बोज ने अधिकारियों से कहा कि जब कभी भी सेवानिवृत कर्मचारी विश्वविद्यालय में आए तो उन्हे उचित मान-सम्मान दिया जाए।

ACTION INDIA

# एक्शन इंडिया

RKB GROUP
Rakesh Bharadwaj Group

Front Page - 2

एक्शन इंडिया ▸ नई दिल्ली ▸ 05 सितंबर 2024 ▸ पृष्ठ 12 ▸ आरएनआई: DELHIN / 2006 / 19302

फास्ट न्यूज

## ब्याज समानीकरण योजना 30 सितंबर तक बढ़ाई

**नई दिल्ली: सरकार** ने सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम (एमएसएमई) के निर्यात को बढ़ावा देने के लिए ब्याज समानीकरण योजना को एक और महीने के लिए 30 सितंबर, 2024 तक बढ़ा दिया है। इस योजना का मकसद निर्यात को प्रोत्साहन देना है। विदेश व्यापार महानिदेशालय (डीजीएफटी) की ओर से जारी एक व्यापार अधिसूचना में कहा गया है कि व्यापार तथा उद्योग को सूचित किया जाता है कि निर्यातकों के लिए निर्यात से पहले और बाद में रुपये में लिये जाने वाले कर्ज पर ब्याज समानीकरण योजना की अवधि 30 सितंबर, 2024 तक बढ़ा दी गई है। अधिसूचना के मुताबिक निर्यातकों को ब्याज लाभ प्रदान करने वाली यह योजना 31 अगस्त, 2024 को समाप्त हो गई थी। जून में इस योजना को दो महीने के लिए बढ़ाया गया था। ये योजना केवल एमएसएमई विनिर्माण निर्यातकों के लिए है। उल्लेखनीय है कि निर्यातकों को निर्यात से पहले और बाद में रुपये में लिये जाने वाले कर्ज पर ब्याज समानीकरण योजना के तहत सब्सिडी मिलती है। केंद्रीय मंत्रिमंडल ने इससे पहले 8 दिसंबर, 2023 को इस योजना को 30 जून तक जारी रखने के लिए 2,500 करोड़ रुपये के अतिरिक्त आवंटन को अपनी मंजूरी दी थी।

## पेरिस पैरालिंपिक : भारत ने सर्वश्रेष्ठ पदक रिकॉर्ड बनाया,

नई दिल्ली: भारत ने मंगलवार को पेरिस में पैरालंपिक खेलों के एकल संस्करण में अपना सर्वश्रेष्ठ पदक रिकॉर्ड बना लिया है। पुरुषों की ऊंची कूद टी63 स्पर्धा में शरद कुमार के रजत और मरियप्पन थंगावेलु के कांस्य पदक ने देश के पदकों की संख्या को 20 तक पहुंचा दिया। भारत ने तीन साल पहले टोक्यो में 19 पदक जीते थे। भारत ने फ्रांस की राजधानी में अब तक तीन स्वर्ण, सात रजत और 10 कांस्य पदक जीते हैं। टोक्यो में, देश ने पांच स्वर्ण, आठ रजत और छह कांस्य पदक जीते थे। अवनि लेखरा और सुमित अंतिल ने क्रमश: महिलाओं की 10 मीटर एयर राइफल स्टैंडिंग एसएच1 और पुरुषों की भाला फेंक एफ64 स्पधार्ओं में अपने स्वर्ण पदक का बचाव किया, जबकि नितेश कुमार ने पैरा बैडमिंटन में पुरुष एकल एसएल3 वर्ग में स्वर्ण पदक जीता। शरद के अलावा, अजीत सिंह (पुरुष भाला फेंक), योगेश कथुनिया (पुरुष डिस्कस थ्रो ), थुलासिमथी मुरुगेसन (महिला एकल रव5 पैरा बैडमिंटन), मनीष नरवाल (पुरुष 10 मीटर एयर पिस्टल रल्1), निशाद कुमार (पुरुष ऊंची कूद ढ47) और सुहास यतिराज (पुरुष एकल एसएल4 पैरा बैडमिंटन) ने भी रजत पदक जीते हैं।

# बुलडोजर चलाने के लिए चाहिए बुलडोजर जैसी क्षमता: सीएम योगी

### मुख्यमंत्री योगी ने बिना नाम लिए विपक्षी नेताओं पर किया करारा हमला

**तंज कसा**

जिसमें बुलडोजर जैसी क्षमता और दृढ़ प्रतिज्ञा हो, वही बुलडोजर चला सकता है : सीएम योगी

**टीम एक्शन इंडिया**

**लखनऊ:** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने बुधवार को बिना नाम लिए ही इशारों-इशारों में राहुल गांधी और अखिलेश यादव पर करारा प्रहार किया। उन्होंने विपक्षी नेताओं को लताड़ लगाते हुए चुनौती दी कि बुलडोजर पर हर एक का हाथ फिट नहीं हो सकता। इसके लिए दिल और दिमाग दोनों चाहिए। उन्होंने कहा कि जिसमें बुलडोजर जैसी क्षमता और दृढ़ प्रतिज्ञा हो, वही बुलडोजर चला सकता है। दंगाइयों के सामने नाक रगड़ने वाले लोग बुलडोजर के सामने वैसे ही पस्त हो जाएंगे। सीएम योगी ने बुधवार को लोकभवन में आयोजित नियुक्ति पत्र वितरण कार्यक्रम में उत्तर प्रदेश अधीनस्थ सेवा चयन आयोग द्वारा निष्पक्ष एवं पारदर्शी भर्ती प्रक्रिया के अंतर्गत चयनित 1334 अवर अभियंता, संगणक एवं फोरमैन को नियुक्ति प्रत्र प्रदान कर रहे थे। इस दौरान उन्होंने कहा कि आज यहां नियुक्ति पाने वालों में हर जनपद का प्रतिनिधित्व दिखता है। न जाति का भेद, न क्षेत्र का। केवल प्रतिभा और आरक्षण के नियमों का पालन करते हुए प्रतिभाशाली युवाओं को नियुक्ति की प्रक्रिया से जोड़ा गया है। वहीं, पहले जनता ने जिन लोगों को अवसर दिया था उन्होंने अपनी अराजक और भ्रष्टाचारी गतिविधियों से पहचान का संकट खड़ा किया और फिर प्रदेश को दंगों की आग में झोंकने का काम किया था। पहले जाति-जाति को लड़ाया, फिर मत और मजहबों को आपस में लड़ाने का काम किया। उत्तर प्रदेश महीनों दंगों की आग में झुलसता रहा। आज ये लोग फिर से अपना रंग रोगन बदलकर नए रूप में प्रदेश की जनता को गुमराह करना चाहते हैं।



### भीख मांग कर दान नहीं दिया जाता: सीएम

**सीएम** योगी ने कहा कि प्रदेश में एक करोड़ परिवार तो ऐसे हैं जिनको 12000 सालाना पेंशन की सुविधा डबल इंजन की सरकार प्रदान कर रही है। यह सब तभी कर पा रहे हैं जब प्रदेश के पास पैसा है। भीख मांग के दान नहीं दिया जाता है। सीएम योगी ने कहा कि पहले प्रदेश में जब दंगे होते थे, अराजकता थी तो एयर कनेक्टिविटी जोड़ करके क्या करेंगे। हवाई जहाज से आएगा कौन। आज तो दो एयरपोर्ट से हम 9 एयरपोर्ट को क्रियाशील कर चुके हैं। 10 नए एयरपोर्ट पर कार्य चल रहे हैं। जो एयरपोर्ट चल रहे हैं इनमें से चार इंटरनेशनल एयरपोर्ट हैं। पांचवा भारत का सबसे बड़ा एयरपोर्ट भी हम उत्तर प्रदेश के जेवर में बना रहे हैं। आखिर यह काम लंबे समय तक प्रदेश में शासन करने वाली कांग्रेस, समाजवादी पार्टी या बहुजन समाजवादी पार्टी क्यों नहीं कर पाई। इंफ्रास्ट्रक्चर क्यों नहीं दे पाए।

ये तो बिजली देने में, सड़क देने में और नौकरी देने में भी भेदभाव करते थे। नौकरी के नाम पर वसूली करने वालों में कहीं चाचा तो कहीं भतीजे, महाभारत के सारे कैरेक्टर शामिल थे। इस अवसर पर उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य, जल शक्ति मंत्री स्वतंत्र देव सिंह मौजूद रहे।

**योग्यता और क्षमता के बाद भी बैरियर हटाने का काम करेंगे**

सीएम योगी ने कहा कि 2017 के पहले जो लोग प्रदेश में लूट खसोट मचाए थे, आज जब उनके सपनों पर पानी फिर चुका है तो अब टीपू भी सुल्तान बनने चले हैं। कई वर्ष पहले एक धारावाहिक आया था, मुंगेरीलाल के हसीन सपने। आज ये भी यही सपने देख रहे हैं। जब जनता ने इन्हें अवसर दिया था तब इन्होंने प्रदेश के युवाओं के भविष्य से खिलवाड़ करने में कोई कोर कसर नहीं छोड़ी थी। यहां के युवाओं के सामने, व्यापारियों के सामने, उद्यमियों के सामने पहचान का संकट खड़ा किया था। सीएम योगी ने प्रदेश के युवाओं को आश्वस्त किया कि यदि आपमें योग्यता और क्षमता है तो आपका सेलेक्शन जरूर होगा। इसके बाद भी यदि कोई बैरियर बनेगा तो उस बैरियर को हटाने का काम हम करेंगे। जो लोग फिर भी बेईमानी और भ्रष्टाचार फैलाएंगे उनकी संपत्ति को कुर्क करके गरीबों में वितरित करने का भी काम करेंगे।

### पहले वेतन के नहीं थे पैसे, आज रेवेन्यू सरप्लस स्टेट बना यूपी: योगी

**सीएम** योगी ने नव नियुक्त अभ्यर्थियों से कहा कि प्रदेश सरकार ने पारदर्शी तरीके से जो प्रक्रिया अपनाई है, आपसे भी उसी पारदर्शी प्रक्रिया की अपेक्षा रखते हैं। जनता से जुड़े हुए कोई भी कार्य में देर नहीं होनी चाहिए। हमें ईज ऑफ लिविंग के लक्ष्य को प्राप्त करना है। जब हम लोग आए थे तब ईज ऑफ डूइंग बिजनेस में प्रदेश 14वें नंबर पर था और आज हम अचीवर स्टेट हैं। हमने रिफॉर्म किए. प्रदेश को आगे बढ़ाया। परिणाम ये रहा कि प्रदेश में जहां कोई निवेश करने नहीं आता था, वहां 40 लाख करोड़ रुपए के निवेश के प्रस्ताव प्राप्त हुए हैं। इन निवेश प्रस्तावों का मतलब सीधे-सीधे डेढ़ करोड़ नौजवानों को नौकरी का है। इनसे नए रोजगार सृजित होंगे, परंपरागत उद्यम जो दंगों के कारण बंद हो रहा था, यह फिर से पुनर्जीवित हो गया है।



राज्यसभा के सभापति जगदीप धनखड़ ने संसद भवन में डॉ. अभिषेक मनु सिंघवी को सदस्य के रूप में शपथ दिलाई।

## अचानक बढ़ा नदी का जलस्तर, बहे दो युवक

**टीम एक्शन इंडिया**

**देहरादून:** राजधानी देहरादून के प्रेमनगर क्षेत्रांतर्गत कैरी गांव के पास नदी का जलस्तर अचानक बढ़ने से दो युवक बह गए। हालांकि एनडीआरएफ और एसडीआरएफ ने त्वरित कार्रवाई कर दोनों युवक को जान बचाई और सुरक्षित बाहर निकाला। दरअसल, डाकपत्थर एसडीआरएफ पोस्ट प्रभारी अपर उप निरीक्षक सुरेश तोमर को कंट्रोल रूम से कैरी गांव के पास नदी का जलस्तर बढ़ने से एक युवक के बहने की सूचना मिली। स्थिति की गंभीरता को देखते हुए एसडीआरएफ और एनडीआरएफ टीम तत्काल घटनास्थल पर पहुंची। रेस्क्यू टीम ने मौके पर देखा कि नदी में एक नहीं बल्कि दो युवक फंसे हुए हैं। टीम ने त्वरित और समन्वित प्रयास से दोनों युवकों को सुरक्षित नदी से बाहर निकाल लिया। मौत के मुंह में फंसे दोनों युवक नदी के तेज बहाव से सुरक्षित बाहर निकाले जाने पर राहत की सांस ली।

## बुलडोजर दिमाग से नहीं स्टेयरिंग से चलता है: अखिलेश

**टीम एक्शन इंडिया**

**लखनऊ:** सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव ने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के बयान पर जवाब देते हुए कहा कि बुलडोजर के पास दिमाग नहीं होता है वो स्टेयरिंग से चलता है। जनता कब स्टेयरिंग बदल दे कोई नहीं जानता है। उन्होंने तंज कसते हुए कहा कि दिल्ली वाले कब स्टेयरिंग बदल दें कोई नहीं जानता है। बता दें कि बुधवार को एक कार्यक्रम में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने बयान दिया था कि बुलडोजर पर हर एक का हाथ फिट नहीं हो सकता। इसके लिए दिल और दिमाग दोनों चाहिए। उन्होंने कहा कि जिसमें बुलडोजर जैसी क्षमता और दृढ़ प्रतिज्ञा हो, वही बुलडोजर चला सकता है। दंगाइयों के सामने नाक रगड़ने वाले लोग बुलडोजर के सामने वैसे ही पस्त हो जाएंगे। अखिलेश यादव बुधवार को मीडिया को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि कोर्ट ने जिस तरह



से बुलडोजर चलाया है उससे अब बुलडोजर नहीं चल सकता है। कोर्ट ने कहा है कि यह संवैधानिक नहीं है तो क्या वो अब माफी मांगेंगे। लखनऊ के होटल में आग लगी थी तब क्या बुलडोजर की चाबी खो गई थी। वहीं, अपने बयान कि सत्ता में आने पर बुलडोजर का रुख गोरखपुर की तरफ मोड़ देंगे... पर अखिलेश ने कहा कि इसमें गलत क्या है? जितनी भी गैर कानूनी इमारतें बनी हैं उन पर बुलडोजर क्यों नहीं चलाया जा रहा है? लखनऊ के होटल में आग लगी थी तब क्या बुलडोजर की चाबी खो गई थी।

## राजस्थान में भारी बारिश से रेलवे ट्रैक बहा

**टीम एक्शन इंडिया**

**जयपुर:** राजस्थान के जोधपुर और उदयपुर में बीते दो दिन से हो रही भारी बारिश से हालात बिगड़ने लगे हैं। जोधपुर-जैसलमेर रेलवे ट्रैक को भी तेज बरसात से नुकसान हुआ है। बुधवार सुबह से यहां दो ट्रेनें रद्द हुई हैं और एक ट्रेन को रास्ते में रोका गया है। वहीं, जोधपुर शहर में नदियों की तरह पानी बह रहा है। उदयपुर-अहमदाबाद नेशनल हाईवे पर भी बुधवार सुबह से लंबा जाम लगा हुआ है। जगह-जगह पानी भरने से वाहनों की कई किलोमीटर लंबी लाइन लग गई है। तीन दिन से हो रही लगातार बरसात के कारण बांसवाड़ा, डूंगरपुर,



धौलपुर, चित्तौड़गढ़ और उदयपुर में बड़े डैम के गेट खोले गए हैं। वहीं टोंक में भी भारी बरसात के कारण चाकल नदी उफान पर है। मंगलवार को नदी की रपट पर एक युवक बाइक सहित फंस गया। युवक को करीब 11 घंटे बाद बुधवार सुबह निकाला गया। आज भी राज्य के 31 जिलों में बारिश का अलर्ट है। मौसम विज्ञान केन्द्र जयपुर ने सात सितंबर तक राजस्थान में मानसून के सक्रिय रहने की संभावना जताई है।

दोबारा सक्रिय हुए मानसून के कारण उदयपुर में स्वरूपसागर और उदयसागर बांध से पानी छोड़ा जा रहा है। बांसवाड़ा में माही बजाज बांध भी फुल हो गया है।







## पिताजी हमेशा कहते थे-स्वाभिमान की जींदगी जीना: मुख्यमंत्री डॉ. यादव

**टीम एक्शन इंडिया**

**उज्जैन:** प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ.मोहन यादव के पिताजी का मंगलवार को निधन हो गया। बुधवार प्रातः स्वनिवास पर जब श्रद्धा सुमन अर्पित करने पहुंचे और चर्चा की तो डॉ.यादव ने पिताजी से जुड़े संस्मरण सुनाते हुए कहा- जब मैं विधायक का चुनाव जीतकर आया और पिताजी के पैर छुए तो उन्होंने कहा- जीत गए अच्छी बात है लेकिन स्वाभिमान की जींदगी जीना। कभी किसी के पैरों में मत



गिरना। अपने दम पर, कर्म के आधार पर आगे बढ़ना। स्वयं के द्वारा की गई मेहनत ही एक दिन रंग लाएगी और ऊंचाई तक पहुंचाएगी। जब मैं मुख्यमंत्री बना और आशीर्वाद लेने उज्जैन आया तो घर पर चरण स्पर्श करते समय पिताजी ने कहा- अच्छा काम करना, लोगों का भला करना।

**संस्मरण**

पिताजी के पैर छुए तो उन्होंने कहा- जीत गए अच्छी बात है लेकिन स्वाभीमान की जींदगी जीना

## लक्सर में गौमांस बरामदगी, तस्कर काबू

**हरिद्वार:** लक्सर कोतवाली क्षेत्र में गौमांस की सूचना पर कार्रवाई करने के लिए पहुंची पुलिस के आने की आहट सुनकर आरोपित तस्कर फरार हो गए। पुलिस ने मौके से 80 किलो गौमांस और एक बिना नंबर की बाइक बरामद की है।

लक्सर कोतवाली पुलिस को मुखबिर से सूचना मिली थी कि इलाके में गौमांस की सप्लाई की जा रही है। सूचना के आधार पर पुलिस मौके पर पहुंची, लेकिन तस्कर पुलिस को देखकर भागने में सफल रहे।

**आभार** अभ्यर्थियों ने पारदर्शी भर्ती प्रक्रिया द्वारा चयन के लिए मुख्यमंत्री का जताया आभार

## चयनित युवाओं ने एक सुर में कहा, धन्यवाद योगी जी

**टीम एक्शन इंडिया**

**लखनऊ:** लोकभवन सभागार में बुधवार को नियुक्ति पत्र पाने वाले अभ्यर्थियों ने एक सुर में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को धन्यवाद कहा। उन्होंने कहा कि सीएम योगी के प्रयासों से हम युवाओं को कड़ी मेहनत का फल प्राप्त हुआ है। चयनित अभ्यर्थियों ने मुख्यमंत्री के मार्गदर्शन में पारदर्शी एवं निष्पक्ष भर्ती प्रक्रिया को संपन्न कराने के लिए उनका आभार जताया। अभ्यर्थियों ने 2017 से पहले और 2017 के बाद भर्ती प्रक्रिया में आए बदलाव के अपने अनुभव भी साझा किए। उन्होंने बताया कि 2017 से पहले जहां भाई भतीजावाद और भेदभाव होता था,



भ्रष्टाचार और लूट होती थी, वहीं 2017 के बाद भर्तियों में पूरी पारदर्शिता और शुचिता का ध्यान रखा जा रहा है।

**पूरा हुआ परिवार का सपना :** आवास एवं विकास परिषद में सिविल अभियंता के पद पर चयनित हुईं कानपुर की रुकसाना बानो ने मुख्यमंत्री का आभार जताते हुए कहा कि अल्पसंख्यक समुदाय से आने के बावजूद भर्ती प्रक्रिया में किसी तरह का भेदभाव नहीं हुआ। उन्होंने कहा कि हमारा चयन न धर्म के आधार पर हुआ है औ न जाति के आधार पर है। हमारी कड़ी मेहनत और ईमानदारी का फल इस सरकार ने हमें दिया है। इस सरकार में यदि आप योग्य हैं और आपमें क्षमता है तो सरकारी नौकरी पाना मुश्किल बात नहीं है।

**ग्रामीण क्षेत्र के लोग भी पा सकते हैं सरकारी नौकरी :** ग्रामीण अभियंत्रण विभाग में अवर अभियंता सिविल के पद पर नियुक्त हुए विष्णु दत्त त्रिपाठी मानते हैं कि ये सरकार की बहुत बड़ी सफलता है कि ग्रामीण क्षेत्र से जुड़ा हुआ व्यक्ति भी आज कड़ी मेहनत के दम पर पारदर्शी तरीके से चयनित होकर सरकारी नौकरी पा रहा है। ग्रामीण क्षेत्र से आता हूं और आज सरकार के पारदर्शी नियुक्ति प्रक्रिया की वजह से मुझे सरकारी नौकरी मिल पाई है। इसके लिए मुख्यमंत्री जी को दिल से धन्यवाद देता हूं।